राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 लीडर के तौर पर प्लेयर्स का भरोसा...

अमेरिका की पहल पर इजरायल... 12

वर्ष : 14 | अंक : 269 | नई दिल्ली, रविवार, 11 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 18°C
न्यूनतम तापमान 15°C

**बाजार**

सोना 64,530

चांदी 79,700

सेंसेक्स 71,595

निफ्टी 21,782

## अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना का प्रत्यक्ष प्रतीक, राम मंदिर पर लोकसभा का संकल्प

प्रात : किरण एजेंसी



नई दिल्ली। राम मंदिर के ऐतिहासिक निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर लोकसभा में हुई चर्चा के बाद राम मंदिर से जुड़ा संकल्प सदन में पेश करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना का प्रत्यक्ष प्रतीक है। बिरला ने सदन में राम मंदिर को लेकर संकल्प पढ़ते हुए कहा कि,₹ हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान राम से जुड़े इस पावन अवसर पर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने में अतुलनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने श्री रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के लिए पूरे समर्पित भाव से कठिन यम-नियमों का पालन किया। इस दौरान वे नासिक से लेपाक्षी और त्रिप्रयार से लेकर रामेश्वरम तक प्रभु श्रीराम से जुड़े महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों पर भी गए और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस यात्रा ने देशवासियों को एक बार फिर विविधता में एकता की अपनी शक्ति का अनुभव कराया है, और इससे एक अद्भुत, आध्यात्मिक चेतना की जागृति समग्र जनमानस में हुई है। प्रस्ताव में कहा गया है, प्राचीन पावन नगरी अयोध्या में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली पर उनके भव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। हम सभी सांसद पूरी एकता, श्रद्धा और भक्तिभाव से इस अवसर पर देशवासियों के उल्लास और उमंग में शामिल हैं, साथ ही इस प्रस्ताव के जरिए इसकी सराहना करते हैं। देश की विकास यात्रा में ये एक अविस्मरणीय क्षण है, जो भारत के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति के कण-कण में प्रभु श्री राम, माता सीता और रामायण रचे-बसे हैं। हमारे लोकतांत्रिक मूल्य और सभी के लिए न्याय को समर्पित हमारा संविधान, रामराज्य के आदर्शों से प्रेरित रहा है।

रामराज्य का आदर्श पूज्य बापू के भी हृदय में बसा था। ये हमारा परम सौभाग्य है कि हम सभी अयोध्या के मनोहारी मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं। अयोध्या में बन रहा प्रभु श्री राम का मंदिर सिर्फ पत्थरों का ढांचा भर नहीं है, बल्कि आस्था और भक्ति के अनंत भावों से परिपूर्ण है।

22 जनवरी, 2024 पूरे भारतवर्ष के लिए एक ऐसी तिथि है, जिसने देश के कोने-कोने को अद्भु त आनंद और उत्साह से भर दिया। दुनियाभर की अलग-अलग संस्कृतियों में भी राम मंदिर की खूब चर्चा रही। हर ओर आस्था का सागर उमड़ता दिखा। यह एक राष्ट्रीय पर्व का दिन बन गया है, जिसको लेकर युग-युगांतर तक हमारी पीढ़ियां अभिभूत होती रहेंगी। संकल्प को पढ़ते हुए बिरला ने आगे कहा, 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी ने बहुत विस्तार से देश की इस आध्यात्मिक चेतना के जागृत होने की बात कही है। इस अवसर ने ये भी सिद्ध किया है कि एक राष्ट्र के रूप में हमारी चेतना निरंतर सशक्त हो रही है। समाज के हर वर्ग ने पूरी एकता और सद्भावना का परिचय देते हुए प्रभु श्रीराम का हृदय से स्वागत किया है। अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना का प्रत्यक्ष प्रतीक है। इस अवसर ने ये भी दिखाया है कि समाज में समरसता बढ़ाने में हमारे सामूहिक प्रयासों का कितना बड़ा योगदान है।इस पल के साकार होने में हमारी न्यायपालिका और समाज के एक बड़े हिस्से की भूमिका भी उतनी ही अहम रही है। जनमानस का हमारे कानून और लोकतंत्र पर विश्वास, ये दिखाता है कि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव कितनी सशक्त और गहरी है। जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया, तब प्रधानमंत्री के वक्तव्य ने समग्र देश में जय-पराजय की भावना की जगह शांति बनाए रखने की अद्भु त प्रेरणा समाज को दी। कोर्ट के आदेश पर चलते हुए सरकार ने तुरंत ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया। इससे मंदिर निर्माण का कार्य तेज गति से चला और 4 वर्ष में ही प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन को धकेलकर यात्री को मौत के मुंह से निकाला

मुंबई। मुंबई वालों ने एक बार फिर अपनी जिंदादिली दिखाई है। इस बार उन्होंने एक यात्री की जान बचाने के लिए पूरी ट्रेन को ही धकेल दिया है। इसका वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है। खबर के मुताबिक, मुंबई के वाशी स्टेशन पर बुधवार को तब अफरा तफरी मच गई थी, जब एक यात्री लोकल ट्रेन के नीचे आकर पहियों के बीच फंस गया। ट्रेन के नीचे फंसे एक साथी यात्री को बचाने के लिए लोग तुरंत एकजुट हो गए और पहले तो ट्रेन के आगे बढ़ने से रुकवाया फिर सब लोगों ने कोच को धक्का देकर ट्रेन के नीचे फंसी यात्री को बाहर निकाल लिया। दिल जीत लेने वाली यह घटना तब वायरल हो गई, जब एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसका वीडियो पोस्ट किया। 41 सेकंड की क्लिप में यात्रियों को ट्रेन के मोटरमैन केबिन के आसपास इकट्ठा होते देखा जा सकता है, जबकि अन्य लोगों को भरी ट्रेन कोच को दूसरी तरफ धकेलते हुए नीचे फंसे व्यक्ति को बचाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो पोस्ट करने वाले यूजर ने दावा किया है कि वह खुद इस घटना का चश्मदीद रहा है।

### एक्शन में धामी सरकार, दिए गये मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

नई दिल्ली। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा की घटना, आगजनी और उपद्रव को लेकर सरकार की तरफ से मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उत्तराखंड के नैनीताल जनपद के अंतर्गत पड़ने वाले हल्द्वानी शहर के बनभूलपुरा में 8 जनवरी को जमकर उपद्रव मचा। इसमें कई गाड़ियों को उपद्रवियों ने फूंक दिया। पुलिस पर जमकर पत्थर बरसाए गए। पुलिस के कई जवान इस घटना में घायल हो गए। इस घटना में 5 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। साथ ही इस हिंसक घटना में 300 से ज्यादा लोगों को चोटें आई हैं। शहर में इंटरनेट पर रोक है। बनभूलपुरा में हुई हिंसक घटना के बाद अब पुलिस ने उपद्रवियों और दंगाइयों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने अभी तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में 19 को नामजद किया है और 5,000 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। उत्तराखंड सरकार इस मामले को लेकर सख्त नजर आ रही है। सरकार की तरफ से इस घटना की उच्चस्तरीय मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। उत्तराखंड शासन की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसको लेकर कुमायूं मंडल नैनीताल के आयुक्त को निर्देशित किया है। आदेश में कहा गया है कि बनभूलपुरा में हुई हिंसक घटना को लेकर मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया जा रहा है। इस घटना की निष्पक्ष मजिस्ट्रेट जांच कराकर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट शासन को सौंपी जाए।

### ईपीएफओ ने कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25% ब्याज दर तय की

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ ने मार्च 2023 में 2022-23 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत कर दिया था जो 2021-22 में 8.10 प्रतिशत थी। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। एक सूत्र ने कहा, ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने शनिवार को अपनी बैठक में 2023-24 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान करने का निर्णय लिया है।

## '5 साल रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का रहा' : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में कई बड़े फैसले हुए। यह पांच साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के थे। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में 5 वर्ष देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी सबने अपने सामर्थ्य से देश को उचित दिशा देने का प्रयास किया। पीएम मोदी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की तारीफ करते हुए कहा, हर पल आपका चेहरा हमेशा मुस्कान से भरा रहता है, चाहे कुछ भी हो जाए उस मुस्कान में कमी नहीं आई। उन्होंने कहा, संसद का नया भवन हो इसकी चर्चा सदन में होती थी, लेकिन इस पर निर्णय नहीं होता था। सभापति महोदय आपके नेतृत्व में इस पर विचार और निर्णय हुआ। इसके बाद अब देश को नया संसद भवन मिला है। पीएम मोदी ने कहा, मैं माननीय सांसदों का भी इस बात के लिए आभार व्यक्त करता हूं कि संकट काल में देश की आवश्यकताओं को देखते हुए सांसद निधि छोड़ने का प्रस्ताव जब मैंने माननीय सांसदों के सामने रखा, तो एक पल के विलंब के बिना सभी सांसदों ने इस प्रस्ताव को मान लिया।



### संसद में पक्ष-विपक्ष ने राम नाम के तीर से परस्पर साधा निशाना

नई दिल्ली। सत्रहवीं लोकसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों ने राम के नाम पर आज जमकर राजनीति करते हुए एक दूसरे पर निशाना साधा और कहा कि राम का नाम ही सत्य एवं सनातन है तथा उसमें ही लोक कल्याण समाहित है। लोकसभा में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने नियम 193 के तहत 'राम मंदिर का निर्माण एव श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर आयोजित चर्चा में हिस्सा लेते हुए शनिवार को कहा कि राम सर्वत्र है, राम सबके हैं राम हमारे पूर्वज हैं, राम घाट घाट वासी हैं, राम रोम रोम वासी हैं, राम संप्रदायिक नहीं है, राम सत्य, सनातन और शाश्वत है। उन्होंने कांग्रेस पर राम को नकराने का आरोप लगाया और कहा कि 2007 में राम सेतु को लेकर जब मामला कोर्ट में चला था तो कांग्रेस ने न्यायालय में राम के अस्तित्व को ही खारिज कर दिया था।

## यह श्वेत पत्र नहीं, काली सच्चाईयों को छिपाने वाला पत्र है: कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में मोदी सरकार के श्वेत पत्र को काली सच्चाईयों को छिपाने वाला पत्र करार देते हुए आज कहा कि इसके जरिए लोगों का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाल स्थिति से भटकाया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी श्वेत पत्र को खारिज करते हुए इसके विरोध में सदन से बहिर्गमन किया। कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार (संप्रग) के समय की आर्थिक स्थिति पर लाये गये श्वेत पत्र पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि यह श्वेत पत्र नहीं बल्कि मोदी सरकार की आर्थिक नाकामियों को छिपाने का पत्र है। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि मोदी सरकार ने जब सत्ता संभाली तो सकल घरेलू उत्पाद दर सबसे अधिक थी लेकिन सरकार कह रही है कि उसे विरासत में खस्ता अर्थव्यवस्था मिली थी। उन्होंने कहा कि यह श्वेत पत्र केवल संप्रग की आलोचना के लिए लाया गया है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि चुप रह कर काम करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का कार्यकाल देश में स्वर्णिम काल था लेकिन नरेन्द्र मोदी केवल शोर मचाकर अपने शासन को स्वर्णिम काल बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी देश में 20 से 24 प्रतिशत की उम्र के 44 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि यह श्वेत पत्र ऐसी सरकार के खिलाफ लाया गया है जो शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, खादय अधिकार और मनरेगा जैसी योजनाएं लेकर आयी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संप्रग पर कैग की रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है लेकिन मोदी सरकार अपने समय की कैग रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होने दे रही है और सच्चाई को छिपा रही है। उन्होंने कहा कि देश का युवा और किसान निराश हैं और वे संसद की ओर कूच कर रहे हैं जबकि सरकाार महंगाई और बेरोजगारी से ध्यान भटकाने में लगी है। सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध पर श्वेत पत्र क्यों नहीं ला रही। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि नोटबंदी के बारे में श्वेत पत्र में कुछ नहीं कहा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि काला धन वापस आयेगा लेकिन काले धन से संबंधित कोई आंकडा इसमें नहीं दिया गया है। नोटबंदी के प्रभाव का भी इसमें कोई जिक्र नहीं किया गया है। बेरोजगारी की दर के बारे में भी इसमें कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार में आठ वर्ष के बाद बेरोजगारी की दर 5.6 प्रतिशत थी अब 2022 में यह 8 प्रतिशत पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि संप्रग ने 27 प्रतिशत लोगों को गरीबी से बाहर निकाला । उन्होंने कहा कि संप्रग के समय में कहा जाता था कि रूपया वेंटीलेटर पर है लेकिन अब रूपया कहां है कोई नहीं बता रहा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी पर कहा कि अब वह नई गारंटी दे रहे हैं लेकिन यह नहीं बता रहे कि पुरानी गारंटी का क्या हुआ। उन्होंने कहा, ह्यद्यदो करोड़ नौकरी हर वर्ष, सौ दिन में काला धन वापस आयेगा क्या हुआ, हर खाते में 15 लाख रुपए आयेंगे, किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी इन गारंटियों का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य क्षेत्र में खर्च नहीं हो रहा और यह इस बात से पता चल रहा है कि वाजपेयी सरकार में जीवन प्रत्याशा 64 वर्ष थी जो संप्रग में बढकर 69 हुई लेकिन अब कम होकर 67 वर्ष पर आ गयी।

## मौलाना तौकीर ने किया जेल भरो आंदोलन का ऐलान

प्रात : किरण/एजेंसी



बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली शहर में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने जेल भरो आंदोलन का ऐलान कर दिया है। इसके बाद लोगों का बड़ा हुजूम सड़कों पर उतर आया और प्रदर्शन करने लगा। इसे देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। जानकारी अनुसार शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद आईएमसी यानी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया। मौलाना ने सामूहिक रूप से गिरफ्तारी देने की बात कही, जिसके बाद हजारों लोगों का हुजूम सड़कों पर उतर आया।

सड़कों पर उतरे लोगों का प्रदर्शन देख पुलिस हरकत में आई और प्रशासन ने शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। देखते ही देखते पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया और ड्रोन से निगरानी की जाने लगी। बरेली में शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के बाद मौलाना तौकीर ने अपने तेवर में तल्खी लाते हुए प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जुल्म और ज्यादती की हद हो गई है। हमें अभी तक बहुत छेड़ा गया है, लेकिन अब छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। इस दौरान उन्होंने देश में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पर पाबंदी लगाए जाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि यदि हुकूमत ही दंगा-फसाद कराना चाहती है तो हम उसके लिए भी तैयार हैं। दरअसल मौलाना तौकीर बिहारीपुर करोलान स्थित संगठन के एक पदाधिकारी के निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रही थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि विरोध प्रदर्शन में जुड़ने के लिए बाहर से आ रहे उनके समर्थकों को जगह-जगह रोका गया है।

## जयंत को बोलने से रोका गया, मुझे पद त्याग का विचार आया : धनखड़

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। जब राज्यसभा में शनिवार को जयंत चौधरी बोलने के लिए खड़े हुए तो प्रतिपक्ष के कुछ नेताओं ने अपनी आपत्ति जताई। जयंत चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के विषय पर अपनी बात रख रहे थे। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इस पर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मेरे मन में एक विचार पद त्याग का भी आया। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में बहुत कठिन पल आए हैं, मैंने अपने जवान बेटे को खोया, लेकिन आज की पीड़ा... जब जयंत चौधरी बोल रहे थे, जयराम रमेश क्या कह रहे थे। मैंने सुना 'जहां जाना है, जाओ।' श्मशान घाट पर उत्सव नहीं मनाया जाता है। यह हरकत नजरअंदाज नहीं कर सकते। चौधरी चरण सिंह किसी परिवार तक सीमित नहीं हैं। राज्यसभा के सभापति ने कहा, ₹जगदीप धनखड़ के साथ कुछ भी कीजिए यह आपका विवेक है, लेकिन मैं इस आसन पर बैठा हूं। आसन को चुनौती देना किसी को शोभा नहीं देता। खासतौर पर प्रतिपक्ष के नेताओं को। मैं आप सबसे माफी मांगता हूं कि मैं सदन की इस गिरावट को रोक नहीं पाया, कोई अंकुश नहीं लग पाया। दरअसल, आरएलडी नेता व राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी, अपने दादा व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के मुद्दे पर शनिवार को राज्यसभा में भाषण देने के लिए खड़े हुए। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से आपत्ति जताई गई। बाद में जयंत ने कहा कि वह इससे असहज हो गए थे। उन्होंने कहा कि भारत रत्न को बौना क्यों किया जा रहा है। ये चुनाव से संबंधित नहीं है। यहां एक सांसद के अधिकारों का हनन हुआ। जयंत ने कहा कि सदन में राज्यसभा चेयरमैन ने मेरे अधिकार की रक्षा की।

### कांग्रेस ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए विह्प किया जारी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अपने लोकसभा सदस्यों को विह्प जारी कर कहा है कि वे शनिवार को सदन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। मौजूदा बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवार को संसद के दोनों सदनों में अयोध्या में राम मंदिर के ह्यऐतिहासिकह्ण निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर अल्पकालिक चर्चा की जाएगी। लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी दोनों सदनों की शनिवार की संशोधित कार्यसूची में यह जानकारी दी गई।

## राजग को 400 से अधिक सीट पर होगी जीत: शाह

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 370 सीट एवं उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 400 से अधिक सीट मिलेंगी और केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कोई संशय नहीं है और यहां तक कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों को भी एहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा। उन्होंने ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2024 में कहा, हमने (पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के) अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया है, इसलिए हमें भरोसा है कि देश की जनता भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट पर जीत दिलाकर अपना आशीर्वाद देगी। जयंत चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल, शिरोमणि अकाली दल और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के राजग में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने सत्तारूढ़ गठबंधन में और दलों के शामिल होने का संकेत दिया और कहा कि भाजपा परिवार नियोजन में विश्वास करती है लेकिन राजनीति में इसे नहीं अपनाती। शाह ने कहा कि 2024 का चुनाव राजग और विपक्षी गठबंधन इंडिया के बीच नहीं, बल्कि विकास और महज नारे देने वालों के बीच का चुनाव होगा।

### आधुनिक कृषि यंत्रों से किसानों को मिलेगा लाभ

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला में देष के प्रमुख कृषि यंत्र निमाताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की तथा उनसे कृषि यंत्रों के उपयोग के संबंध में बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री कें प्रधान सचिव दीपक कुमार,मुख्य सचिवआमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, कृषि निदेशक आलोक रंजन घोष, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अषोक, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**यात्रा** | **जो यात्रा 20 मार्च को पूरी होनी थी, अब वह 10 दिन पहले ही पूरी हो सकती है**

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लक्ष्य को समय से पहले पूरा करने में सफल हो रहे राहुल गांधी

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है ऐसे में उनके लिए एक एक दिन काफी महत्वपूर्ण है। शायद यही कारण है कि जो यात्रा 20 मार्च को पूरी होनी थी, अब वह 10 दिन पहले ही पूरी हो सकती है। इसका मतलब यह नहीं है कि यात्रा आधी अधूरी होगी। मतलब ये है कि राहुल गांधी 70 के बजाय 100 किलोमीटर की यात्रा रोज पूरी कर ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी 11 के बजाय 6 से 7 दिन में ही यात्रा पूरी कर ली जाएगी। फिलहाल यात्रा से कुछ समय का ब्रेक लेकर राहुल दिल्ली आए हुए हैं। कांग्रेस ने अनुमान लगाया था कि राहुल बस, कार, नौका के अलावा पैदल 70 किलोमीटर की यात्रा रोजाना करेंगे। लेकिन वह लगभग 100 किलोमीटर रोज तय कर ले रहे हैं। राहुल की तेजी के चलते ही यात्रा जल्दी पूरी हो रही है। साथ ही कांग्रेस भी चाहती है कि लोकसभा चुनाव के पहले यह यात्रा जल्दी खत्म हो और राहुल संगठन के फैसलों, टिकट बंटवारों, गठबन्धन की बातचीत के साथ चुनावी कैम्पेन में जुटें। इसके अलावा चुनाव की अधिसूचना भी जल्दी जारी होने वाली है. इसलिए राहुल की यात्रा 10 मार्च को ही मुम्बई में खत्म हो जाएगी। राहुल की यात्रा जल्दी खत्म हो रही है इसलिए 25 फरवरी के बजाय इंडिया गठजोड़ के बचे नेताओं की जॉइंट रैली अब 10 मार्च के करीब तय की जा रही है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जो यात्रा 20 मार्च को पूरी होनी थी, अब वह 10 दिन पहले ही पूरी हो सकती है। आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए यात्रा में बदलाव किए जाने की बात कही जा रही है। अभी यह यात्रा ओडिशा पहुंची है। राहुल गांधी यात्रा से कुछ समय का ब्रेक लेकर दिल्ली आ गए हैं। जानकारी मिली है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगामी 16 फरवरी को चंदौली के रास्ते उत्तर प्रदेश में दाखिल होगी। यह यात्रा उत्तर प्रदेश में करीब 11 दिन तक चलनी थी। 20 जिलों को राहुल ने कवर करना था। लेकिन बताया जा रहा है कि अब यूपी में राहुल की यात्रा 11 नहीं बल्कि 6 से 7 दिन की ही होगी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी रायबरेली में इस यात्रा में शामिल होंगे। बता दें, राहुल की यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी।

## आप संयोजक केजरीवाल का ऐलान

प्रात : किरण/एजेंसी



चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार पंजाब के दौरे पर हैं। राज्य में अपने दौरे के दौरान दिल्ली के सीएम, मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अलग-अलग सरकारी योजनाओं की शुरूआत कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के दोनों मुख्यमंत्री मतदाताओं से वोट के रूप में आशीर्वाद भी मांग रहे हैं। इस बीच उन्होंने यह भी ऐलान कर दिया है की राज्य की सभी सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी। शनिवार को पंजाब के खन्ना में भाषण के दौरान अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया कि की आम आदमी पार्टी अगले 15 दिनों में पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक लोकसभा सीट मिलाकर 14 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर देगी। 15 दिनों में होगा उम्मीदवारों का ऐलानः अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज से 2 साल पहले आपने हमें बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था और पंजाब में 117 में से 92 सीट जिताई थी। आज आपसे हाथ जोडकर एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। 2 महीने बाद लोकसभा के चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में 13 सीट हैं और एक सीट चंडीगढ़ में है। आने वाले 15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 45 लाख की लागत से बनेगा विद्यालय का भवन

**श्रीनगर, एजेंसी।** 42 लाख की लागत से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंनानाली श्रीकोट के नए भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि भी शिक्षा विभाग को मिल चुकी है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगानाली श्रीकोट में 60 बच्चे पढ़ते हैं, जिसके जूनियर सेक्शन में 35 छात्र-छात्राएं व सीनियर सेक्शन में 25 छात्र-छात्राएं हैं। जूनियर सेक्शन का भवन क्षतिग्रस्त है। छत की सरिया दिख रही है। कई जगह दीवारों पर दरारें पड़ी हैं। दीवारों का प्लास्टर भी निकल चुका है। बीईओ अश्विनी कुमार का कहना है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट गंगानाली में जूनियर सेक्शन का भवन खस्ताहाल था, जिसके लिए 45 लाख स्वीकृत हो गए हैं।

### छात्राओं को दी यौन स्वास्थ्य की जानकारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सेतु फाउंडेशन और सेवा टीएचडीसी की ओर से किशोरी प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल में दो दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 300 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बृहस्पतिवार को कार्यशाला की शुरूआत सेवा टीएचडीसी की तकनीकी निदेशक शिखा गुप्ता ने रिबन काटकर की। निदेशक श्याम प्रकाश ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दी। प्रथम सत्र में राजगोपालन अय्यर की ओर से छात्राओं को कॅरिअर परामर्श दिए गए। संजय सिलस्वाल की ओर से परीक्षा और कॅरिअर से संबंधित दबाव से उभरने के टिप्स दिए गए। दूसरे सत्र में उपनिरीक्षक आरती कलूरा की ओर से प्रतिभागियों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर क्राइम और उससे निपटने के संबंध जानकारी दी गई। डॉ. रजनी सिंह की ओर से किशोरियों को प्रजनन व यौन स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को सैनेटरी पैड भी वितरित किए गए।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने भाजपा के भ्रष्ट नेताओं पर की कार्रवाई की मांग

**कोटद्वार, एजेंसी।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्ट नेताओं पर कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि सभी पार्टी के भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे देश में रामराज की कल्पना साकार हो सकती है। अपर कालाबड़ स्थित कार्यालय में पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोदी सरकार के भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की कार्रवाई का स्वागत किया गया। कहा कि नरेंद्र मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। देश की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक प्रगति की ओर आगे बढ़ा है। मोदी सरकार अपने मजबूत इरादे के बल पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है लेकिन, भारतीय जनता पार्टी में कुछ ऐसे नेता हैं, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। देश में अगर सचमुच रामराज लाना है तो भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं पर कार्रवाई होनी जरूरी है, जिससे देश में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सही संदेश दिया जा सके। इस मौके पर सीपी डोबरियाल, अनूप सिंह बिष्ट, बलवान सिंह रावत, संजय असवाल, विनोद चंद्र ध्यानी, देवेंद्र सिंह नेगी, सीपी धूलिया, पुष्कर सिंह रावत मौजूद रहे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**काशीपुर, एजेंसी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चैती चौराहे पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने पीएम मोदी के लिए उनकी जाति पर अनावश्यक बयान देकर उनकी जाति और पूरे देश को गुमराह करने की कोशिश की है। कहा कि उनकी जाति गुजरात में वर्ष 1994 से ओबीसी वर्ग में आती है। कहा राहुल भारत के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। पुतला फूंकने वालों में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सैनी एडवोकेट, प्रदेश संयोजक दुर्गेश गुप्ता, अर्जुन सिंह, अशोक कुमार सैनी, अजय पाल, उदय राज, धीरज वर्मा, धीमान सैनी, विजय चौधरी, रजत पाल आदि रहे।

# बेबस लोग पैदल चलने को हुए मजबूर, नहीं मिले साधन; मुसाफिरों ने कई किलोमीटर पैदल तय किया सफर

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
हल्द्वानी शहर में हिंसा के बाद लोगों को काफी परेशानी हो रही है। हिंसा के बाद बेबस लोग पैदल चलने को मजबूर हुए। उन्हें साधन नहीं मिले। घर जाने के लिए कई किलोमीटर पैदल सफर तय किया।

दिल्ली, देहरादून सहित अन्य शहरों से पहाड़ के लिए आ रहे लोग दिनभर वाहनों की तलाश में पैदल भटकते रहे। दोपहर बाद वाहन नहीं मिलने से लोग परेशान भी रहे। कुछ लोगों को मनमाने किराये पर ले जाने के लिए डग्गामार वाहन चालक तैयार हुए।

शहर में बवाल के बाद कर्फ्यू लगने के बावजूद दिल्ली, देहरादून, रुद्रपुर आदि शहरों से हल्द्वानी के लिए बसें आती रहीं। मगर इन बसों को टीपीनगर तिराहे से मंडी रोड पर भेज दिया गया। मंडी गेट से आगे बसों के जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी। इस कारण लोगों को यहां से पैदल ही रोडवेज बस अड्डे और टैक्सी की खोज में शहर का रुख करना पड़ा।

दिल्ली से अपने बेटे के साथ अल्मोड़ा जाने को पहुंचे नंदकिशोर ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी। अगर पता होता कि गाड़ियां नहीं चलेंगी तो आते ही नहीं। बताया कि एक किलोमीटर से अधिक दूरी से पैदल सामान लेकर आ रहे हैं, अब गाड़ी मिल जाए तो किसी तरह घर पहुंच जाएंगे।

वहीं अल्मोड़ा अपने घर जा रहे प्रमोद सिंह (21) ने बताया कि घर में जरूरी काम के लिए आज ही पहुंचना है। इसलिए एक घंटे से गाड़ी ढूंढ रहे हैं लेकिन यहां कोई साधन नहीं है। नैनीताल जाने के लिए बस को खोज रही तान्या और श्रुति ने बताया कि कोई साधन ही नहीं मिल रहा है।

परेशान युवतियां मीडियाकर्मियों से ही मदद मांगने लगी। वहीं शाम को पहाड़ से एक केमू बस के पहुंचने पर उसे तिकोनिया पर रोक दिया गया। बस से सामान लेकर पैदल जा रही महिलाओं ने बताया कि उन्हें कठघरिया जाना है लेकिन ऑटो नहीं मिल रहा है।

दोपहर करीब एक बजे तीन महिलाएं पैदल बरेली रोड पर जा रही थी। तब सिंधी चौराहे पर पुलिसकर्मियों ने उनको रोककर पूछा तो दो महिलाओं ने बताया कि वह अस्पताल से आ रही हैं और गौलापार जाना है, इसलिए तीनपानी की ओर जा रही हैं।

इस पर पुलिसकर्मियों ने रास्ता बंद होने की बात कहते हुए उनको रामपुर रोड से घूमकर जाने को कह दिया। वहीं बरेली रोड पर रहने वाली तीसरी महिला को भी रामपुर रोड से जाने को कहा जबकि उनका घर सिंधी चौराहे से कुछ ही दूरी पर था।



हल्द्वानी शहर में कर्फ्यू के बीच शुक्रवार को हल्द्वानी से रोडवेज की करीब 45 बसें पहाड़ और दिल्ली रूट पर भेजी गईं। मगर इनमें सवारी नाममात्र की मिलीं, जिससे बसों के तेल का भी खर्च नहीं निकल सका। हल्द्वानी बस अड्डे से शुक्रवार सुबह से दोपहर तक बसों का संचालन हुआ। इस दौरान एक बस टनकपुर भेजी गई, जो काठगोदाम से गौलापार होते हुए चोरगलिया के रास्ते गई और उसी रास्ते वापस आयी। परिचालक ने बताया कि जाते समय बस में छह सवारियां थीं, लेकिन वापसी में बस खाली आई। हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जाने वाली अधिकतर रूट की बसों को रोडवेज ने संचालित किया। दिल्ली, देहरादून, मुरादाबाद के लिए भी बसें भेजी गईं। मगर दिल्ली से पहाड़ जाने वाली बसों को बस अड्डे की ओर नहीं आने दिया गया। रास्ते से ही बसों को लालडांठ रोड की ओर डायवर्ट कर भेजा गया। जबकि दिल्ली से हल्द्वानी आने वाली बसों को मंडी गेट के पास रुकवाकर वहां से संचालन किया गया। एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि दिल्ली के लिए दोपहर तक 12 बसें भेजी गई थीं। शाम तक सवारी होने पर कुछ बसें और भेजने की तैयारी है। शुक्रवार को करीब 45 बसें संचालित की गई। हालांकि शाम को दिल्ली के लिए चलने वाली ऑनलाइन बसों की बुकिंग भी लोगों ने कैंसिल करना शुरू कर दिया था। जबकि नैनीताल सहित अन्य लोकल रूट पर बसें बंद रहीं। शुक्रवार को केएमओयू की बस सेवा भी सवारी नहीं होने के कारण ठप रही। हालांकि सुबह के समय केएमओयू बसें रोडवेज बस अड्डे के पास नंबर पर खड़ी थी। मगर सवारी नहीं होने के कारण बसें नहीं जा सकी। केएमओयू के अधिशासी अधिकारी हिम्मत सिंह नयाल ने बताया कि सवारी नहीं होने के कारण बसें नहीं चली हैं, हालांकि अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए 40 बसें मांग के अनुरूप भेजी गईं।

हल्द्वानी शहर में कर्फ्यू लागू होने के बावजूद सिर्फ बनभूलपुरा में ही वाहनों की आवाजाही बंद रही, जबकि शेष शहर में इसका असर कम ही नजर आया। रुद्रपुर, बरेली, रामनगर से शहर की ओर आ रहे वाहनों को पुलिस ने बीच से ही डायवर्ट कर दिया। वहीं शहर में घूम रहे वाहनों की भी तलाशी ली गई। कर्फ्यू के बीच हल्द्वानी के नैनीताल रोड पर वाहनों की आवाजाही होती रही। सुबह से दोपहर तक वाहन यहां चलते रहे, लेकिन शाम होने से पहले ही पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी थी। रामपुर रोड पर देवलचौड़ चौराहे तक बस, कार, ई रिक्शा, ऑटो भी बेधड़क आते रहे। मगर यहां से बसों को मंडी और पहाड़ जाने वाले वाहनों को छड़ायल रोड की ओर डायवर्ट कर दिया गया।

## पहले मारी तीन गोलियां, फिर शव को पटरी पर फेंक दिया; मां की दवा लेने गए बेटे को भी उतारा मौत के घाट

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मां की दवा लेने के लिए घर से निकले बेटे को उपद्रवियों ने गोली मार दी। युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस घटना के बाद युवक की मां का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। वीडियो में महिला बता रही हैं कि उनका बेटा अजय दवा लेने के लिए गया था। इसी बीच बेटे को गोली मार दी गई। पुलिस वीडियो प्रसारित होने के बाद युवक का पता लगा रही है।

बनभूलपुरा में उपद्रवियों ने बर्बरता के साथ लाइसेंसी व अवैध असलहों से गोलियां बरसाईं। बवाल में जिन पांच लोगों की मौत हुई है, उन सभी को गोली लगी। बाजपुर के प्रकाश कुमार को तीन गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया। फिर शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव बरामद किया।

बनभूलपुरा में उपद्रव के दौरान अधिकांश पुलिस कर्मी लाठी-डंडों के भरोसे थे, जबकि दूसरी ओर से महिला, पुरुष व बच्चे लगातार पथराव कर रहे थे। इसमें सैकड़ों पुलिस कर्मी लहूलुहान हो गए। पथराव के बाद उपद्रवियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिसमें बाजपुर के प्रकाश कुमार, बनभूलपुरा के फईम कुरैशी, जाहिद, मो. अनस, शब्बाद की मौत हो गई।

पांचों लोगों की गोली से हुई मौत बता रही है कि उपद्रवियों के पास वैध व अवैध दोनों तरह के असलहे थे। उन्हें किसी का भय नहीं था। बाजपुर के प्रकाश का शव बनभूलपुरा में इंदिरानगर गेट के पास रेलवे पटरी पर मिला है। उसके शरीर पर तीन गोलियां लगी हैं। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

## मातृ-शक्ति कार्यक्रम में अल्मोड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

प्रात: किरण, संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को मातृ-शक्ति को समर्पित ह्यदीदी-भुलि हाथ लगाल, उत्तराखण्ड हौल अमृत कालह्न कार्यक्रम में अल्मोड़ा पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्मी हेलीपैड से शिखर होटल अल्मोड़ा तक विशाल रोड शो में प्रतिभाग किया। रोड शो में हजारों की संख्या में अल्मोड़ा कि जनता ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, विधायक सुरेश गडियां, विधायक मोहन सिंह मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जिलाध्यक्ष भाजपा रानीखेत लीला बिष्ट भी मौजूद रहे।

## हल्द्वानी के बाहरी इलाकों से हटा कर्फ्यू, बनभूलपुरा में अभी भी लागू; स्कूल बंद



**हल्द्वानी, एजेंसी।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा में मदरसा और मस्जिद ध्वस्तीकरण के बाद इलाके में हिंसक झड़प हुई। माहौल गरमाया देखते हुए बनभूलपुरा समेत आसपास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया था।

माहौल शांत होने पर बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है, लेकिन बनभूलपुरा इलाके में कर्फ्यू अब भी लागू है। बनभूलपुरा में ही मदरसा और मस्जिद तोड़ने पर भीड़ ने आगजनी और तोड़फोड़ की थी।

आज हलद्वानी शहर के बाहरी इलाके में दुकानें खुलीं, लेकिन स्कूल बंद हैं। एडीजी एपी अंशुमन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।

अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की हिंसा में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं।

एडीजी ने यह भी बताया कि भले ही इलाके में कर्फ्यू लागू है, लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र के निवासियों की सुविधा का पूरी तरह से ध्यान रखा जा रहा है। लोगों को समय-समय पर आवश्यक चीजें खरीदने की अनुमति दी जा रही है।

अधिकारी ने बताया कि काठगोदाम तक ट्रेनों की आवाजाही भी फिर से शुरू कर दी गई है। फिलहाल कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

## इनोवेटिव कंपनी के एचआर मैनेजर सहित चार पर केस दर्ज

**पंतनगर, एजेंसी।** एक युवक ने सिडकुल पंतनगर की इनोवेटिव पैकेजिंग कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के चलते उनकी पिता की मौत होने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कंपनी के एचआर मैनेजर, प्लांट हेड सहित पांच लोगों पर केस दर्ज किया है।

संजयनगर खेड़ा साई मंदिर रुद्रपुर निवासी गौरव दास गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि उसके पिता किरन शंकर दास गुप्ता इनोवेटिव पैकेजिंग में ठेकेदार अखिलेश कुमार के अधीन मजदूरी का कार्य कर रहे थे। बीती 30 जुलाई की शाव वह कंपनी में काम करने गए थे। इस दौरान कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार की लापरवाही से हुई दुर्घटना में आई चोटों के कारण 31 जुलाई को कंपनी परिसर परिसर में ही उनकी मौत हो गई। ठेकेदार व स्टोर कीपर ने उसके पिता को जिला अस्पताल में पहुंचाया था। वह और उसके परिजन पिता के दाह संस्कार व धार्मिक रीति रिवाजों में लगे रहने के कारण समय से एफआईआर दर्ज नहीं करा सके थे। तीन अगस्त को उसने सिडकुल पुलिस चौकी, पंतनगर थाना में तहरीर दी। कार्यवाही नहीं होने पर उसने एसएसपी को भी सूचना दी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एचआर मैनेजर, प्लांट हेड, प्रबंध निदेशक, ठेकेदार अखिलेश और स्टोर कीपर मुकेश कुमार पर केस दर्ज किया है।

## रिवाल्वर जांचते समय गन हाउस में चली गोली, युवक की छाती में लगी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** एक गन हाउस में लाइसेंसी रिवाल्वर जांचते समय गन हाउस कर्मी की ओर से ट्रिगर दबने से युवक की छाती में गोलीर लग गई। आनन-फानन युवक को इलाज के लिए निजी और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने अस्पताल पहुंचकर मृतक के भाई और रिश्तेदारों से घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार शक्ति विहार कॉलोनी निवासी सचिन शर्मा के लाइसेंसी रिवाल्वर में दिक्कत आ रही थी। शुक्रवार दोपहर सचिन, उसका छोटा भाई अनिल उर्फ भानु शर्मा (35) और अनिल का दोस्त रिवाल्वर ठीक कराने के लिए गदरपुर रोड में फ्लाईओवर के पास बाजपुर गन हाउस गए। इसी बीच गन हाउस में मौजूद कर्मचारी चार गोलियां लोडेड रिवाल्वर को जांचने लगा। सचिन ने बताया कि कर्मी ने हाथ में रिवाल्वर की नाल के सामने हाथ रखकर ट्रिगर दबाया तो मिस हो गया। इसके बाद बिना देरी किए कर्मचारी ने दोबारा ट्रिगर दबाया तो रिवाल्वर से गोली चली, जो गनकर्मी के हाथ को छूते हुए उसके सामने खड़े भानु की छाती पर लग गई। उन्होंने तत्काल भानु को निजी अस्पताल पहुंचाया था। डाक्टर ने हालत नाजुक बताई तो वे उसे जिला अस्पताल लाए, जहां डाक्टर ने भानु को मृत घोषित कर दिया। घटना में गनकर्मी का हाथ भी जख्मी हुआ था, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह दुकान बंद करके चला गया। सूचना पर सीओ सिटी निहारिका तोमर भी फोर्स के साथ अस्पताल पहुंची। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, प्रमोद शर्मा, संदीप चीमा आदि भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई सचिन ने एसएसपी को बताया कि उनके रिवाल्वर में काफी समय से दिक्कत आ रही थी। खाली राउंड में रिवाल्वर चल रही थी लेकिन गोली के राउंड में नहीं चल पा रही थी। दीपावली के समय भी उन्होंने रिवाल्वर चलाई थी लेकिन चल नहीं सकी थी। इधर हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद भानु ने एहतियातन रिवाल्वर को सही कराने की बात कही और पहचान वाला गन हाउस होने की बात कहकर वहां ले गया था। इस दौरान यह घटना घट गई। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने बताया कि भानु उनकी कॉलोनी में रहता था और मिलनसार था। उसका एक बेटा और बेटी हैं। बृहस्पतिवार को वह अपने बच्चों को कॉलोनी में साइकिल सिखा रहा था। बताया कि हंसमुख स्वभाव का भानु प्रापर्टी डीलिंग के साथ ही कार बाजार चलाता था।

## पहले मारी तीन गोलियां, फिर शव को पटरी पर फेंक दिया; मां की दवा लेने गए बेटे को भी उतारा मौत के घाट

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
मां की दवा लेने के लिए घर से निकले बेटे को उपद्रवियों ने गोली मार दी। युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस घटना के बाद युवक की मां का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। वीडियो में महिला बता रही हैं कि उनका बेटा अजय दवा लेने के लिए गया था। इसी बीच बेटे को गोली मार दी गई। पुलिस वीडियो प्रसारित होने के बाद युवक का पता लगा रही है।

बनभूलपुरा में उपद्रवियों ने बर्बरता के साथ लाइसेंसी व अवैध असलहों से गोलियां बरसाईं। बवाल में जिन पांच लोगों की मौत हुई है, उन सभी को गोली लगी। बाजपुर के प्रकाश कुमार को तीन गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया। फिर शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव बरामद किया। बनभूलपुरा में उपद्रव के दौरान अधिकांश पुलिस कर्मी लाठी-डंडों के भरोसे थे, जबकि दूसरी ओर से महिला, पुरुष व बच्चे लगातार पथराव कर रहे थे। इसमें सैकड़ों पुलिस कर्मी लहूलुहान हो गए। पथराव के बाद उपद्रवियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिसमें बाजपुर के प्रकाश कुमार, बनभूलपुरा के फईम कुरैशी, जाहिद, मो. अनस, शब्बाद की मौत हो गई। पांचों लोगों की गोली से हुई मौत बता रही है कि उपद्रवियों के पास वैध व अवैध दोनों तरह के असलहे थे।



## उपद्रवी कहीं जंगलों में न छुपे हों... शक होने पर वन विभाग ने लिया यह एक्शन

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद पुलिस अब पत्थरबाजों की तलाश में जुट गई है। प्राथमिकी में करीब पांच हजार अज्ञात लोग भी शामिल हैं। वहीं, पुलिस की सख्ती के चलते कई लोग गायब होने के चक्कर में भी है। दूसरी तरफ वन विभाग को आशंका है कि आरक्षित वन क्षेत्र या बाहरी हिस्से के अतिक्रमण वाले इलाकों में यह लोग छुपने को न पहुंच जाएं।

इस वजह से शुक्रवार को गौला रेंज यानी बनभूलपुरा के नजदीकी जंगल में वन विभाग ने अलग-अलग हिस्सों में गश्त भी की। हालांकि, कोई संदिग्ध पकड़ में नहीं आया। गुरुवार को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा स्थित अवैध मदरसे और नमाजस्थल को तोड़ने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची थी। इस दौरान उपद्रवियों ने हर दिशा से पत्थरों की बौछार शुरू कर दी।

बड़ी संख्या में पुलिस, निगमकर्मी और पत्रकार घायल भी हुए। जिसके बाद रात में ही कर्फ्यू के आदेश जारी हो गए। वहीं, बनभूलपुरा का जंगल गौला रेंज से सटा हुआ है। ऐसे में वन विभाग को आशंका है कि पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए कई लोग जंगलों की तरफ न पहुंच जाए।

इसलिए शुक्रवार को वनकर्मियों की टीम ने आंवला चौकी, इंदिरानगर, लालकुआं, बागजाला, गौलापुल, बागजाला से लेकर दानीबंगर तक के जंगलों में गश्त की। तीन गाडियों में मय असलहे 30 वनकर्मी जंगलों को छानने में जुटे थे। रेंजर गौला चंदन अधिकारी ने बताया कि वन क्षेत्र की सुरक्षा और संदिग्धों की घुसपैठ रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। वन विभाग की जमीनों पर भी कई जगहों पर अतिक्रमणकारी बसे हुए हैं। पूर्व में वन विभाग ने अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया था। लेकिन बाद में कार्रवाई ठप हो गई। सूत्रों की मानें तो वनभूमि से जुड़े मामलों को लेकर भी दोबारा रिपोर्ट बनना शुरू हो गया है।



## उपद्रवियों ने मचाया तांडव: छह करोड़ की संपत्ति राख, नगर निगम ने किया इतने करोड़ों के नुकसान का आकलन

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा में गुरुवार शाम को अतिक्रमण हटाने को लेकर बवाल हो गया। बनभूलपुरा में हुए अग्निकांड में सरकारी संपत्ति, नगर निगम और पुलिस की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। निगम ने अपना आकलन करीब पांच करोड़ रुपये बताया है।

बनभूलपुरा में हुए अग्निकांड में सरकारी संपत्ति, नगर निगम और पुलिस की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। निगम ने अपना आकलन करीब पांच करोड़ रुपये बताया है। एक करोड़ रुपये की सरकारी और पुलिस की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि उनकी एक जेसीबी, एक ट्रैक्टर-ट्राली, एक टाटा एस, दो योद्धा वाहन, किराए पर ली गई दो जेसीबी, कई सफाई रिक्शा जलाए और तोड़े गए हैं। निगम के अधिकतर वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए हैं। निगम ने जो आकलन किया है, उसमें पांच लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान सामने आया है। उधर करीब एक करोड़ लागत की सरकारी और पुलिस की संपत्ति का नुकसान सामने आया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस को कितना आर्थिक नुकसान हुआ है। इसका आंकलन किया जा रहा है।

# तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली ओलंपिक रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## रोप स्किपिंग खिलाडी बच्चे इस स्पर्धा में भाग ले रहे हैं यही भारत देश का भविष्य है , सतीश उपाध्याय

- नई दिल्ली नगर पालिका(एन डी एम सी) उपाध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय ने कहा की माननीय मोदी की पहल पर आज खेलों में भारत का नाम रोशन हुआ है।
- हमारे पीएम मोदी जी और हमारे खेल मंत्री दिनरात खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रहे हैं।




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा दिल्ली में दिल्ली ओलंपिक खेल -2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस दिल्ली ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर,दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा एवं दिल्ली ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कुलदीप वत्स,उपाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव श्री संजीव शर्मा,अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं ओलंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया था। नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली ओलंपिक रोप स्किपिंग प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन भी इसी कड़ी में किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि नई दिल्ली नगर पालिका( एन डी एम सी ) उपाध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन सचिव श्री संजीव शर्मा ने की जबकि संयोजन रोप स्किपिंग फडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं दिल्ली जम्प रोप एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार निर्भय का रहा। मंच संचालन दिल्ली जम्प रोप एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने किया।

इस मौके पर नई दिल्ली नगर पालिका( एन डी एम सी ) उपाध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय ने कहा की माननीय मोदी की पहल पर आज खेलों में भारत का नाम रोशन हुआ है। हमारे पीएम मोदी जी और हमारे खेल मंत्री दिनरात खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह आज जो रोप स्किपिंग खिलाडी बच्चे इस स्पर्धा में भाग ले रहे हैं यही भारत देश का भविष्य है। आज हमको गर्व है की पीएम मोदी के मार्गदर्शन में खेलों का स्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

इस मौके पर आयोजन सचिव एवं दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री संजीव शर्मा ने कहा कि हमको आज गर्व हो रहा है कि हम 44 खेलों का आयोजन इस साल कर रहे हैं जिसमें हमारे यशस्वी पीएम मोदी जी के सपने को खेलों के माध्यम से फलीभूत करने का हमारा प्रयास है।

इस अवसर पर दिल्ली जम्प रोप एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार निर्भय ने कहा कि रोप स्किपिंग एक प्रभावी कार्डियो रूटीन है। इससे शरीर की टोनिंग होती है और कोर मसल्स में कसावट भी आती है। इनके अलावा भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं रस्सी कूदने से। संतुलित आहार और नियमित कसरत के साथ-साथ रस्सी कूदने से मेटाबॉलिज्म में तेजी आती है और इससे शरीर के वजन को कम करने में भी मदद मिलती है। इस मौके पर दिल्ली जम्प रोप एसोसिएशन की महासचिव श्रीमती बलविंदर कौर,राष्ट्रीय कोच दीपक शर्मा,रामकुमार शर्मा,दीपक कुमार,आकाश,रवीना राजपूत,कुश रावत समेत दिल्ली कार्यकारिणी के सदस्य एवं खेल जगत की जानी मानी हस्तियां उपस्थित रही।

# जेएनयू में चुनाव से पहले फिर बवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शुक्रवार देर रात एक बार फिर बवाल मच गया। चुनाव से पहले विश्वविद्यालय की जनरल बॉडी मीटिंग (यूजीबीएम) में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वामपंथी संगठन के सदस्यों के बीच झड़प हो गई।

एबीवीपी और वाम दलों के छात्रों में मारपीट, कई घायल बैठक में हंगामा करने का एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए एबीवीपी और वाम दलों दोनों ने मारपीट का दावा करते हुए बताया कि उनके सदस्य घायल हुए हैं।

2019 के बाद हो रहे चुनाव बता दें कि जेएनयू में 2019 के बाद चुनाव हो रहे हैं। जेएनयूएसयू छात्रों के लिए सर्वोच्च निर्णय लेने वाली



संस्था है। 1200 हस्ताक्षर एकत्र करने के बाद विश्वविद्यालय की आम सभा की बैठक (यूजीबीएम) बुलाई गई थी। एबीवीपी पर लगे हिंसा के आरोप अनघा प्रदीप ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए एबीवीपी कार्यकताओं पर कई आरोप लगाए। अनघा ने कहा कि इन कार्यकताओं ने उस दौरान दुर्व्यवहार करना शुरू दिया था और वहां मौजूद लोगों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए साउंड माइक सिस्टम को नियंत्रित करने का काम किया। उन्होंने आम छात्रों को भी पीटना शुरू कर दिया।

एबीवीपी ने कही ये बात हालांकि, एबीवीपी जेएनयू के अध्यक्ष उमेश चंद्रा ने आरोप लगाया कि ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के सदस्य उन्हें बैठक छोड़ने की धमकी दे रहे थे। उमेश ने कहा कि वे लोग हमारे खिलाफ जातिसूचक टिप्पणियां कर रहे थे। हम चाहते थे कि कार्यवाही शांतिपूर्वक चले, इसलिए हमने हस्तक्षेप किया। यूजीबीएम आधी रात तक शुरू नहीं हुआ था। उन्होंने बताया कि लेफ्ट कार्यकर्ता कह रहे थे कि एबीवीपी कार्यकताओं को यूजीबीएम छोड़ देना चाहिए पुलिस ने इस मामले में अभी तक शिकायत दर्ज नहीं की है।

## दिल्ली में लूट की बड़ी वारदात, कैश कलेक्शन एजेंट से लूटे 50 लाख

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 50 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि एक कैश कलेक्शन एजेंट बैग में 50 लाख रुपये कैश लेकर स्कूटी से जा रहा था। उसे दूसरी स्कूटी पर सवार दो बदमाशों ने उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में लूट लिया। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे मोनेस्ट्री मार्केट के पास हुई थी। पीड़ित राजेश ने पुलिस को फोन कर बताया कि वह महाराणा प्रताप बाग और चांदनी चौक से नकदी इकट्ठा करके लौट रहा था। जब वह बाजार के पास पहुंचा तो दूसरी स्कूटी पर सवार दो लोगों ने कथित तौर पर उसे रोक लिया और उससे 50 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया। अधिकारी ने बताया कि उसने स्कूटी पर अपने पैरों के पास बैग रखा था। सिविल लाइंस थाने में लूट की धारा में केस दर्ज किया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने कहा कि राजेश नेताजी सुभाष प्लेस स्थित प्लास्टिक गोली व्यवसायी के लिए कैश एजेंट के रूप में काम करता है। उनका बयान दर्ज किया गया है और मार्गों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए हैं। पुलिस को शक है कि लूट में किसी परिचित का हाथ है, जिसे नकदी के बारे में जानकारी थी।

# दिल्ली में आज फिर गिरा न्यूनतम पारा, कोहरे से राहत बरकरार



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सर्द हवाओं के कारण शुक्रवार की सुबह दिल्ली में ठिठुरन भरी ठंड ने फिर ठिठुराया, लेकिन कोहरा नहीं दिखा। सुबह का तापमान एक दिन पहले के मुकाबले गिरकर सामान्य से तीन डिग्री नीचे दर्ज किया गया। उधर एयरपोर्ट पर दृश्यता का स्तर सामान्य रहा। मौसम विभाग ने दिन में धूप खिलने और आसमान साफ रहने का पूवार्नुमान जारी किया है।

आज 6.8 डिग्री दर्ज हुआ तापमान

शुक्रवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री दर्ज हुआ। बृहस्पतिवार को यह 8.2 डिग्री रहा था। हवाओं के असर से आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह सात बजे दृश्यता का स्तर ढाई हजार मीटर रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज दिन में आसमान साफ रहेगा। धूप भी खिली रहेगी। अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री रह सकता है

तेज हवा चलने से प्रदूषण से मिली राहत दूसरी तरफ तेज हवाओं के असर से शुक्रवार को भी दिल्लीवासियों को प्रदूषित हवा से मिली राहत बनी रही। सुबह 9 बजे दिल्ली का एक्यूआई 137 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। धीरे-धीरे बढ़ेगा दिल्ली का तापमान मौसम विभाग के अनुसार अब तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को आकाश साफ रहेगा। सुबह में हल्की धुंध होगी। अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। अगले सप्ताह 13 फरवरी को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है।

# विश्व पुस्तक मेला का हुए आगाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी के प्रगति मैदान में आज से विश्व पुस्तक मेला 2024 को देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने जारी की है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को कई मार्गों पर आने से बचने की सलाह दी है।

10 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस मेले में आने वाली भीड़ को देखते हुए इस दौरान दिल्ली पुलिस ने कई मार्गों का प्रयोग करने से बचने की सलाह दी है।

आज हो सकती है ज्यादा भीड़

यातायात पुलिस का अनुमान है कि पुस्तक मेले में हर दिन लगभग 25000-30,000 आगंतुक मेला देखने आयेंगे। जबकि सप्ताहांत और छुट्टियों के दिन यह आंकड़ा लगभग 40,000 रह सकता है। ऐसे में शनिवार को मेले के पहले दिन सप्ताहांत भी है और मेले का उद्घाटन भी। ऐसे में आज ज्यादा भीड़ रहने की संभावना है।

इन रास्तों से बचें, आना पड़े तो लेकर चलें अतिरिक्त समय ट्रैफिक जाम से बचने के लिए दिल्ली पुलिस ने वाहन चालकों से भैरों मार्ग, रिंग रोड, शेरशाह रोड और पुराना किला रोड और मथुरा रोड डब्ल्यू प्लवाइंट से मथुरा रोड - सुब्रमण्यम भारती मार्ग क्रॉसिंग तक के मार्ग पर आने से बचने की सलाह दी है। यदि आएं तो अतिरिक्त समय लेकर चलें। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अनुरोध किया है कि प्रगति मैदान तक पहुंचने के लिए सार्वजनिक परिवहन का लाभ उठाएं।

दिल्ली मेट्रो से आने वाले लोग सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर उतर सकते हैं और गेट नंबर 10 से मेले में प्रवेश ले सकते हैं। लोग मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर भी उतर सकते हैं और पैदल चल सकते हैं।

# समीर वानखेड़े की शिकायत पर अदालत ने दिल्ली पुलिस से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी, 27 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी समीर वानखेड़े की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह के खिलाफ दायर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली शिकायत पर अदालत ने दिल्ली पुलिस से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंदर कुमार जांगला ने जुलाई 2023 की वानखेड़े की शिकायत के संबंध में कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी किया। अदालत ने मामले को 27 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। वानखेड़े ने अपनी शिकायत में आईपीएस अधिकारी ज्ञानेश्वर सिंह पर कार्डेलिया ड्रग्स भंडाफोड़ मामले से संबंधित जांच के दौरान अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दंडनीय उत्पीड़न और अत्याचार का आरोप लगाया है, जिसमें बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया गया था। शिकायत मूल रूप से मुंबई पुलिस के पास दर्ज शिकायत में यह भी आरोप है कि अनुसूचित जाति का सदस्य होने के कारण वानखेड़े को सिंह ने अपमानित किया और धमकी दी कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि वानखेड़े को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़े। अपने आवेदन में वानखेड़े ने कहा कि शिकायत मूल रूप से मुंबई पुलिस के पास दर्ज की गई थी, जिसने बाद में उन्हें सूचित किया कि उनकी शिकायत आगे की कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित कर दी गई थी। वानखेड़े ने आरोप लगाया कि आगे की कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस को ईमेल करने के बावजूद कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। मजबूरन उन्हें अदालत में शिकायत दायर करनी पड़ी।

# मौसम बदलते ही स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव



नई दिल्ली। गौतमबुद्ध नगर जिले में मौसम बदलने के बाद स्कूलों की टाइमिंग में फिर से बदलाव हुआ है। अब स्कूल पुराने समय के अनुसार ही खुलेंगे। यह आदेश सभी बोर्डों के स्कूलों पर लागू होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) धर्मवीर सिंह के अनुसार, 12 फरवरी से कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव हुआ है। अब स्कूल सुबह साढ़े आठ बजे से खुलेंगे। अब तक सर्दियों की वजह से स्कूल सुबह 10 बजे से खुल रहे थे। सर्दियों में स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश 16 जनवरी को दिया गया था।

# दिल्ली में स्कूटी सवार बदमाशों ने 50 लाख लूटे

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में एक निजी कंपनी के कैश कलेक्शन एजेंट से स्कूटी सवार दो लोगों ने 50 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात 9:30 बजे सिविल लाइंस थाने के पुलिस कंट्रोल रूम में (पीसीआर) कॉल आई, जिसमें मोनेस्ट्री मार्केट के पास एक फ्लाईओवर पर डकैती की जानकारी दी गई थी। कॉल करने वाले के अनुसार, खजूरी खास निवासी राजेश अपनी स्कूटी से अपने घर जा रहे थे, तभी यह घटना हुई।

राजेश ने बताया कि जब वह फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तभी दूसरी स्कूटी पर सवार दो लोग उसके पीछे आ गए और चिल्लाकर उसकी गाड़ी अचानक रोक दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके मीणा ने कहा, इसी दौरान अपराधियों ने 50 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया, जिसे राजेश ने अपने पैरों के पास रखा था। पता चला कि यह नकदी नेताजी सुभाष प्लेस स्थित एक प्लास्टिक पेलेट व्यवसायी की थी। अधिकारी ने कहा, डकैती से पहले, एजेंट एक व्यावसायिक कार्य पर था। वह राणा प्रताप बाग और चांदनी चौक सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर रहा था। पुलिस ने घटना के संबंध में सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है।

# दिल्ली में लूट की बड़ी वारदात, कैश कलेक्शन एजेंट से लूटे 50 लाख



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में 50 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि एक कैश कलेक्शन एजेंट बैग में 50 लाख रुपये कैश लेकर स्कूटी से जा रहा था। उसे दूसरी स्कूटी पर सवार दो बदमाशों ने उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में लूट लिया।

पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे मोनेस्ट्री मार्केट के पास हुई थी। पीड़ित राजेश ने पुलिस को फोन कर बताया कि वह महाराणा प्रताप बाग और चांदनी चौक से नकदी इकट्ठा करके लौट रहा था। जब वह बाजार के पास पहुंचा तो दूसरी स्कूटी पर सवार दो लोगों ने कथित तौर पर उसे रोक लिया और उससे 50 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया। अधिकारी ने बताया कि उसने स्कूटी पर अपने पैरों के पास बैग रखा था। सिविल लाइंस थाने में लूट की धारा में केस दर्ज किया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस ने कहा कि राजेश नेताजी सुभाष प्लेस स्थित प्लास्टिक गोली व्यवसायी के लिए कैश एजेंट के रूप में काम करता है। उनका बयान दर्ज किया गया है और मार्गों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए हैं। पुलिस को शक है कि लूट में किसी परिचित का हाथ है, जिसे नकदी के बारे में जानकारी थी।

# शरजील इमाम ने कोर्ट से लगाई अपना ई-मेल अकाउंट एक्टिव किए जाने की मांग



पूर्वी दिल्ली। दिल्ली दंगे से पहले भड़काऊ भाषण देने के आरोपी शरजील इमाम ने अपना ई-मेल एक्टिव करने की मांग कोर्ट से की है। उसने गुहार लगाई है कि जांच एजेंसी इसमें सहयोग करे। दिल्ली पुलिस की ओर से कोर्ट को अवगत कराया गया है कि शरजील के ई-मेल अकाउंट को उसके वकील के सहयोग से एक्टिव करने का प्रयास किया गया था, जो नहीं हो रहा। एक बार दोबारा प्रयास किया जाएगा। शरजील पर तय हो चुके हैं ये आरोप शरजील इमाम पर पुलिस ने दिल्ली दंगे से पहले दिसंबर 2019 में एएमयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत कई स्थानों पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया था। यह भी आरोप था कि उसने भाषण में देश के टुकड़े किए जाने जैसे राष्ट्र विरोधी बयान दिए। इस मामले में उस पर आरोप तय हो चुके हैं। हाल में कोर्ट में डाली थी अर्जी हाल में शरजील की तरफ से कोर्ट में लगाई गई अर्जी में कहा गया है कि उसका ई-मेल अकाउंट एक्सपायर होने वाला है। उसे एक बार एक्टिव कर डियक जाए, ताकि वह लंबा चलता रहे।

## दिल्ली के गांधी नगर में फर्नीचर की दुकान में लगी आग

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर बाजार में लकड़ी के सामान की एक दुकान में शनिवार सुबह आग लग गयी। दमकल सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे सूचना प्राप्त होने के बाद दमकल की चार गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान एक घंटे तक जारी रहा और साढ़े 11 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

# पश्चिमी दिल्ली के एक पार्क में नाबालिग का शव मिला

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके के एक पार्क में शनिवार को एक नाबालिग की शव मिला। उसके शरीर पर गंभीर घाव के निशाने थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 8:45 बजे राजौरी गार्डन थाने में एक पीसीआर कॉल आई। जिसमें बताया गया कि पार्क में एक युवक बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने पाया कि व्यक्ति मृत है। पश्चिम दिल्ली के डीसीपी विचित्र वीर ने कहा, मृतक के शरीर पर किसी नुकीली चीज से लगे चोटों के निशान थे। अपराध और एफएसएल टीमों को मौके पर बुलाया गया। डीसीपी ने कहा, मृतक की पहचान आलोक माथुर के रूप में हुई है। कई टीमें जांच के तकनीकी पहलुओं पर काम कर रही हैं।

## दिल्ली में पारा गिरकर 5.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

नई दिल्ली। दिल्ली का न्यूनतम तापमान शनिवार को 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से पांच डिग्री कम है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने आज आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। उसने बताया कि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है और सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 238 दर्ज किया गया जो कि खराब श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी

ग्रेटर नोएडा। शहर में अलग-अलग जगह लगे मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कंपनी के टेक्नीशियन ने संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस की टीम चोरों की तलाश में जुटी है। सेक्टर-142 थाने में मोबाइल कंपनी के टेक्नीशियन टेकराम ने टावर से आरआरयू चोरी होने के संबंध में मुकदमा करवाया है। टेक्नीशियन ने बताया कि सेक्टर-143 में लगे दो टावर से कीमती उपकरण चोरी किए गए हैं। दादरी कोतवाली में कंपनी के टेक्नीशियन बृजेश कुमार ने टावर से उपकरण चोरी किए जाने की एफआईआर दर्ज करवाई है। टेक्नीशियन ने पुलिस को बताया कि बोड़ाकी गांव में लगे टॉवर से कीमती उपकरण चोरी किए गए हैं। नॉलेज पार्क थाने में टेक्नीशियन मुकेश कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया है।

# बॉलीवुड स्टार आफताब शिवदासानी के साथ परमाणु डिफेन्स देहरादून ने मनाया वार्षिक उत्सव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर भारत के प्रमुख डिफेन्स कोचिंग संस्थान ने अपने वार्षिक समारोह का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता आफताब शिवदासानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस समारोह में सेना के अधिकारियों को सम्मानित किया गया जिसमे मुख्य रूप से कर्नल रघुबीर सिंह भंडारी, नेवी ऑफिसर प्रकाश थपलियाल, श्री एस एस पांक्ति, श्री मृगांक पाण्डेय, कैप्टेन आनंद राणा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।इसके अलावा भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा नेहा जोशी द्वारा छात्रों को डिफेन्स कैरियर मे अपना भविष्य बनाने के बारे मे बताया गया। समारोह के दौरान, आफताब शिवदासानी ने परमाणु डिफेन्स के छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उन्हें डिफेन्स में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि डिफेन्स मे कैरियर एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गरिमामय क्षेत्र है, जो देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अनेक योगदान करता है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान और समर्पित रहने का संदेश दिया और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

परमाणु डिफेन्स के संस्थापक सदस्य राजेश मल्होत्रा ने आफताब शिवदासानी को समारोह में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि परमाणु डिफेन्स एक ऐसा संस्थान है, जो डिफेन्स और पैरामिलिट्री बलों के उम्मीदवारों को उच्च स्तर की कोचिंग और प्रशिक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि परमाणु डिफेन्स का सिर्फ एक ही लक्ष्य है कि भारत के हर कोने से आने वाले युवाओं को डिफेन्स परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मौका मिले। इसके अलावा इस समारोह मे आयोजक समिति से होटल वासदा के श्री अनूप सकलानी व श्री गौरव वर्मा, स्वस्तिक इवेंट से शुभम शर्मा, जूनून डांन्स अकादमी से श्रीमती अर्चना सिंघल,सोनीपिक फोटोग्राफी से श्री आशुतोष चक्रवर्ती व शान भारती इत्यादि ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने मे अपनी भूमिका निभाई /वही सुप्रसिद्ध शो एंकर ऋचा भट्ट की जबरदस्त एंकरिंग ने सभी का मन मोह लिया /

समारोह में परमाणु डिफेन्स के वरिष्ठ शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ-साथ डिफेन्स और पैरामिलिट्री बलों के कई पूर्व और वर्तमान अधिकारी भी शामिल थे। समारोह के अंत में मिस्टर और मिस परमाणु डिफेन्स के लिए वोटिंग हुई जिसमे वंशज पंडोतरा व मुस्कान शर्मा को वोटिंग के आधार पर चुना गया/ इस मौके पर सभी विधार्थियों ने देश के लिए अपनी सेवा और समर्पण की प्रतिज्ञा ली।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव को लेकर हुई बैठक में एबीवीपी, वामपंथी सदस्यों के बीच झड़प

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर बुलायी एक बैठक के दौरान शुक्रवार देर रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एबीवीपी और वाम दल समर्थक समूहों के बीच झड़प हो गयी जिसमें दोनों पक्षों ने अपने कुछ सदस्यों के घायल होने का दावा किया है।

दोनों पक्षों ने इस झड़प के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं जबकि जेएनयू प्रशासन ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

परिसर में 2024 के जेएनयू छात्र संघ चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के सदस्यों को चुनने के लिए साबरमती ढाबे पर विश्वविद्यालय आम सभा की बैठक (यूजीबीएम) बुलायी गयी थी और इस दौरान छात्र समूहों के बीच झड़प हो गयी।

वाम दल से संबद्ध डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन (डीएसएफ) ने आरोप लगाया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य मंच पर चढ़ गए और उन्होंने परिषद के सदस्यों तथा वक्ताओं के साथ धक्का-मुक्की की।

सोशल मीडिया पर दोनों समूहों द्वारा साझा की गयी वीडियो में एबीवीपी और जेएनयू छात्र संघ के सदस्यों को नारेबाजी के बीच बहस करते हुए देखा जा सकता है जबकि विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी स्थिति को काबू में करने की कोशिश में लगे दिखायी दिए। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने दावा किया कि जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष पर एबीवीपी के छात्रों ने हमला किया और झड़प के दौरान उन पर पानी फेंका। एक बयान में कहा गया है, जेएनयूएसयू की अध्यक्ष आइशी घोष के साथ एबीवीपी के गुंडों ने बदसलूकी की और उन पर हमला किया। उन्हें घोष पर पानी फेंकते हुए देखा जा सकता है। जेएनयू की एक महिला छात्र के साथ इस तरह का अपमानजनक बर्ताव किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभी इन दावों पर घोष की प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

दक्षिणपंथी छात्र समूह ने आरोप लगाया कि डीएसएफ कार्यकताओं ने एबीवीपी के जेएनयू सचिव विकास पटेल पर हमला किया। उन्होंने कहा कि झड़प के दौरान निजी दुश्मनी के तहत एक अन्य छात्र प्रशांत बागची से भी मारपीट की गयी।

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि एमए अंतिम वर्ष के छात्र प्रफुल्ल पर एक धारदार हथियार से हमला किया गया। उसने यह भी दावा किया कि वामपंथी समूहों के छात्रों ने बीए पर्शियन के एक दिव्यांग छात्र दिव्यप्रकाश के साथ भी मारपीट की क्योंकि वह एबीवीपी का समर्थन कर रहा था। यूजीबीएम में निर्वाचन आयोग के सदस्यों के चुनाव में वोट डालने के लिए जेएनयू परिसर के साबरमती ढाबे पर बड़ी संख्या में छात्र एकत्रित हुए थे।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## केजरीवाल को किसने दिया था प्रस्ताव

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले दिनों अपनी पार्टी के एक प्रदर्शन में कई बार दोहराया कि भाजपा चाहती है कि वे उनके साथ चले जाएं यानी भाजपा में शामिल हो जाएं। केजरीवाल ने दावा किया कि उनको बार बार भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि अगर वे भाजपा में शामिल हो जाएं तो सारे मामले खत्म कर दिए जाएंगे। यही बात कुछ समय पहले उन्होंने अपने उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया के लिए भी कही थी। पार्टी के प्रदर्शन में केजरीवाल ने कई बार यह भी कहा कि वे किसी हाल में भाजपा में नहीं जाएंगे। इससे पहले उनकी पार्टी ने आरोप लगाया कि उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया गया था। सवाल है कि केजरीवाल को भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव किसने दिया है? किसने उनसे बात की है? क्या भाजपा के किसी नेता ने उनसे कहा कि वे पार्टी में शामिल हो जाएं या राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के किसी व्यक्ति से उनकी बात हुई है? क्या किसी कारोबारी ने उनसे संपर्क किया और कहा कि भाजपा में शामिल हो जाएं या किसी केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी ने कहा? अगर सचमुच किसी ने केजरीवाल को भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है तो इससे बेहतर मौका क्या हो सकता है कि भाजपा को एक्सपोज करने का। वे क्यों नहीं लोगों को बता दे रहे हैं कि अमुक व्यक्ति ने संपर्क किया था? वे कोई फोन नंबर ही शेयर कर सकते हैं कि इस नंबर से उनको फोन आया था। उनके विधायकों को पैसे के ऑफर देने के मामले में तो दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा पीछे पड़ कर ऑफर देने वाले का नाम और फोन नंबर मांग रही है लेकिन केजरीवाल और उनकी पार्टी आरोप लगा कर चुप बैठे हैं।

## दस्तावेजी पत्रों की सियासत

श्वेत-पत्र का संविधान में कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन यह देश की आजादी के बाद से संसदीय परंपरा जरूर रहा है। श्वेत-पत्र किसी भी सरकार की प्रतिबद्धता का आईना होता है। उसमें सरकार की सोच, नीतियों और जन-कल्याण की योजनाओं का चेहरा झलकता रहता है। मोदी सरकार ने अपने 10-साला कार्यकाल पर श्वेत-पत्र लोकसभा में पेश किया है, तो यह उसका नैतिक और प्रशासनिक दायित्व था, लेकिन 2004-14 की कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के 15 बड़े घोटालों का खुलासा करने का आज औचित्य क्या है? तब आर्थिक अराजकता, 14 फीसदी तक की मुद्रास्फीति की दर, राजकोषीय और चालू खाते के बढ़ते घाटे, राजस्व के दुरुपयोग, लडखड़ाते औद्योगिक विकास, सरकारी दफ्तरों के खिलाफ राष्ट्रीय गुस्सा, बैंकिंग संकट, नीतिगत अपंगता आदि की स्थितियां थीं, तो मई, 2014 में भाजपा-एनडीए और नरेंद्र मोदी को जनादेश हासिल हुआ। देश में उनकी सरकार बनी। उस जनादेश के बाद यूपीए का कालखंड अप्रासंगिक हो गया। दोनों कालखंडों की 2024 में तुलना करना बेमानी है। स्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं, लिहाजा पुराने हालात पर रोना महज प्रलाप है। बेशक यह राजनीति जरूर हो सकती है, क्योंकि 2024 के आम चुनाव सिर्फ 100 दिन दूर हैं। कांग्रेस के ब्लैक पेपर के पीछे भी मंशा चुनावी रही है। फिर भी सत्ता की कारगुजारियों को बेनकाब करना विपक्ष का लोकतांत्रिक धर्म है। विपक्ष ने बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, देश पर 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज, अर्थव्यवस्था के छिद्र, विकास दर के यथार्थ, महिला और किसान उत्पीडन सरीखे मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा है और मौजूदा कार्यकाल को अन्याय काल करार दिया है। इन मुद्दों में कोई नयापन नहीं है। देश इन्हें झेलता आ रहा है। कांग्रेस के प्रवक्ता भी इन मुद्दों को रोजमर्रा की राजनीति में उठाते रहे हैं। साफ है कि इस बार लोकसभा चुनाव में विपक्ष भी काफी आक्रामक रहेगा। बेशक वह चुनावी रुझानों और सर्वेक्षणों को गौर से देख-पढ़ रहा है। गौरतलब है कि मोदी सरकार ने 2019-20 में 100 साल की भयावह कोरोना महामारी का दौर झेला था, लेकिन देश की हरसंभव मदद की थी। उस दौरान अर्थव्यवस्था और विकास-दर ऋणात्मक हो गई थी। उसका गहरा प्रभाव रोजगार, औद्योगिक उत्पादन और आम आदमी पर पड़ा, लिहाजा विपक्ष के 45 साल की सबसे अधिक बेरोजगारी के आरोप अर्द्धसत्य हैं। बेशक बेरोजगारी आज भी देश की सबसे गंभीर समस्या है, लेकिन विडंबना है कि चुनाव इस समस्या पर नहीं लड़ा जाएगा। श्वेत-पत्र एक प्रामाणिक दस्तावेज होता है। इसमें दर्ज आंकड़े देश की सही तस्वीर बयां करते हैं, लिहाजा विपक्ष गाहे-बगाहे मांग करता रहा है कि सरकार संसद में श्वेत-पत्र पेश करे। कश्मीर विवाद, प्रिवी पर्स और फरवरी, 1993 में अयोध्या पर श्वेत-पत्र पेश किए जा चुके हैं। भाजपा ने भी अयोध्या पर उसी दौर में श्वेत-पत्र जारी किया था, जिसमें उसने नरसिंह राव सरकार की नीतियों पर सवाल किए थे। किसी भी राजनीतिक दल द्वारा श्वेत-पत्र जारी करने का वह प्रथम मामला था। बहरहाल हम पाठकों को लेखा-जोखा के आंकड़ों के मकडजाल में फंसाना नहीं चाहते। उनसे संदर्भगत विश्लेषण करना कठिन और पेचीदा होता है, लेकिन इतना जरूर बताना चाहेंगे कि देश की स्थिति बहुत सुधरी है। बहरहाल यदि 5वीं वैश्विक अर्थव्यवस्था होने के बावजूद देश के 70 फीसदी लोग स्वस्थ भोजन की व्यवस्था करने में लाचार हैं या 55 फीसदी महिलाओं में आज भी खून की कमी है अथवा 25 साल की उम्र तक के 42 फीसदी से अधिक युवा बेरोजगार हैं, तो ऐसी अर्थव्यवस्था और विकास बेमानी हैं।

## फिर भी निशाना कांग्रेस!

दोनों सदनों में मोदी के भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भाजपा अब भी इन दोनों को ही अपनी प्रमुख चुनौती मानती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में निशाने पर कांग्रेस को रखा। पार्टी को गुजरे जमाने की कहानी बताया। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे जैसे नेताओं का मखौल भी उड़ाया। मोदी की इस शैली को अनेक लोग संसदीय मयार्दा के अनुरूप नहीं मानते। लेकिन अब उनकी इस शैली से देश भलि-भांति परिचित हो चुका है। यह अपेक्षा अब शायद ही किसी को रहती होगी कि कम-से-कम संसद में बोलते वक्त नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के अनुरूप बोलेंगे। इसलिए इस बिंदु को छोड़ते हुए उन्होंने जो कहा, उसके मतलब समझने पर लोग अब अधिक ध्यान देते हैं। इस बार दोनों सदनों में दिए उनके भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो चुकी हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर जवाहर लाल नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (और संभवतः उसके मातृ संगठन आरएसएस) की नजर में अब भी ये दोनों को ही उसके लिए प्रमुख राजनीतिक चुनौती हैं। यह बात उसके व्यवहार में भी झलकती है। 2022-23 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानइ की जो उपमा उछाली, उससे बने प्रभाव को भाजपा ने पूरी गंभीरता से लिया। खुद राहुल गांधी ने भले उस कथानक को बीच में छोड़ दिया, लेकिन भाजपा ऐसे प्रयासों से उत्पन्न हो सकने वाली चुनौती को बेहतर समझती है। इसीलिए इस बार जब गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्राइ शुरू की, तो शुरू से ही उसकी चमक फीकी करने की रणनीति पर वह आगे बढ़ी है। इसके लिए कांग्रेस/इंडिया गठबंधन से पाला-बदल कराने का तरीका अपनाया गया है। मुरली देवड़ा और नीतीश कुमार इसकी मिसालें हैं। और इसी क्रम में राहुल की यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश से ठीक पहले जयंत चौधरी के पाला-बदल के कयास को भी मीडिया में उछाला गया है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला और उन्हें मजाक का पात्र बनाने की कोशिश की, शायद वह भी भाजपा की इसी सुविचारित रणनीति का संकेत है।

# आरक्षण पर सियासी दलों के गले में घंटी

इस मामले की सुनवाई के दौरान ही जस्टिस बीआर गवई ने नौकरशाहों के बच्चों को आरक्षण मिलने को लेकर सवाल किया। साल 2006 में पंजाब की कांग्रेस सरकार ने वाल्मीकि और मजहबी (सिख) समुदाय को महादलित का दर्जा दिया था। इसके तहत अनुसूचित जनजाति के 15 फीसदी आरक्षण में से आधा हिस्सा उनके लिए रिजर्व रखने का फैसला किया गया। इस तरह पंजाब में दो समुदायों को अनुसूचित जाति में प्राथमिकता मिली, लेकिन साल 2010 में पंजाब हाई कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। वर्ष 2011 में पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि पिछड़े वर्गों में सबसे पिछड़ों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल 23 याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। इनमें पंजाब सरकार की याचिका भी शामिल है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मिथल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। इस दौरान जस्टिस गवई ने सवाल किया, ह्वअनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय का शख्स आईएएस, आईपीएस जैसी केंद्रीय सेवाओं में शामिल होता है तो उसको सर्वोत्तम सुविधाओं का लाभ मिलता है। फिर भी उसके बच्चे और उनके बच्चों को आरक्षण मिलता रहता है।






योगेंद्र योगी-
(स्वतंत्र लेखक)

देश में जातिगत आरक्षण बोतल में बंद एक ऐसा जिन्न है जिस पर चर्चा करना तो दूर, उसकी तरफ देखने मात्र से ही राजनीतिक दलों के हाथ-पैर फूलने लगते हैं। आरक्षण को लेकर राजनीतिक दल सत्ता पाने के लिए एक-दूसरे पर निशाना साधते रहे हैं। किसी भी राजनीतिक दल ने कभी भी आरक्षण की हकीकत से पर्दा उठाने का प्रयास नहीं किया। इसके बावजूद आरक्षण के कारण देश की एकता-अखंडता में न सिर्फ दरारें चौड़ी हुई हैं, बल्कि देश को आर्थिक तौर पर इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी है। यहां तक कि क्रीमी लेयर को लेकर भी राजनीतिक दल चुप्पी साधे रहे। इसके कारण संविधान प्रदत्त व्यवस्था होने के बावजूद आरक्षण का फायदा आरक्षित वर्ग में समान रूप से नहीं मिल पाया। क्रीमी लेयर के कारण आरक्षण का फायदा एक निश्चित दायरे तक सिमट कर रह गया। यह वर्ग लगातार इसका फायदा उठाते हुए वंचितों को मौका नहीं दे रहा है। आरक्षण का ही परिणाम है कि मणिपुर हिंसा की आग में रह-रह कर सुलग रहा है। विपक्षी दलों ने इस हिंसा के लिए केंद्र और मणिपुर सरकार को कटघरे में खड़ा करने में कसर बाकी नहीं रखी, किन्तु आरक्षण सही या गलत, इस पर विपक्ष के किसी भी दल में बोलने का साहस नहीं हुआ। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण के फायदे के औचित्य पर सवाल उठा कर इससे बचने वाले राजनीतिक दलों के गले में घंटी बांध दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह अपने 2004 के एससी-एसटी आरक्षण को लेकर दिए गए फैसले की फिर से समीक्षा करेगा। इस फैसले में कहा गया था कि राज्यों के पास आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सब-कैटेगरी बनाने का अधिकार नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात जजों की संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह आंकड़ों से संबंधित तर्कों में नहीं जाएगी, जिसके कारण पंजाब सरकार ने आरक्षण के अंदर 50 प्रतिशत कोटा प्रदान किया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान ही जस्टिस बीआर गवई ने नौकरशाहों के बच्चों को आरक्षण मिलने को लेकर सवाल किया। साल 2006 में पंजाब की कांग्रेस सरकार ने वाल्मीकि और मजहबी (सिख) समुदाय को महादलित का दर्जा दिया था। इसके तहत अनुसूचित जनजाति के 15 फीसदी आरक्षण में से आधा हिस्सा उनके लिए रिजर्व रखने का फैसला किया गया। इस तरह पंजाब में दो समुदायों को अनुसूचित जाति में प्राथमिकता मिली, लेकिन साल 2010 में पंजाब हाई कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। वर्ष 2011 में पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि पिछड़े वर्गों में सबसे पिछड़ों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल 23 याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। इनमें पंजाब सरकार की याचिका भी शामिल है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मिथल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। इस दौरान जस्टिस गवई ने सवाल किया, ह्वअनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय का शख्स आईएएस, आईपीएस जैसी केंद्रीय सेवाओं में शामिल होता है तो उसको सर्वोत्तम सुविधाओं का लाभ मिलता है। फिर भी उसके बच्चे और उनके बच्चों को आरक्षण मिलता रहता है। क्या यह जारी रहना चाहिए। ह्ल जस्टिस बीआर गवई भी दलित हैं और अगले साल मई में चीफ जस्टिस बनने जा रहे हैं। पंजाब सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 2004 का फैसला उस पर लागू नहीं होता है। जस्टिस गवई ने आगे कहा, ह्वगांव में रहने वाला कोई व्यक्ति अगर आईएएस-आईपीएस बन जाता है तो उसके बच्चों को गांव में रहने वाले अन्य बच्चों की तरह की कठिनाइयां नहीं झेलनी पड़ती। इसके बावजूद वो परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण का लाभ पाता रहता है। ह्ल उन्होंने यह भी कहा कि ये संसद को तय करने दें कि ह्वमजबूत और प्रभावीह्ल समूहों को आरक्षण की सीमा से बाहर निकालना है या नहीं। पंजाब सरकार की तरफ से कहा गया कि पिछड़ों में अति पिछड़ों की पहचान होनी चाहिए और उन्हें रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए। दलील में कहा गया कि पंजाब की कुल आबादी में से 33 फीसदी अनुसूचित जाति के लोग हैं। इनमें से 29 फीसदी वाल्मीकि और मजहबी सिख हैं। उन्होंने कहा कि कुल 43 फीसदी अनुसूचित जाति के लोगों का राज्य सरकार में 81 फीसदी एससी पदों पर कब्जा है। हाईकोर्ट ने पंजाब कानून की धारा 4 (5) को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था जो वाल्मीकियों और मजहबी सिखों को अनुसूचित जाति के 15 फीसदी आरक्षण का 50 फीसदी हिस्सा देती थी। कोर्ट ने कहा था कि यह प्रावधान ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले का उल्लंघन करता है। चिन्नैया संबंधी फैसले में कहा गया था कि अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन करेगा। पंजाब सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए 2011 में उच्चतम न्यायालय का रुख कर कहा था कि शीर्ष न्यायालय का 2004 का फैसला उस पर लागू नहीं होता है। पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस (अब सेवानिवृत्त) अरुण मिश्रा की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने 27 अगस्त 2020 को चिन्नैया फैसले से असहमति जताई थी और इस मामले को सात सदस्यीय वृहद पीठ के पास भेज दिया था। केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों में 22.5 फीसदी उपलब्ध सीट अनुसूचित जाति और 7.5 फीसदी सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। यही मानदंड सरकारी नौकरियों के मामले में भी लागू होता है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में अनुसूचित जनजाति की आबादी नहीं है। देश में आरक्षण का इतिहास रक्तरंजित रहा है। राजनीतिक दलों ने इसकी आग में राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम किया है। ओबीसी आरक्षण के खिलाफ आरक्षण की आग में देश कई बार झुलस चुका है। पहली बार मंडल कमीशन की सिफारिशों को 1990 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने लागू किया तो देश में सवर्ण समुदाय के लोग इसके विरोध में सडक पर उतर आए। ओबीसी आरक्षण के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुआ। इस दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र राजीव गोस्वामी ने आत्मदाह कर लिया।

# भारतरत्न सम्मान है या लॉलीपॉप

भारत-रत्न मिलता नहीं है, इसे जीता जाता है। बहुत कम लोग हैं जो इसे जीते-जी हासिल कर सके, बहुत से लोगों को ये मरणोपरांत दिया गया, इसमें पाने वालों का कोई दोष नहीं है, सारा दोष देने वालों का है। चूंकि भारत-रत्न के लिए चयन का कोई स्थापित मापदंड नहीं है इसलिए इसमें अक्सर देर हो जाती है, बल्कि अब इसे लॉलीपॉप की तरह इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। मौजूदा सरकार ने भी पिछले पांच साल में किसी को भारत-रत्न सम्मान नहीं दिया। अब दे रही है जब लोकसभा चुनाव सिर पर है और विपक्ष देश में जातीय जनगणना का मुद्दा लेकर आगे बढ़ा है। मजे की बात ये है कि जातीय जनगणना का मुद्दा उठाने वाले बिहार के ही दलित नेता कपूर्री ठाकुर का नाम इसके लिए चुना गया, क्योंकि 24 जनवरी को उनकी जन्म शताब्दी है। ये सम्मान अब स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर के तो किसी काम का नहीं है किन्तु भाजपा के लिए चुनाव में बहुत काम आएगा। केंद्र सरकार ने 9 फरवरी 2024 को जिन तीन नेताओं को भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा की उनके जरिये भी भाजपा उत्तर प्रदेश में विपक्ष को कमजोर करने कि साथ ही दक्षिण में अपने लिए कामयाबी की दो नयी सीढ़ियां लगाने में सफल होती दिखाई दे रही है। क्योंकि कपूर्री ठाकुर को भारतरत्न देते ही भाजपा को बिहार में नीतीश कुमार और बिहार की सरकार मिल गयी और चौधरी चरण सिंह को भारतरत्न देते ही चौधरी साहब कि पौत्र जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी का समर्थन भी मिल गया।






राकेश अचल-
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

केंद्र सरकार द्वारा बीस दिन में पांच महापुरुषों को भारतरत्न सम्मान देने की घोषणा से एक बात तो साफ हो गयी है कि सत्तारूढ़ भाजपा राजनीतिक चालें चलने में कांग्रेस समेत दूसरी तमाम राजनीतिक पार्टियों से कोसों आगे निकल गयी है। पिछले महीने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर और फिर पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारतरत्न देने की घोषणा के बाद मौनी अमावस्या के दिन पूर्व प्रधानमंत्री पीव्ही नरसिम्हाराव, चौधरी चरण सिंह और एस स्वामीनाथन को भारतरत्न देने की घोषणा कर प्रमाणित कर दिया है कि सरकार ने भारतरत्न सम्मान को लॉलीपॉप में तब्दील कर दिया है। कहने को भारत सरकार के ये फैसले राजनीति से परे हैं क्योंकि एक लालकृष्ण आडवाणी को छोड़कर जिन चार अन्य नेताओं को भारतरत्न सम्मान दिया गया है वे दूसरे दलों के नेता हैं। मैंने पिछले माह 24 जनवरी को ही भारतरत्न सम्मान के बारे में एक लेख लिखा था। मैंने कहा था कि अफसोस इस बात का है कि ये फैसला लेने में सरकार ने न सिर्फ दस वर्ष लगा दिए बल्कि इस पुरस्कार को भी राम मंदिर मुद्दे की तरह एक चुनावी तुरुप की तरह इस्तेमाल किया। भारत-रत्न मिलता नहीं है, इसे जीता जाता है। बहुत कम लोग हैं जो इसे जीते-जी हासिल कर सके, बहुत से लोगों को ये मरणोपरांत दिया गया, इसमें पाने वालों का कोई दोष नहीं है, सारा दोष देने वालों का है। चूंकि भारत-रत्न के लिए चयन का कोई स्थापित मापदंड नहीं है इसलिए इसमें अक्सर देर हो जाती है, बल्कि अब इसे लॉलीपॉप की तरह इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। मौजूदा सरकार ने भी पिछले पांच साल में किसी को भारत-रत्न सम्मान नहीं दिया। अब दे रही है जब लोकसभा चुनाव सिर पर है और विपक्ष देश में जातीय जनगणना का मुद्दा लेकर आगे बढ़ा है। मजे की बात ये है कि जातीय जनगणना का मुद्दा उठाने वाले बिहार के ही दलित नेता कपूर्री ठाकुर का नाम इसके लिए चुना गया, क्योंकि 24 जनवरी को उनकी जन्म शताब्दी है। ये सम्मान अब स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर के तो किसी काम का नहीं है किन्तु भाजपा के लिए चुनाव में बहुत काम आएगा। केंद्र सरकार ने 9 फरवरी 2024 को जिन तीन नेताओं को भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा की उनके जरिये भी भाजपा उत्तर प्रदेश में विपक्ष को कमजोर करने कि साथ ही दक्षिण में अपने लिए कामयाबी की दो नयी सीढ़ियां लगाने में सफल होती दिखाई दे रही है। क्योंकि कपूर्री ठाकुर को भारतरत्न देते ही भाजपा को बिहार में नीतीश कुमार और बिहार की सरकार मिल गयी और चौधरी चरण सिंह को भारतरत्न देते ही चौधरी साहब कि पौत्र जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी का समर्थन भी मिल गया। दक्षिण में स्वर्गीय पीव्ही नरसिम्हाराव और वैज्ञानिक एस स्वामीनाथन के भक्त भी भाजपा को अपना आशीर्वाद दे सकते हैं। भाजपा के लिए ये बेहत सस्ता सौदा है। दुर्भाग्य ये है कि जिस तरह से भारतरत्न सम्मान चुनाव से एन पहले दिए जा रहे हैं उससे इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान की सुचिता और गरिमा खाक में मिल गयी है। आज की भाजपा कि नेताओं ने भाजपा संस्थापक श्री लालकृष्ण आडवाणी को पिछले दस साल में बीसियों बार अपमानित किया। हाल ही में 22 जनवरी 24 को भी अयोध्या में रामलला कि विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से भी उन्हें दूर रखा, लेकिन जब पता चला कि उनकी इस हरकत से पार्टी में गहन असंतोष है तो आडवाणी जी को भारतरत्न देने की घोषणा कर दी, हालाँकि भाजपा को अपनी भूल सुधार का कोई फायदा होने वाला नहीं है। भाजपा में जहाँ एक और भक्तिभाव हिलोरें ले रहा है वहीं दूसरी और असंतोष कि बीज भी अंकुरित हो चुके हैं। ये अंकुर पनपेंगे या नहीं ये कहना कठिन है। भाजपा के मौजूदा नेतृत्व ने संसद में आने वाले आम चुनाव में भाजपा को 370 सीटें जितने और भाजपा गठबंधन को 400 सीटें दिलाने का ऐलान कर अपने गले में खुद फंदा डाल लिया है। भाजपा को इस लक्ष्य तक पहुँचने कि लिए ईव्हीएम कि साथ ही चुनाव मैदान में खड़े छोटे-बड़े दलों की सहायता की भी जरूरत है। भाजपा ने बिहार में कपूर्री ठाकुर को भारतरत्न देकर जदयू का समर्थन हासिल कर लिया।

# समाज सुधार के प्रणेता: महर्षि दयानंद सरस्वती



सुशील देव-
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है)

भारत में भेदभाव, सती प्रथा और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध उदघोष करने वाले संत महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जन्म शताब्दी उनकी जन्मस्थली गुजरात के टंकारा में 10 से 12 फरवरी तक मनाई जाएगी। देशभर में इसकी पुरजोर तैयारियां की जा रही हैं। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए हर कोई एक-दूसरे से अपील कर रहे हैं कि वह इस कार्यक्रम में टंकारा अवश्य पहुंचें। यह बहुत ही महत्वपूर्ण एवं पावन अवसर होगा, जब हम अपनी संस्कृति के प्रमुख ध्वज वाहक महर्षि दयानंद सरस्वती की जन्म जयंती महोत्सव को एक साथ मिलकर मनाएंगे। देश-विदेश से यहां लाखों अनुयायियों के आने की संभावना है। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य उनके संदेश को बताना और उनके उल्लेखनीय कार्यों का सामूहिक संकल्प लेना भी है। जन्म शताब्दी समारोह को लेकर आर्य समाज एवं अनुयायियों में असीम उत्साह का माहौल है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जो देश के भविष्य के इतिहास को निर्मित करेगा। पूरे विश्व के लिए यह मानवता के भविष्य के प्रेरणा का पल है। हिंसा और अस्थिरता को दौर में हम पूरे विश्व को श्रेष्ठ बनाएं और उनके श्रेष्ठ विचारों का संचार करें तथा महर्षि दयानंद के दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करें। महर्षि दयानंद सरस्वती ने ह्वआर्य समाजह्ल की स्थापना 10 अप्रैल 1875 में मुंबई में की थी, जिसका उद्देश्य इस धरती से अन्धविश्वास, धर्म के नाम पर पाखंड, जातिवाद, परतंत्रता, गुरुडम आदि का उन्मूलन करना था। इसे एक हिंदू सुधार आंदोलन के रूप में भी देखा गया है। उनका कहना था कि सभी निर्भय होकर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए पुरुषार्थ करें। स्वामी जी आजीवन प्रयासरत रहे और संन्यासी योद्धा कहलाएं। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने और वैदिक शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया। ह्ववेदों की ओर लौटेंह्ल उनका सूत्र वाक्य था। वह निराकार ब्रह्म में आस्था रखते थे और वेदों के ज्ञान को ही ईश्वरीय ज्ञान के रूप में मानते थे। प्राचीन भारत के समान वैदिक धर्म प्रचार के लिए उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की थी। स्वामी जी संसार को मिथ्या नहीं मानते थे अपितु ईश्वर, जीव और प्रकृति की तीन अनादि सत्ता को मानते थे। वह कहते थे कि मनुष्य की जाति का निर्धारण उसके जन्म अपितु उसके गुण, कर्म और स्वभाव के अनुसार होना चाहिए। मानव जीवन में जन्म से मृत्यु तक 16 संस्कारों की प्रधानता है। इन संस्कारों से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है। स्वामी दयानंद यज्ञ, संध्या और उत्तम आचरण को विशेष महत्व देते थे। उनका कहना था कि यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होती है और प्राणी मात्र का परोपकार होता है। सत्य ज्ञान को प्राप्त करना, बुद्धिमानों की संगति, सत्य भाषण और परोपकार करने से जीवन में उन्नति होती हैं। स्वामी दयानंद का जन्म हिंदु ब्राहमण परिवार में 12 फरवरी 1824 को गुजरात में राजकोट के निकट मौरवी राज्य के टंकारा ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री कर्षण लाल और माता का नाम श्रीमती यशोदा बाई था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा वैदिक संध्या तथा वेद मंत्रों के पाठ से शुरू हुई थी। शिवरात्रि को आपने 14 वर्ष की आयु में आपने व्रत रखा। रात्रि में जब सब सो गए पर आप जागते रहे। एक ओर आपने जब शिवलिंग पर चूहे को दौड़ते हुए देखकर तो आपकी मूर्तिपूजा से अनास्था उत्पन्न हो गई। दूसरी ओर अपनी बहन और चाचा की मृत्यु से उनके मन में विरक्ति के भाव जाग उठे। इसके बाद 20 वर्ष की आयु में उन्होंने गृह त्याग दिया और देश में घूम-घूम कर सत्य एवं ज्ञान की खोज करने लगे। अनेक सन्यासियों, तीर्थों, मठों, मंदिरों, पर्वतों, नदियों के तट आदि में सच्चे शिव की खोज करते हुए 32 वर्ष की आयु में1859 में मथुरा आए। यहाँ दण्डी स्वामी विरजानन्द जी से आपने वैदिक साहित्य का अध्ययन किया। दण्डी जी से आर्ष ग्रंथों के स्वाध्याय एवं प्रचार का संकल्प लेकर आप तीन वर्ष के पश्चात आगरा आ गए। यहाँ पर आपने वेदों के स्वाध्याय एवं चिंतन पर पुरुषार्थ किया। 1875 में आपने बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की। गुजराती भाषी होते हुए भी उन्होंने अपने प्रवचन या लेखन में हिंदी का ज्यादातर प्रयोग किया। 30 अक्टूबर 1883 में आपका देहावसान हो गया। सत्यार्थ प्रकाश, वेदांग प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेद भाष्य, यजुर्वेद भाष्य, संस्कृत वाक्य प्रबोधआदि स्वामी दयानंद की प्रमुख रचनाएं थीं। जीवन दर्शन के संदर्भ में वह कहते थे कि मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मानुभूति या मोक्ष है, जिसे पतंजलि योग विधि द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश में सपा के पूर्व विधायक को जान से मारने की धमकी

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता एवं पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने और उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने की पुलिस से शिकायत की है और इसके लिए अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले की जांच पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ को सौंपी गई है। वर्मा ने शनिवार को कहा कि कोई व्यक्ति अलग-अलग नंबर से फोन करके उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है तथा अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धमकियों के कारण वह ह्यह्यमानसिक रूप से काफी परेशानह्लह्ल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके राजनीतिक विरोधियों की साजिश है। पूर्व विधायक ने कहा कि उन्होंने पुलिस से भी इस संबंध में शिकायत की है लेकिन इसके बावजूद शनिवार सुबह दो अलग-अलग नंबर से फिर से फोन आया जो उनकी बेटी ने उठाया। उन्होंने कहा कि आरोपी ने उनकी बेटी के साथ ही अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने इस बारे में बताया कि वर्मा की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है तथा मामले की जांच साइबर प्रकोष्ठ को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### बसपा प्रमुख मायावती ने हल्द्वानी में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त की

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर एक बयान में कहा, ह्यह्यउत्तराखंड राज्य के हल्द्वानी में हुई हिंसा और उसमें जान-माल की क्षति अति-चिंतनीय है। अगर सरकार, प्रशासन व खुफिया तंत्र सतर्क होता तो इस घटना को रोका जा सकता था। सरकार इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए तथा अमन-चैन भी कायम करे। उन्होंने कहा, साथ ही, उत्तराखंड से सटे उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में भी आए दिन किसी ना किसी मुद्दे को लेकर तनाव की स्थिति बनी रहती है, जिसे समय रहते सरकार को नियंत्रित कर लेना चाहिए ताकि यहां भी शांति व्यवस्था बनी रहे।

### बरेली की घटना में दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज हुए मुकदमें

इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने शुक्रवार नाटकीय ढंग सें गिरफ्तारी दी। उसके बाद हंगामा कर अपने निवास की ओर चले गए। पुलिस का मानना है कि मौलाना के बयान के बाद उग्र भीड़ के चलते यह घटना घटित हुई है। श्यामगंज में हुई घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर शनिवार को मुकदमा दर्जकर लिया गया है। थाना बारादरी के जगतपुर निवासी कपिल मुताबिक, वह अपने दोस्त समीर के साथ श्यामगंज बाजार सें मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास मौजूद थे। इस बीच सामने से आ रहे 50-60 अज्ञात लोगों नें रोक कर उन दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बाइक को नुकसान भी पहुंचाया। दोनों युवकों ने भागकर अपनी जान बचाई। दूसरे पक्ष हजियापुर निवासी मुस्तकीम मुकीम ने बताया कि वो आला हजरत मस्जिद से जुमें की नमाज पढ़कर वापस लौट रहा था। जैसी ही वो साहू गोपीनाथ चौराहे पर पहुंचा 20 से 25 अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। इस बीच आस -पास खड़े लोगों नें उसकी जान बचाई है। थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच क जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

### सोनभद्र में मिट्टी का टीला ढहने से तीन लोगों की मौत

अनपरा थाना क्षेत्र में शनिवार की दोपहर में झीगुरदह हनुमान मंदिर के पास मिट्टी के टीला धसकने से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सुत्रों ने बताया की शनिवार की दोपहर 01:30बजे झीगुरदह हनुमान मंदिर के पास स्थित एक सफेद मिट्टी के पहाड़ी से ओबरा क्षेत्र के बैरपुर टोला निवासी कुछ लोग घर की पुताई करने के लिए सफेद मिट्टी निकाल रहे थे। इसी बीच पास के कोयला खनन क्षेत्र में हैवी ब्लास्टिंग हुवा जिसके कारण मिट्टी का टिला धसक गया और चार लोग उसमें दब गए। घटना के बाद मौक पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर मिट्टी में दबे तिन शव को बाहर निकलवाया और गंभीर रूप से घायल रामजतन को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया।

# उत्तर प्रदेश में अब लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश विधानसभा में शनिवार को उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 और उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्तन (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित हो गया। इसमें कहा गया है कि अब लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। दूसरे विधेयक में लोक आयुक्तट और उप लोक आयुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष का प्रावधान किया गया है। उप्र सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्नान ने उप्र लोक आयुक्तध तथा उप लोक आयुक्तर (संशोधन) विधेयक का प्रस्ताव सदन में रखा जिसके समर्थन में बहुमत होने से अध्यक्ष सतीश महाना ने दोनों विधेयकों के पारित किये जाने की घोषणा की। इसके पहले राज्यो के मुख्य्र विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने दोनों विधेयकों के मसौदे की खामियां गिनाते हुए इसे प्रवर समिति को सौंपे जाने का प्रस्ताव रखा लेकिन दोनों प्रस्ताव गिर गये। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त् (संशोधन) विधेयक के बारे में बताया कि इसमें लोक आयुक्तर और उप लोक आयुक्त् का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष कर दिया गया है और अधिकतम आयु 70 वर्ष कर दी गयी है। हालांकि सपा सदस्य डॉ. आर.के. वर्मा अधिकतम आयु 60 वर्ष किये जाने पर जोर दे रहे थे। उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 विधेयक के बारे में ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि नोएडा में एक घटना के बाद विधायक धीरेन्द्र सिंह और पंकज सिंह ने यह मांग की थी कि लिफ्ट और एस्केलेटर के लिए कानून बनाया जाए। सदस्यों को बधाई देते हुए शर्मा ने कहा कि विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि सार्वजनिक रूप से लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसमें हादसा होने पर तत्काल सूचना देने और बीमा तथा मुआवजा का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक के कानून बनने के बाद लिफ्ट और एस्केलेटर बिना ऊर्जा विभाग की मंजूरी प्राप्त किये नहीं लगाया जा सकेंगे। लिफ्ट और एस्केलेटर बनाने और इसे स्थापित करने वाली तथा रखरखाव करने वाली एजेंसियों के लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। हर पांच साल में इसका नवीनीकरण कराना होगा। हर साल इसकी जांच करानी होगी और इसके लिए 1500 रुपये शुल्क जमा करना पड़ेगा। मरम्मत नहीं कराने और मानक की अनदेखी करने पर भी संबंधित मालिक या संस्था पर जुमार्ना लगाया जाएगा। शर्मा ने विधेयक को समय की मांग बताते हुए यह भी कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और हरियाणा आदि राज्यों में लिफ्ट लगाने के लिए अपना कानून है लेकिन उत्तर प्रदेश में अभी इसके लिए कोई प्रावधान नहीं था। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने से न केवल हादसों पर अंकुश लगेगा बल्कि व्यवस्था भी मजबूत होगी। भाजपा के सदस्य धीरेन्द्र सिंह ने विधेयक लाये जाने पर मुख्यवमंत्री योगी आदित्य नाथ और ऊर्जा मंत्री शर्मा के प्रति सदन में आभार ज्ञापित किया और कहा कि यह विधेयक मील का पत्थर साबित होगा। हालांकि सपा के सदस्यों डॉ. आरके वर्मा, अमिताभ वाजपेयी और कमाल अख्तार ने इसके मसौदे की खामियां गिनाते हुए प्रवर समिति को सौंपे जाने की मांग की। अमिताभ वाजपेयी ने कहा कि इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि बीमा कौन देगा, मुआवजा कौन देगा और लिफ्ट से अब तक हुए हादसों का आंकड़ा नहीं दिया गया है। उनकी शिकायत थी कि यह जल्दबाजी में तैयार किया गया है। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि नियमावली में सभी प्रावधान किए जाएंगे। दोनों विधेयकों के पारित होने के बाद सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाकर इसका स्वागत किया





# भगवान राम को लाने वाले धर्म और राम का अपमान कर रहे हैं : अखिलेश यादव

**लखनऊ, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि वे राम को लेकर आए हैं, वे भगवान श्रीराम का अपमान करते हैं और ऐसा कहकर आप धर्म और भगवान राम का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का अपमान बंद कर देना चाहिए। यादव ने कहा, ह्वयह बात कही गयी कि हमने प्रभु राम का नाम नहीं लिया लेकिन जब भगवान राम दिल में बसते हो तो फिर नाम लेने की क्या जरूरत हैं? राम पहले भी थे, आज भी हैं और हमेशा रहेंगे। जब हम आप नहीं थे, प्रभु राम तब भी थे और जब हम आप नहीं रहेंगे प्रभु राम तब भी रहेंगे। इसलिए ऐसा कहना कि आप प्रभु राम को लाये हैं, ऐसा कह कर आप प्रभु राम का अपमान तो कर ही रहे हैं, साथ ही साथ धर्म को भी अपमानित कर रहे हैं ह्ल उन्होंने कहा, ह्यह्ययाद रखिए प्रभु राम अजर हैं, अमर हैं और सबके हैं। प्रभु राम के नाम पर राजनीति करना बंद करिए। यादव ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण से यह मालूम हुआ कि सरकार ने अयोध्या को संजाने संवारने में 31 हजार करोड़ रुपएं खर्च किये। बजट पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है लेकिन उसे खर्च नहीं कर पाती। सरकार ने जितना आवंटन किया उस पर खर्च कितना हुआ है, इसकी जानकारी नहीं देती। अखिलेश ने अलग-अलग विभागों को पिछले वर्ष आवंटित किए गए बजट और उस पर हुए खर्च का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य का बजट सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही रहेगा कि प्रदेश की 90 फीसदी जनता के लिए उसमें क्या है? भाजपा की नीति आम जनता के लिए नही हैं। प्रदेश सरकार 10 प्रतिशत संपन्न लोगों के लिए 90 प्रतिशत बजट रखती हैं और 90 प्रतिशत जरूरतमंद जनता के लिए नाम मात्र दस फीसदी बजट। सपा प्रमुख ने कहा, ह्वउप्र की सरकार हमें आंकड़ों में उलझाती हैं। सीधी सीधी यह बात बतायें कि इस बजट से महंगाई से कितनी राहत मिलेगी। इस बजट में कितने युवाओं को रोजगार मिलेगा? अपराध और भ्रष्टाचार कम करने के उपायों पर कितना खर्च दिया जायेगा। मंदी और जीएसटी की मार झेल रहे काम, कारोबार और दुकानदारी को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रावधान हैं? क्या इस बजट में किसान की बोरी की चोरी रूकेगी या नहीं। फसल का सही दाम या किसानों की आय दोगुनी होगी या नहीं? अखिलेश ने पूछा, ह्वइस बजट में अच्छी दवाई और अच्छी पढ़ाई के लिए कितना आवंटन हैं? सरकार बताये कि बिजली के प्लांट के लिए कितना बजट हैं। सरकार बतायें कि सड़कों के गड्ढे भरने के लिए बजट हैं या नहीं? उन्होंने पूछा कि पिछले सात वर्ष में गड्ढे भरने के बहाने कितना पैसा खर्च किया गया हैं? उन्होंने बजट के बड़े आकार पर कहा, ह्वबड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर, पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूरह्ल। यादव ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन देश के 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर हैं। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट नहीं। युवाओं के लिए सेना में सिर्फ चार साल की अग्निवीर की भर्ती है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में सात लाख 36 हजार 437 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

# ईडी ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी को समन भेजा

**लखनऊ, एजेंसी**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। उत्तर प्रदेश के बरेली में सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत ने दो दिन पहले इस मामले में लुईस खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की थी। सलमान खुर्शीद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। ईडी का धन शोधन का यह मामला राज्य सरकार की 2017 की प्राथमिकी से जुड़ा है। विशेष लोक अभियोजक अचिंत्य द्विवेदी ने कहा था कि वर्ष 2009-10 में बरेली जिले के भोजीपुरा क्षेत्र में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नीर लुईस खुर्शीद के डॉक्टर जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांगजन के लिए कृत्रिम अंग और उपकरण वितरण का कार्यक्रम कराया गया था। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में धांधली के आरोप लगने पर सरकार ने मामले की जांच करायी थी, जिसमें पाया गया था कि कार्यक्रम में फर्जी मुहर और हस्तोक्षर का इस्तेयमाल करके सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में ट्रस्ट की ह्यप्रोजेक्ट मैनेजरह्ल लुईस खुर्शीद, ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्युष शुक्ला व सचिव मोहम्मद अतहर फारूकी मुख्य आरोपी हैं। शुक्ला का कुछ साल पहले निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने शुक्ला की पत्नी और कुछ अन्य के बयान दर्ज किए हैं और अब लुईस खुर्शीद से जांच में शामिल होने के लिए कहा है।

# मौलाना की चिंगारी भड़की हिन्दू संगठनों ने उठाई आवाज

**बरेली, एजेंसी**

जिस तरह से फिल्म में जब गब्बर आता था तो गांव में सन्नाटा पसर जाता था ठीक उसी की तर्ज पर कल मौलाना ने शहर में दहशत का माहौल बनाया यह कहना था एसपी सिटी के पास शिकायत करने पहुंचे हिंदू संगठनों का। शुक्रवार सुबह नमाज के बाद शहर की फिजा खराब करने उतरे मौलाना के समर्थकों नें शायमगंज चौराहे पर प्रदर्शन के बाद पत्थर बाजी की। वही दूसरे दिन हिन्दू संगठनों के लोगों नें एसपी सिटी सें मिलकर शिकायत दर्ज कराई।

हिंदू संगठन के राजकुमार राजपूत का आरोप है कि मौलाना ने 2010 और 2012 में शहर कों आग में झोकने का काम किया। जिससे आमजन का नुकसान हुआ। उसी तरह मौलाना नें शुक्रवार को उत्तेजित भाषण देकर गुंडागर्दी की हद पार कर दी।जिससे श्यामगंज चौराहे पर भीड़ उग्र हो गईं। जिसनें व्यापारियों का नुकसान किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से फिल्म में गब्बर आने के बाद गांव में सन्नाटा पसर जाता था ठीक वही काम आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर ने किया। लोगों के दिलों में दहशत पैदा की गईं। स्कूलों से जिस तरह फोन आने शुरू हुए घरवाले अपने बच्चों कों लेकर बेचैन होनें लगे। शहर में ऐसा माहौल पैदा किया गया। वही संगठनों का आरोप था कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने अपनें भाषण में प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री को अपशब्द कहे साथ भीड़ के अंदर मौलाना का यह कहना कि हमला करके हम अपनी जान बचाने का अधिकार रखते हैं। जब की भीड़ मौलाना नें ही बुलाई थी। ऐसे उत्तेजित भाषण देकर मौलाना शहर कों आग में झोकने का काम कर रहे थे। वही हिंदू संगठनों ने कहा अबकी बार तहरीर नहीं दी जाएगी न ही कोई ज्ञापन दिया जाएगा। सीधे इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हिंदू संगठनों नें एसपी सिटी से मिलकर शहर की सजा खराब करने वाले आरोपियों खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी सिटी राहुल भाटी के मुताबिक शुक्रवार हुए घटनाक्रम में थाना बारादरी में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। वही हिंदू संगठनों ने आईएमसी प्रमुख के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# यूपीसीडा के 84 इंडस्ट्रीयल प्लॉट्स की मेगा ई-नीलामी कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपान की ओर अग्रसर योगी सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है। इस क्रम में, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विभिन्न कैटेगरी के इंडस्ट्रीयल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए 84 भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि 29 दिसंबर 2023 को यूपीसीडा द्वारा 106 औद्योगिक, 13 व्यावसायिक व 16 बिल्ड अप हॉल फ्लैटेड फैक्टरी भूखंडों की प्रक्रिया शुरू की थी। इस प्रक्रिया में शेष रह गए 84 औद्योगिक भूखंडों की ई-निविदा का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस क्रम में, यूपीसीडा द्वारा जिन भूखंडों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है उनमें उन्नाव ट्रांस गंगा सिटी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, झांसी, अयोध्या, आगरा, हरदोई, वाराणसी समेत कई प्रमुख जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों का मार्ग प्रशस्त होगा। इस ई-निविदा प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ई-टेंडरिंग पोर्टल के जरिए पूरा किया जाएगा। इंडस्ट्रियल, वेयरहाउसिंग व फ्लैटेड फैक्ट्री हॉल के तौर पर होगा भूखंडों का इस्तेमाल राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार के विजन के अनुसार, जिन भूखंडों के आवंटन के लिए नीलामी प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा शुरू किया गया है उनकी रिजर्व्ड प्राइस, कुल एरिया, ईएमडी प्राइज समेत तमाम जानकारियां भी साझा की गई हैं। इसमें से सबसे छोटा भूखंड 2426.97 स्क्वेयर मीटर तो सबसे बड़ा प्लॉट 53563 स्क्वेयर मीटर का है। इसमें जिस भूखंड को सर्वाधिक कीमती माना गया है उसकी रिजर्व्ड प्राइस 64.69 करोड़ रुपये रखी गई है। वहीं, बिल्ड अप हॉल फ्लैटेज फैक्ट्रीज के लिए रिजर्व्ड प्लॉट्स को 50 हजार रुपये के अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) पर प्राप्त किया जा सकेगा। इन भूखंडों में इंडस्ट्रियल, वेयरहाउसिंग, कॉमर्शियल व फ्लैटेड फैक्ट्री जैसी गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। 14 फरवरी है आवेदन का अंतिम दिन मेगा ई-ऑक्शन के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी निर्धारित की गई है। इस ई-निविदा प्रक्रिया को यूपीसीडा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के सहयोग से पूरा किया जाएगा। एसबीआई के ई-टेंडर पोर्टल के जरिए इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे औद्योगिक परिवेश को गति देने में यूपीसीडा अहम भूमिका निभा रहा है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। उसमें यूपीसीडा द्वारा 1.4 लाख करोड़ के बिजनेस इंटेंड्स को धरातल पर उतारने की अंतिम प्रक्रिया को भी पूर्ण करने पर फोकस किया जा रहा है।

# साइबर स्पेस मानवीय जीवन का एक अभिन्न अंग : प्रो. मनोज कुमार

**मुरादाबाद, एजेंसी**



10 फरवरी (वेब वार्ता)। हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के समाजशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के तहत शनिवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका शीर्षक साइबर सुरक्षा और भारतीय समाज अवधारणा, प्रकार्य एवं समउन्नति रहा। संगोष्ठी में ऑनलाइन मोड में 33 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया, जबकि ऑफलाइन बोर्ड में 22 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि के रूप में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया न्यू दिल्ली डीआरडीओ डायरेक्टर डॉ. एस एस किरार ने कहा कि साइबर सुरक्षा किसी विशेष बैंकिंग क्षेत्र से ही नहीं संबंधित है बल्कि इसका क्षेत्र काफी व्यापक है। यह इस रक्षा क्षेत्र एवं शिक्षा को भी समाहित करती है। एक समस्या के रूप में ब्रेन ड्रेन के तहत यहां के बेहतरीन दिमाग जो देश के बाहर चले जाते हैं उनका इस्तेमाल साइबर परिधि को तोड़ने में किया जाता हैं। इस विषय में राष्ट्र को प्रथम रखने की बात कही है। प्रथम मुख्य वक्ता के रूप में जेएनयू के प्रो मनोज कुमार के अनुसार साइबर स्पेस मानवीय जीवन का एक अभिनं अंग है। समाजशास्त्री के रूप में व्यक्ति अलगाव में नहीं रह सकता बल्कि इसे समायोजित करने की जरूरत होती है। उन्होंने इंटरनेट को एक माध्यम एवं एक तकनीक के रूप में देखा है। उन्होंने मोबाइल और कार को महत्वपूर्ण अन्वेषण माना है। जिसमें मोबाइल पढ़ने देखने एवं नियंत्रण का साधन बन गया हैं। डिजिटल नेटवर्कों के जरिए व्यक्तिगत से लेकर लेकर वैश्विक जुड़ाव राज्य एवं बाजार के बीच होता है इसके जरिए एक नेटवर्क सोसाइटी का जन्म होता है जो तकनीक का इस्तेमाल कर अर्थव्यवस्था को जोड़ने का कार्य करता हैं। दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक डॉ. सुमित गिल ने बताया कि हम आंकड़े स्वेच्छा से देते हैं यह आपको निर्णय करना है कि आप अपनी डाटा स्वेच्छा से किसे देना है। इसका चयन स्वयं करना है एवं इसके बचाव के लिए एक सामान्य फोन जो बैंकिंग के लिए इस्तेमाल हो एवं दूसरा अन्य काम के लिए प्रयोग में लाया जाना चाहिए जिससे व्यक्ति की डाटा सुरक्षित रह सके। डॉ डीपीएस तोमर ने साइबर अपराध को एक सफेदपोश अपराध बताया है। उनके अनुसार समाज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है और इसमें कई सामाजिक वर्गीकरण मौजूद है जो उन्हें ज्यादा सुभेद बनाता है। हिंदू कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत ने ने साइबर सुशासन को बेहतर बनाने की मांग की। डॉ सुबह सिंह यादव के द्वारा यह बताया गया कि जी-20 की अध्यक्षता में भारत ने अपनी चिंता व्यक्त की हैं इस पर वैश्विक सहयोग की अपील की। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के प्रो. डॉ अरविंद चौधरी ने अभी के समाज को ज्ञानवर्धक समाज माना हैं। जिसमें सूचना का स्त्रोत कंप्यूटर एवं आधारित सामग्रियां हैं। वही दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज के प्रोफेसर विजय कुमार वर्मा ने समाज में आदमी को तकनीक का पर्याय नहीं माना उन्होंने कहा है कि तकनीक व बाजार को नियमित नहीं किया जा सकता इस वैश्वीकरण ने समाज में एक खंडित व्यक्ति को पैदा किया है जिसमें बहुत अंतर विरोध पाया जाता है। समाजशास्त्र विभाग हिंदू कॉलेज के प्रभारी प्रोफेसर रमाकांत ठाकुर ने बताया कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी आने वाले युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है

# छह माह से बंद पड़े हैं विद्युत व्यथा निवारण फोरम, उपभोक्ता परिषद ने सरकार से हस्तक्षेप की मांग की



**लखनऊ, एजेंसी**

छह माह से उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को दूर करने के लिए गठित विद्युत नियामक आयोग के सभी 1758 विद्युत व्यथा निवारण फोरम बंद पड़े हैं। इससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। इसे लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के साथ ही प्रदेश के आने को जनपदों के उपभोक्ताओं ने इसकी मांग उठाते हुए कहा कि पूर्व में गठित पूरे प्रदेश में कमिश्नरी लेवल के 22 विद्युत व्यथा निवारण फोरम को पुनः चालू किया जाए। उपभोक्ताओं के लिए ज्यादा हितकर वर्तमान फोरम उपभोक्ताओं की समस्याओं से बेखबर केवल कागजों तक ही सीमित है। प्रादेशिक वेबिनार में उपभोक्ताओं ने कहा कि बारिश में नदी के किनारे बसे गांव की बिजली पानी भर जाने की वजह से तीन-चार महीने तक बंद रहती है। इस समस्या का निवारण होना चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से उनकी समस्याओं को समझने और उसका समाधान कराने को लेकर आयोजित साप्ताहिक प्रादेशिक वेबिनार में आज प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं ने पूरे उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए बने विद्युत व्यथा निवारण फोरम सीजीआरएफ को पूरी तरीके से फेल बताया। अगस्त 2023 के बाद पूरे कमिश्नरी लेवल पर कार्यरत 22 विद्युत व्यथा निवारण फोरम की जगह बनाए गए। उपखंड लेवल से लेकर कंपनी लेवल तक 1758 फोरम पिछले 6 महीने से पूरी तरीके से बंद पडे हैं। केवल एक दो फोरम ही काम कर रहे हैं, जिसके लिए सबसे पहली जिम्मेदारी विद्युत नियामक आयोग की है कि उसके द्वारा गठित फोरम यदि काम नहीं कर रहे हैं तो पुराने फोरम को चालू किया जाए, क्योंकि विद्युत उपभोक्ता जाए तो जाएं कहां जाएं। वेबिनार में शामिल उपभोक्ताओं के सामने अपनी बात रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली चोरी को छोड़कर हर समस्या के समाधान को लेकर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता बिजली फोरम का चक्कर लगा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि जब यह नए फोरम बनाए जा रहे थे, तो उपभोक्ता परिषद ने कड़ा विरोध किया था।

# पुलिस महानिदेशक ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर मातहतों को दिए निर्देश



**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ, 10 फरवरी (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सिविल पुलिस सीधी-2023 के पदों के लिए 17 और 18 फरवरी को सभी जिलों में परीक्षाएं आयोजित होंगी। परीक्षा को नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय में ब्रीफिंग में अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिये हैं। डीजीपी ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर आने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या का आकलन कर पुलिस कर्मी यातायात और सुरक्षा-व्यवस्था का इंतजाम कर लिया जाये। परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्था एवं प्रबंध के लिए जिलाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारियों संग समन्वय स्थापित कर इंतजाम कर लिया जाये। महत्वपूर्ण हॉट-स्पॉट पर क्यूआरटी टीमें तैनात की जाएं। परीक्षा केन्द्रों पर आने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन, आवास एवं भोजन की कोई समस्या न हो, इसकी भी व्यवस्था कर ली जाए। रेलवे, मेट्रो स्टेशन एवं बसों, टैक्सी स्टैण्ड तथा होटल एवं रेस्टोरेंट पर भीड़ प्रबंधन के लिए कार्ययोजना पहले से बना ली जाए। परिक्षा केंद्रों पर राजपत्रित अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेटों की संयुक्त ड्यूटी लगाई जाए। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। जनपदीय अभिसूचना तंत्र एवं सोशल मीडिया सेल को और अधिक सक्रिय एवं सतर्क रखा जाए। परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा आपत्तिजनक तथ्यों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उसका खंडन किया जाए तथा दोषियों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाए। विभिन्न होटलों, धर्मशालाओं, पार्कों, बस स्टॉपों एवं रेलवे स्टेशनों पर अभ्यर्थियों की आवाजाही के मद्देनजर प्रभावी पुलिस व्यवस्था एवं गश्त सुनिश्चित की जाए। परीक्षा के संबंध में नियमित तिथि एवं समय पर कड़ी व्यवस्था की जाये। परीक्षा केंद्रों पर पुरुष एवं महिला पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था तथा परीक्षा केंद्रों तक प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं को पहुंचाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एसटीएफ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रिपल आईटी में डेटा संचालित उद्यमिता पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 12 से

**प्रयागराज, एजेंसी**

नवाचार को उत्प्रेरित करने के लिए डेटा संचालित उद्यमिता पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) इलाहाबाद एवं एमएसएमई मंत्रालय द्वारा झलवा परिसर में 12 फरवरी से आयोजित है। इसमें 50 से अधिक उम्मीदवारों में से 20 नवोदित उद्यमियों को इस कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने के लिए चयनित किया गया है। प्रमुख सह समन्वयक डॉ. अनुरिका वैश्य ने कहा कि यह कार्यशाला उद्यमिता और डेटा एनालिटिक्स के अंतसंबंध का पता लगाने के लिए उत्सुक इच्छुक प्रतिभाओं का एक जीवंत मंच साबित होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ और टेक महिंद्रा में मेकर्स लैब के प्रमुख अमित दुबे जैसे प्रसिद्ध विशेषज्ञ अन्य दिग्गजों के साथ, डेटा संचालित उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं के माध्यम से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने के लिए अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रबंधन अध्ययन विभाग के प्रमुख डॉ.प्रज्ञा सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य न केवल प्रतिभागियों को डेटा विश्लेषण और विजुअलाइजेशन टूल में व्यावहारिक कौशल से लैस करना है बल्कि उद्योग विशेषज्ञों और साथी उद्यमियों के साथ नेटवर्किंग के अवसरों के माध्यम से मूल्यवान कनेक्शन और सहयोग को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा व्यावसायिक रणनीतियों को आकार देने और नवाचार को आगे बढ़ाने में डेटा का महत्व लगातार बढ़ रहा है, इसलिए ट्रिपल आईटी में यह कार्यशाला भविष्य के उद्यमियों को डेटा संचालित युग में आगे बढ़ने के लिए उपकरण और ज्ञान के साथ सशक्त बनाती है। ट्रिपल आईटी के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. पंकज मिश्र ने बताया कि बिजनेस लैंडस्केप को नेविगेट करने, रणनीतिक संवर्धन और रीयल टाइम उपयोगकर्ता फीडबैक विश्लेषण को अनुकूलित करने जैसे विषयों को कवर करने वाले सत्रों के साथ, उपस्थित लोगों को बाजार के अवसरों की पहचान करने, संचालन को अनुकूलित करने और ठोस सबूतों के आधार पर सूचित निर्णय लेने के लिए अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी। यह कार्यशाला भविष्य को आकार देने के लिए तैयार डेटा प्रेमी उद्यमियों की एक नई लहर के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी।

# अवैध बालू कारोबार के खिलाफ पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## रोहतास जिले के बिक्रमगंज तेंदूनी चौक के पास से बालू लदे ट्रक को किया गया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। जिले में अवैध बालू कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खनन विभाग एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध बालू कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है लेकिन बावजूद इसके बालू माफियाओं के द्वारा अवैध बालू का खनन एवं परिवहन बदस्तूर जारी रखा गया है। इसी को लेकर खनन विभाग एवं पुलिस- प्रशासन के द्वारा संयुक्त कार्रवाई के तहत बिक्रमगंज तेंदूनी चौक से ओवरलोडेड बालू लदे चार ट्रक को जप्त किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बिक्रमगंज खान निरीक्षक ने बताया कि बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक के निर्देश पर बिक्रमगंज थाने की पुलिस और खनन विभाग की टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान बिक्रमगंज तेंदूनी चौक से ओवरलोडेड बालू लदे चार ट्रक को खनन विभाग की टीम और पुलिस-प्रशासन ने जप्त किया है। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से अवैध बालू ओभेरलोडिंग को लेकर शिकायतें मिल रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए ओवरलोडेड बालू लदे चार ट्रक को जप्त किया गया है। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक के द्वारा कई घाटों का निरीक्षण भी किया गया है।




पुलिस प्रशासन और खनन विभाग के द्वारा अवैध बालू कारोबार के खिलाफ की गई कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारीयों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। खनन विभाग और पुलिस प्रशासन के द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब खनन नीति के अनुसार वैध सभी घाटों पर धर्मकांटा लगाया गया है तो ऐसे में ओवरलोडेड गाड़ियाँ घाटों से कैसे निकल जा रही है।

आखिर ओवरलोडेड जप्त गाड़ियों के चालान के आधार पर संबंधित घाट संचालकों के विरुद्ध खनन विभाग और पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाना समझ से परे है। अगर जिले में ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक जप्त किए जाते और जिस बालू घाट से ओभरलोडेड ट्रक जप्त किए गए उसके चालान के आधार पर संबंधित घाटो संचालकों पर कारवाई खनन विभाग के द्वारा अगर की जाती तो ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने में खनन विभाग और पुलिस प्रशासन को काफी सहूलियत मिल पाती। बताते चले की तीन दिन पूर्व भी आयरकोठा थानाक्षेत्र से पुलिस प्रशासन और खनन विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए बालू लदे 06 हाईवा ट्रक को जप्त किया गया था। कार्रवाई में खनन विभाग के खान निरीक्षक, बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# बीजेपी लीगल सेल डुमराँव के द्वारा संगठनात्मक की गयी बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




डुमराँव। अनुमण्डलीय कोर्ट के कैम्पस में बीजेपी लीगल सेल की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता बीजेपी लीगल सेल डुमराँव अनुमण्डल के संयोजक मारकण्डेय पाठक व संचालन रमेश कुमार श्रीवास्तव ने किया, जिसमें मुख्य अतिथि लीगल सेल के जिला प्रभारी कमलेश दत्त पाण्डेय, बीजेपी लीगल सेल के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे! बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर लीगल सेल की संगठन को मजबुत बनाने पर जोर दिया गया साथ ही साथ पटना में लीगल सेल के अधिवक्ताओं की महासम्मेलन में भाग लेने व जिला कार्यसमिति करने को लेकर चर्चा की गयी! बैठक के दौरान जिला प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव के द्वारा कहा गया कि हमेशा से संगठन को मजबुत बनाने व चुनाव में अपने प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित कराने में लीगल सेल की अहम भूमिका रही है और आगे भी रहेगी और अगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड जीत दिलाने के लिए लीगल सेल संकल्पित है! बैठक में मुख्य रूप से ओम देव सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, शशी भूषण राय,जय नाथ राम, मनोरंजन पाठक,अनिल कुमार श्रीवास्तव,बसंत चौबे, सुशील कुमार पाठक, सुनील कुमार पाण्डेय, राणा संजय सिंह, बाल अरुण, सुरेन्द्र सिंह, ओम ज्योति भगत,बबीता देवी, त्रिलोकी कुमार मौजूद रहे!

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क सुरक्षा माह के तहत रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

रोहतास। जिले के सासाराम में परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। डीटीओ रामबाबू तथा एमभीआई संजय कुमार के नेतृत्व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।सासाराम के सदर अस्पताल में इसके लिए विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा लोगों से अपील की गई कि वह ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें। चुकी रक्तदान महादान है, रक्तदान से किसी की जीवन बचाई जा सकती है। खासकर सड़क दुर्घटना में जो लोग घायल हो जाते हैं, उन लोगों को रक्त की काफी जरूरत पड़ती है। ऐसे में हम सबको समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। बता दे की 16 फरवरी तक यह विशेष जागरूकता सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

## विभिन्न संगठनों ने समाहरणालय के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

रोहतास। जिले के सासाराम में संयुक्त किसान मोर्चा तथा विभिन्न ट्रेड यूनियन से जुड़े संगठनों के संयुक्त अहवाह्न पर सासाराम में विरोध प्रदर्शन निकाला गया। इस दौरान सासाराम के समाहरणालय पर इन लोगों ने प्रदर्शन किया। इन लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा गलत तरीके से श्रम कानून में संशोधन किया जा रहा है। जिससे श्रमिकों के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है। जिसके खिलाफ 16 फरवरी को पूरे देश में बंद का आह्वान किया गया है। जिसमें विभिन्न किसान संगठनों के अलावा ट्रेड यूनियन के लोग भी शामिल होंगे। इस प्रदर्शन का नेतृत्व माले नेता अशोक बैठा ने किया। इस प्रदर्शन में अपने मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा बताया कि सरकार उनकी मांग हर हाल जल्द करें।

## कछवां पुलिस ने छापेमारी कर दो शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

बिक्रमगंज(रोहतास):कछवां पुलिस ने छापेमारी कर दो शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त , मामले में पुलिस ने भारी मात्रा में महुआ पास शराब को किया विनष्ट। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी में स्थानीय पुलिस के द्वारा छापेमारी की गई। जिस दौरान पुलिस के द्वारा दो शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही साथ उक्त स्थल से पुलिस ने करीब 2 हजार लीटर महुआ पास शराब को बरामद करते हुए सोन नदी के तटीय इलाकों में पुलिस पदाधिकारी की देखरेख में पुलिस कर्मियों द्वारा विनष्ट किया गया। मौके पर स्थानीय थाना के वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ पुलिस बल के जवान लोग उपस्थित थे।

## 53 हजार रुपये का कटा ऑनलाइन चालान

बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के बिक्रमगंज, नटवार एवं दिनारा थाना की पुलिस वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में लगातार वाहन जांच अभियान चला रही है। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार , नटवार थानाध्यक्ष राहुल और दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में वरीय अधिकारियों के निर्देशन में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है जो निरंतर चलते रहेगा। तीनों थाना के थानाध्यक्षों ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की जा रही है। जांचोंपरांत पुलिस अधिकारियों के द्वारा सीट बेल्ट , हेलमेट , ऑनर-बुक , ड्राइविंग लाइसेंस , ट्रिपल लोडिंग , डिक्की सहित अन्य विन्दुओं पर काफी गहनता से जांच की गई। साथ ही साथ वाहन चालकों को सख्त निर्देश देते हुए छोड़ा गया और कहा गया कि दुबारा पकड़े जाने पर वैसे लोगों के विरुद्ध विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आय प्रमाण पत्र के पेच में फॉर्म भरने से वंचित हो रहे बेरोजगार

संझौली(रोहतास)। अंचल कर्मियों की मनमानी की वजह से बिहार लघु उद्योग योजना का आवेदन करने से संझौली प्रखंड के बेरोजगार वंचित हो रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी तक ही है। युवा रोज आरटीपीएस केंद्र अंचल कार्यालय और उद्योग विभाग का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन समस्या का निदान नहीं हो रहा है। चिंता यह है कि प्रमाण पत्र बनाने की स्थिति में लाभ से वंचित रह जाएंगे। शर्तों के अनुसार लघु उद्यमी योजना का लाभ उन्हें बेरोजगार को मिलेगा जिनकी आय प्रतिमाह छः हजार से कम यानी सालाना करीब 65 हजार से 70 हजार होनी चाहिए। समस्या यह है कि अंचल कर्मचारी 65 से 70 हजार सालाना का प्रमाण पत्र बनाने को तैयार नहीं है। कई आवेदक कहते कि आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए चार दिन हो चुके हैं। लेकिन, कर्मचारियों द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। वहीं कई नियोजित शिक्षकों ने कहा कि सक्षमता परीक्षा में फॉर्म अप्लाई के लिए जाती प्रमाण पत्र के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं।

# बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ ने अपना 8 वां स्थापना दिवस मनाया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ का 8 वां स्थापना दिवस टेंपो स्टैंड रेलवे स्टेशन के पास स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया !स्थापना दिवस के अवसर पर भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,क्यामुद्दीन अंसारी,सचिव दिलराज प्रीतम बिहार ऑटो रिक्शा चालक संघ के सचिव किरण प्रसाद राजू खान,वार्ड पार्षद मु०राजन राजू ओझा ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस को मनाया गया !इस अवसर पर मुख्य अतिथि के बतौर टेंपो चालक को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि आरा शहर में टेंपो चालकों के साथ नगर निगम सहित के शहर के पुलिस व असामाजिक तत्वों के द्वारा घोर अत्याचार किया जाता था टेंपो चालकों से पूरे शहर में मनमानी तरीके से अवैध चुंगी की वसूली की जाती थी उनके साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा अक्सर मारपीट किया जाता था पुलिस जुर्म भी जारी था ऐसे वक्त में पिछले 8 साल पहले बिहार राज्य ऑटो रिक्शा चालक संघ की स्थापना की गई थी और इस संगठन के बनने के बाद टेंपो चालकों पर जिला प्रशासन हो पुलिस या अपराधियों का तांडव हो इसके खिलाफ यह संगठन पिछले 8 सालों से संघर्ष कर टेंपो चालकों की प्रतिष्ठा को बनाए रखा आगे जारी रहेगा !भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि एक तरफ मोदी की सरकार के द्वारा देश के मजदूरों किसानों छात्र नौजवानों पर महंगाई की मार पड़ी है रोजगार के सारे अवसर बंद हो रहे हैं इसके खिलाफ उठ रहे जनता की आवाज को यह सरकार कुचल देना चाहती है,देश के तमाम सरकारी संस्थाओं को अदानी-अंबानी के हाथों सौंप देना चाहती है अभी हाल के दिनों में अडानी का जिस तरह से देश में फर्जी चेहरा सामने आया पूरी दुनिया में भारत के नाम को शर्मसार किया है और इस फजीर्वाड़े पर मोदी सरकार चुप्पी साधे बैठी है !मोदी सरकार अडानी के लिए पूरा सरकारी खाजाना खोल दिया गया है !वहीं दूसरी तरफ इस देश में मोदी की तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष जारी है उसे यह सरकार दमन के जरिए रोकना चाहती है और देश की जनता हरगिज नहीं करेगी !बिहार राज्य ई-रिक्शा टेम्पू चालक संघ 16 फरवरी को होने वाले ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय हड़ताल को सफल हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया है !स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी,आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम वार्ड पार्षद मु०राजन,रामाशंकर प्रसाद,राजू खान,राजू ओझा, खुर्शीद आलम,दीपक कुमार,विशेश्वर प्रसाद आदि कई लोग मौजूद थे।

# विश्व हिंदू परिषद के मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का आरा नगर इकाई का हुआ गठन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। विश्व हिंदू परिषद के मातृशक्ति/ दुर्गा वाहिनी का आरा नगर इकाई का हुआ गठन ! आरा के सिद्धनाथ मंदिर में हुए बैठक में लगभग 50 की संख्या में माता बहनों संगठन से जोड़ा गया जिनमे सर्व सहमति और उपस्थिति विभाग सत्संग प्रमुख रमेश मिश्रा के द्वारा विभिन्न दायित्वओ की घोषणा की गई उक्त मातृशक्ति की संयोजिका कांति देवी सह संयोजिका निभा देवी ,गीता देवी सेवा प्रमुख विभा देवी सत्संग प्रमुख कमला देवी सह सत्संग प्रमुख लखी देवी वही दुर्गा वाहिनी की नगर संयोजिका गुड़िया देवी सह संयोजिका सुनीता देवी ,रीता कुमारी छात्रा प्रमुख ज्योति कुमारी मिलन प्रमुख खुशी कुमारी इन सभी को दायित्व दिया गया है उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री अभिषेक चौरसिया ने संबोधित करते हुए कहा मुझे विश्वास है कि हमारे माता बहनों के आने के बाद हमारा संगठन और मजबूत होगा और समाज हित में हमारा संगठन अपना और सेवा दे सकता है वही बजरंग दल के जिला सह संयोजक अमित पांडेय ने बताया बिना माता बहनों के धर्म और राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते जब जब आवश्यकता पड़ी है हमारे माता बहनों ने कभी दुर्गा कभी झांसी की रानी बनकर हमारी रक्षा की हैं। वही विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री श्याम किशोर पाठक ने सभी माता बहनों आभार बधाई दिया।

# कांग्रेस कमेटी कि मजबूत भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए की गई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। देश के लोकप्रिय जन नेता राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पुनः बिहार आगमन जो 15 फरवरी को औरंगाबाद सासाराम कैमूर होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा के तहत भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी कि मजबूत भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए आहुत बैठक कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन आरा में जिलाध्यक्ष अशोक राम कि अध्यक्षता में किया गया बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि "भारत जोड़ो न्याय यात्रा, न्याय का हक मिलने तक" देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली गई है जिसका कुल रूट 6700 किलोमीटर है।

ये देश के 15 राज्यों से गुजरते हुए अंत में मुंबई में पहुंचेंगी जो 110 जिलों से होते हुए यह यात्रा 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा सीटें कवर करेगी जिसमें भोजपुर जिला कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी जिले से दर्जनों गाडियां और सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष शिरकत करेंगे।

# काराकाट लोकसभा में भाजपा ने चलाया गांव चलों अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र में गांव चलों अभियान चलाया। इस अभियान के तहत बीजेपी कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष,बिक्रमगंज नागेश्वर सिंह व काराकाट विधानसभा विस्तारक माधव केसरी, उपाध्यक्ष सुनील सिंह सहित बूथ अध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने लोगों से जनसंपर्क किया।

जहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच रहते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए उसकी कार्य उपलब्धि को बताया। साथ ही कहा कि विगत 10 साल में केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विभिन्न विकास कार्य योजनाएं की जानकारी दी। जिस अभियान को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री डॉ. मनीष रंजन के नगर परिषद,बिक्रमगंज आवास स्थित एक बैठक आयोजित कर लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर विशेष चर्चा की। चर्चा में सभी कार्यकर्ता को निर्देश देते हुए इस अभियान को युद्ध स्तर पर क्षेत्र के सभी गांव शुरूआत के लिए अपील की।

वही भाजपा नेता डॉ. मनीष ने बताया की लोकसभा मिशन 2024 में जुटी भाजपा ने अब गांवों के गलियारों से शहरों तक पहुंचने का रास्ता बनाने में जुटी गई है। जिस अभियान तहत योजनाओं को आम जन तक पहुंचने की मुहिम को लोग काफी सराह भी रहें है। पार्टी द्वारा जारी अभियान मतदाता वोट शेयर को बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, बब सिंह, अभय सिंह, मुन्ना सिंह,चंदन सिंह,नरेंद्र सिंह, शशि सिंह, मनोज सिंह, हरेंद्र हरियाली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता अभियान में शामिल थें।

## शक्ति वंदन सहायता समूह ने की चाय पर चर्चा

शिवसागर(रोहतास):शक्ति बंदन स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा शिवसागर मंडल के सोनहर के शिव प्रागण में किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष छोटे लाल सोनी एवम संचालन मंडल महामंत्री दीपक चौबे ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी जिला महामंत्री अशोक साह जिला उपाध्यक्ष शक्ति बंदन कार्यक्रम के प्रभारी अरुण पांडे जिला के उपाध्यक्ष विवेक सिंह अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण पासवान शिवसागर मंडल प्रभारी राधेश्याम पांडे की उपस्थिति में हुई जिला अध्यक्ष श्री सुशील कुमार ने बताया कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने विश्व में भारत की पहचान दिलाया वही अपने देश में 370 धारा हटा करके एवं राम जन्मभूमि की भव्य मंदिर बनाकर के अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाया जिला महामंत्री अशोक साह ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा तीन करोड़ जीविका दीदियों को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# बोर्ड परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले विद्यालय के उत्प्रेषित छात्राओं का सम्मान सह विदाई समारोह का किया गयाआयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। बालिका उच्च विद्यालय एवं शिशु संस्थान महादेवा रोड आरा में बोर्ड परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले विद्यालय के उत्प्रेषित छात्राओं का सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक श्री रामजी तिवारी, प्रधानाचार्या डॉ. निरुपमा सिंह, शिक्षक सुरेश कुमार तथा सभा में उपस्थित अभिभावक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत एवं नृत्य को प्रस्तुत किया ।

जिसमें सर्वप्रथम वर्ग षष्ट की छात्रा रागिनी कुमारी द्वारा महिषासुर मर्दिनी पर भाव नृत्य प्रस्तुत कर तथा वर्ग सातवीं की छात्रा कृतिका और अंशिका के द्वारा शिव तांडव प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वर्ग पांचवीं की छात्रा नंदनी ने छोटी सी उमर में लग गया रोग और नीतू कुमारी ने जा रे जा ओ हरजाई गीत गा कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया । इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. निरुपमा सिंह ने छात्रों को बताया कि आप अपने जीवन में जो बनना चाहती है उसका विजन स्पष्ट रखें और उसे अपने सामने देखने वाली दीवार पर लिखकर रखें।उसी में रम जाए क्योंकि आज का समय केवल किताब ज्ञान नहीं है बल्कि शिक्षा वही सार्थक है जिसका पालन आप अपनी व्यक्तिगत जीवन में करते हैं। आप वही करें जो करने में आपका मन लगता हो। कार्यक्रम में आगे सौदा खरा खरा , माही मेरा किथे गयो, ६ँ३ॅ४ँ, नच दे रे सारे जैसे गानों पर नीतू कुमारी ,नंदनी कुमारी ,मोनालिसा कुमारी ,रागिनी कुमारी, अंजली कुमारी, अंशिका कुमारी, अनु कुमारी, नेहा कुमारी ,अनिशा कुमारी, कृतिका कुमारी ने अपना नृत्य प्रस्तुत किया। वर्ग तृतीया और चतुर्थ के छोटे-छोटे छात्रों आदित्य कुमार, सत्यम कुमार, शाश्वत कुमार, अजीत कुमार, अमित कुमार, आयुष कुमार, प्रीति कुमारी के द्वारा एक हास्यप्रद नाटक को प्रस्तुत किया गया जिसे जिसे देख सभा में उपस्थित सभी अभिभावक बहुत खुश हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा नंदनी कुमारी सोनी एवं पायल कुमारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुरेश कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका सूर्य कांत कुमार चंद्रभूषण उपाध्याय , पुष्पा पांडेय, गायत्री अघोरी, प्रियंका कुमारी ,एकता कुमारी एवं उषा देवी उपस्थिति रहे।

# गांवों के गलियारों से दिल्ली का रास्ता बना रही भाजपा

प्रात : किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास): काराकाट प्रखंड क्षेत्र में मिशन 2024 में जुटी भाजपा ने अब गांवों के गलियारों से दिल्ली तक पहुंचने का रास्ता पकड़ा है। अभियानों और योजनाओं के माध्यम से आम जन तक पहुंचने की मुहिम में अब गांव चलो अभियान शुरू किया गया है। सात फरवरी से शुरू हुआ अभियान 14 तक चलेगा। जिसमें पदाधिकारी बूथों पर पहुंचकर न पदाधिकारियों बल्कि आम लोगों से मुलाकात कर उनके बीच पार्टी अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर वैसे तो सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और लोगों के बीच पहुंचकर बैठकें और संवाद भी कर रहे हैं। भाजपा शुरू से ही ऐसे अभियानों में आगे रही है और अमृत कलश, विकसित संकल्प भारत यात्रा आदि के माध्यम से जनता तक सरकार के संदेश को पहुंचा रही है। इसी कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राजेश्वर सिंह ने मोथा ग्राम पंचायत के मोथा में आम लोगों के बीच में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को बताया एवं पीएम मोदी के द्वारा किए गए काम को लोगों को बताया । राजेश्वर सिंह ने कहा कि मोदी के संदेश को हर गांव हर घर तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। साथ ही साथ रोहतास जिला भाजपा प्रवक्ता अखिलेश्वर पांडेय ने इटडिया गांव के सभी बूथों पा जा कर के मोदी सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारियां दी गई तथा भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की गई। अखिलेश्वर पांडेय ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। भारत के विश्व में परचम लहराने वाले मोदी जी के नेतृत्व में जो भारत विकास कर रहा है उसका जवाब किसी के पास नहीं है।

भारत में रामराज अगर लाना है आपको काम और है हर खेत को पानी देना है तो भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान पर ही मोहर लगा करके मोदी जी को मजबूत करना है। मौके पर काराकाट पंचायत शक्ति केंद्र प्रमुख अनिल कुमार पांडेय, मोथा ग्राम पंचायत शक्ति केंद्र प्रमुख संजीत कुमार सिंह उर्फ बंटी सिंह, भारतीय जनता पार्टी मंडल मंत्री ददन पांडेय, विनय सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष सनी कुमार गुप्ता, बेनसागर शक्ति केंद्र प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा, बूथ अध्यक्ष बृजनंदन सिंह, रजनीकांत तिवारी, बंशीधर मिश्रा, विजय शाह, सुधीर मिश्रा, अंजनी कुमार पांडेय, छोटक पांडेय, जटा मिश्रा, विजय शाह, जगरोपन मिश्रा, शेषनाथ तिवारी, हरेराम तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

## दो माह से छात्रा गायब कहीं अता- पता नहीं परिजन परेशान

काराकाट(रोहतास)। काराकाट क्षेत्र के बेनसागर गांव निवासी प्रमोद सिंह की 17 वर्षीय बेटी ममता कुमारी दो माह से गायब है । दो माह बाद भी कहीं अता- पता नहीं चल पाया । प्रमोद सिंह ने बताया कि बेटी प्रतिदिन संझौली पढ़ने जाती थी लेकिन 8 दिसंबर 2023 को जब संझौली पढ़ने गयी तो वापस नहीं लौटी । उसके बाद हमने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं अता- पता नहीं चल पा रहा है । थाना के बेटी के गुम होने की प्राथमिकी दर्ज कराया हूं । लेकिन दो माह गुजर जाने के बाद भी बेटी नहीं मिली न ही कहीं पता चल रहा है कि कहां गायब हो गयी , हम सभी परिवार काफी परेशान है । एसआई निशांत कुमार से जानकारी ली गयीं तो बताया गया कि गायब हुई छात्रा की काफी तलाश किया अभी भी लगातार जारी है । इसकी सूचना भी सभी जगह दी गयी है ।

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास): शनिवार को खैरा भूधर पंचायत के अंतर्गत खैरा भूधर काली मंदिर के प्रांगण में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ । कार्यक्रम प्रखंड अनुश्रवण एवं प्रबंधन इकाई बिक्रमगंज रोहतास के तत्वावधान में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं संचालन लोक सेवक नवीन चंद्र साह ने की ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह , बी सी अनंत कुमार सिंह , सुधीर कुमार सुमन , सदेव शर्मा, शंकर राज गुप्ता सहित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की । तत्पश्चात स्कूल के छात्राओं ने आए हुए अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत की तथा मुखिया द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का अंग वस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया । मुखिया श्री गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वच्छता कर्मियों से तन मन धन से सेवा करने का आग्रह किया तथा ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन पर भी चर्चा की । आए हुए जनप्रतिनिधि स्वच्छता कर्मियों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करते हुए अपने-अपने अनुभव साझा किए । श्री साह ने इस शुभारंभ के शुभ अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया एवं राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ लेने का आग्रह किया ।

# दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के लोन डिफॉल्टरों पर बॉडी वारंट जारी



संझौली(रोहतास)। रोहतास जिले में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक ने करीब 6100 लोन डिफॉल्टरों के विरुद्ध दायर किये गये वाद में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा जारी 76 लोगों के विरुद्ध बॉडी वारंट एवं लगभग 3000 ऋणधारकों के विरुद्ध नोटिस निर्गत किया है। इस संबंध में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी दिनेश प्रसाद ने ऋण धारकों से ऋण चुकता कर भविष्य में होनेवाली कानूनी कार्रवाई से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ऋणधारकों को सुविधा के लिए रोहतास जिले के समस्त शाखाओ में प्रत्येक सोमवार को ऋण समझौता कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अतः सभी ऋण धारकों को सलाह दिया जा रहा है कि वें अपने नजदीकी दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा में जाकर अपने ऋण खातों में समझौता कर भविष्य में होने वाली कानूनी कार्रवाई से बचें।

## सरस्वती पूजा को लेकर गीधा ओपी में शांति समिति की बैठक

कोइलवर प्रखंड के गीधा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत गीधा ओपी थाने में सरस्वती पूजा को लेकर एक शांति समिति का महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता गीधा ओपी थाना प्रभारी प्रिया शीला ने की। वही इस बैठक में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। वही इस बैठक में सरस्वती पूजा को लेकर प्रिया शीला ने कहा की थाने से लाइसेंस लेकर हीं पूजा रखें। साथ ही डीजे पर प्रतिबंध रखा गया एवं आपसी सौहार्द बिगड़ना वालों पर पुलिस प्रशासन का पैनी नजर रहेगी।

# सेंट जेवियर्स स्कूल का नया भवन का डीएम ने किया उद्घाटन



आरा :सेंट जेवियर्स स्कूल उद्घाटन समारोह धूमधाम से भोजपुर जिले के आर प्रखंड अंतर्गत बाजार के समीप मनाया गया, उद्घाटन भोजपुर जिला पदाधिकारी राजकुमार ने किया , इस उद्घाटन समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ उनके गार्जियन माता-पिता और अन्य लोग भी पहुंचे, छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी , देखने वाले सभी लोगों को मानों को मोह लिया, वही स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि यह स्कूल काफी पुराना है, छात्र-छात्राओं को शिक्षा देना पहली प्राथमिकता है, वहीं उन्होंने कई छात्राओं को गोद भी लिया है और उनको शिक्षा दीक्षा दे रहे हैं, वहीं से स्कूल के एक खासियत यह भी है जो भी जिले के जवान बॉर्डर पर देश के सेवा में लगे हुए हैं उनको भी तहे दिल से शुक्रिया अदा करता है और उनका मान सम्मान हमेशा बढ़ाने का काम करता है, इस स्कूल का एक नारा है बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, इस नारे के बारे में जब पत्रकारों ने प्रिंसिपल से पूछा तो उन्होंने कहा कि हम लोगों ने लड़का हो या लड़की एक समान समझते हैं क्योंकि सब की आधी आधी हिस्सेदारी है उनको भी अधिकार माता-पिता को देना चाहिए और उनको आगे बढ़ाने में मदद करनी चाहिए क्योंकि बेटियां कल चलकर हमारे देश के लिए भविष्य बन सकती है, ऐसा हमारे देश में कई लड़कियों ने कर दिखाया है!



# किरण का लापता लेडीज के निर्माण को लेकर बड़ा खुलासा

**किरण राव इन दिनों अपनी आगामी निर्देशित फिल्म लापता लेडीज की रिलीज के लिए तैयार हैं। किरण का इस फिल्म में उनके पूर्व पति आमिर खान भी सहयोग कर रहे हैं। निर्देशक अपनी इस फिल्म का आमिर खान और क्रू के साथ फिल्म प्रमोशन जोरो शोरो से कर रही हैं। इस फिल्म के ट्रेलर और पोस्टर को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।**

किरण ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान आमिर खान प्रोडक्शंस के बजाय अपने खुद के बैनर के तहत फिल्में बनाने के अपने फैसले पर खुलकर बात की। किरण राव ने बताया कि ऐसा नहीं है कि वे किसी भी तरह से एकेपी के साथ काम नहीं करना चाहती हैं। उनका मानना है कि उनका प्रोडक्शन हाउस उन्हें वह काम करने की आजादी देता है, जो वे बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, आमिर खान प्रोडक्शंस ने मुझे वह सब करने के लिए जगह दी है, जो मैं करना चाहती हूं। मैं हर प्रोडक्शन से जुड़ रही हूं। मैं हमेशा एकेपी से जुड़ी रहूंगी, क्योंकि मुझे लगता है यह मेरा है। मैं आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से एकेपी से जुड़ी हुई हूं।

किरण ने कहा, मैं यह उम्मीद नहीं कर सकती कि आमिर वह सब कुछ बनाएंगे, जो मैं बनाती हूं। वे जब तक काम नहीं करते, जब तक उनके बेटे, बेटी, पत्नी और भाई पहले उस काम को देख ना लें। दरअसल, किरण ने किंडलिंग पिक्चर्स को कई साल पहले लॉन्च किया था, लेकिन लापाता लेडीज बैनर के तहत निर्मित होने वाली उनकी पहली निर्देशित फिल्म होगी।

उन्होंने ओटीटी की दुनिया में जाने की अपनी इच्छा व्यक्त की। किरण ने बताया कि आमिर खान अभी वेब सीरीज बनाने के इच्छुक नहीं हैं। हालांकि, अपने प्रोडक्शन हाउस में वेब सीरीज बनाने के लिए किसी भी समय वे एकेपी (आमिर खान प्रोडक्शंस) से बात कर सकती हैं और प्रोजेक्ट के बारे में पूछ सकती हैं कि क्या वे इस तरह के प्रोजेक्ट बनाने में रुचि रखते हैं।



# शमिता शेट्टी ने इतिहास और विरासत की ओर अपनी दिलचस्पी दिखाई

बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने हाल ही में अपने फॉलोवर्स को राजसी लक्ष्मी विला पैलेस के आभासी दौरे पर ले जाया, दिलचस्प अंतर्दृष्टि और मनोरम दृश्य साझा किए। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में, शेट्टी ने महल को मुगल महिमा और गॉथिक आकर्षण का एक मनोरम मिश्रण बताया, जो कला प्रेमियों के लिए एक आश्रय स्थल है। उनका उत्साह चरम पर था जब उन्होंने राजा रवि वर्मा की प्रसिद्ध पेंटिंग्स की प्रशंसा की, जो भारत की कलात्मक विरासत के संरक्षक के रूप में महल की भूमिका को रेखांकित करती है। उसी के लिए एक वीडियो पोस्ट करते हुए, उन्होंने इसे कैप्शन दिया एक ऐसी दुनिया में गोता लगाएँ जहाँ मुगल राजसीता लक्ष्मी विला पैलेस में गॉथिक आकर्षण से मिलती है – एक कला प्रेमी का स्वप्नलोक, मुझे आखिरकार प्रसिद्ध कलाकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग्स को व्यक्तिगत रूप से देखने का मौका मिला!!!! मजेदार तथ्य- जाहिर तौर पर यह महल बकिंघम महल से 4 गुना बड़ा है!!! शेट्टी के खुलासे का मुख्य आकर्षण लक्ष्मी विला पैलेस का चौंका देने वाला पैमाना था, जिसके बारे में उन्होंने खुलासा किया कि यह बकिंघम पैलेस से चार गुना बड़ा है, जो इसके आकर्षण और भव्यता को बढ़ाता है। अपने चित्रण के माध्यम से, शेट्टी ने न केवल महल के वास्तुशिल्प चमत्कार को प्रदर्शित किया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में इसके महत्व का भी जश्न मनाया। उनकी यात्रा दूसरों के लिए लक्ष्मी विला पैलेस के समृद्ध इतिहास और कलात्मक वैभव को जानने का निमंत्रण है।

# आरसी 16 का हिस्सा बनीं जान्हवी कपूर

बुच्ची बाबू सना की आरसी 16 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। इस तेलुगु फिल्म में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इससे अनुभवी कन्नड़ सुपरस्टार शिवा राजकुमार अपना तेलुगु डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वहीं, इसकी मुख्य अभिनेत्री को लेकर भी बीते लंबे समय से कयासों का बाजार गर्म है। हाल ही में रिपोर्ट आई थी कि मूवी में राम चरण के अपोजिट सामंथा रुथ प्रभु नजर आएंगी, लेकिन यह रिपोर्ट महज कोरी अफवाह साबित हुई है। आरसी 16 से इस युवा बॉलीवुड अभिनेत्री का नाम जुड़ गया है। बहुत सारी अटकलों, अफवाहों के बाद, राम चरण की बहुचर्चित फिल्म आरसी16 की मुख्य अभिनेत्री से जुड़ा रहस्य आखिरकार सुलझता नजर आ रहा है। बुच्ची बाबू सना द्वारा निर्देशित यह फिल्म उत्सुकता का केंद्र बनी हुई है। इसी बीच इसकी मुख्य अभिनेत्री को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जान्हवी कपूर इसमें मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। उम्मीद है कि यह खबर उन लगातार अफवाहों पर विराम लगाएगी जो मुख्य भूमिका के लिए सामंथा और राशा थडानी सहित विभिन्न नामों का सुझाव दे रही थीं। हालांकि, अभिनेत्री की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन खबर है कि निर्देशक द्वारा कहानी सुनाए जाने के बाद वह आरसी16 का हिस्सा बनने के लिए सहमत हो गई हैं। जान्हवी कपूर फिलहाल जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा में काम कर रही हैं। इस फिल्म से अभिनेत्री अपना तेलुगु डेब्यू करेंगी।



# भूमि पेडनेकर ने संदीप रेड्डी वांगा का बचाव किया

भूमि पेडनेकर ने कहा कि एक फिल्ममेकर को पूरी आजादी होनी चाहिए कि वो कैसी फिल्में बना रहा है। ऑडियंस के ऊपर जिम्मेदारी होती है वो उन फिल्मों को कैसे देखते हैं। भूमि पेडनेकर ने यहां संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल का भी जिक्र किया। भूमि ने कहा कि उन्हें हमेशा से ऐसी फिल्में पसंद नहीं हैं, जिनमें पुरुषों को बलशाली दिखाया जाता है। उनके कहने का मतलब यहां एक्शन फिल्मों से है। भूमि ने कहा कि उन्हें कॉमेडी फिल्में ज्यादा पसंद हैं। भूमि ने यह भी कहा कि हर फिल्ममेकर के पास सेल्फ एक्सप्रेशन का फ्रीडम है। उसे किसी भी तरीके से रोका नहीं जा सकता है। भूमि पेडनेकर ने कहा- मैंने एनिमल देखी है,लेकिन सच बताऊं तो मुझे हाइपर मैस्कुलिन वाली फिल्में पसंद नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि मैं यह बात अभी कह रही हूं। मैं पहले से ऐसी फिल्में नहीं देखती थी। मुझे एक्शन वाली हॉलीवुड फिल्में भी पसंद नहीं हैं। मुझे रॉक कॉम वाली फिल्में ज्यादा पसंद हैं। भूमि ने आगे कहा- मुझे सच में लगता है कि फिल्ममेकर्स को सेल्फ एक्सप्रेशन की आजादी होनी चाहिए। अब ऑडियंस के ऊपर जिम्मेदारी है कि वो इसे कैसे समझें। कभी-कभार ऑडियंस के लिए चैलेंज हो जाता है कि वो इस सेल्फ एक्सप्रेशन को कैसे समझते हैं।





# बॉलीवुड में काम मांग कर थक गई हैं मृणाल

तेलुगु फिल्म हाय नन्ना के लिए मृणाल ठाकुर की जमकर तारीफ हो रही है। 2022 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म सीता रामम के लिए भी उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला था। फैंस का मानना है कि जिस तरह का काम मृणाल को साउथ सिनेमा में मिल रहा है, वैसा बॉलीवुड ने उनके साथ न्याय नहीं किया है। फैंस की इन बातों से मृणाल भी सहमत नजर आई हैं। हाल में इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि वो बॉलीवुड फिल्ममेकर से काम मांग-मांग कर थक गई हैं। मृणाल ने कहा कि हिंदी सिनेमा में उन्हें काम करने का मौका मिला है, लेकिन उस तरह का नहीं जैसा उन्हें हाय नन्ना और सीता रामम में मिला था। वो अब किसी भी चीज पर समझौता भी नहीं करना चाहती हैं। वो ऐसा रोल करना चाहती हैं जो उन्हें बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री में आगे बढ़ाए। ऐसे में वो पर्दे पर मां या बहन का रोल करने में भी सहज हैं।

### बॉडी शेमिंग और टाइप कास्ट पर बोलीं मृणाल

इस इंटरव्यू के दौरान मृणाल ने बॉडी शेमिंग पर भी बात की है। उन्होंने बताया कि एक फिल्म में डायरेक्टर ने इसलिए कास्ट नहीं किया क्योंकि उनके मुताबिक मृणाल रोल के हिसाब से सेक्सी नहीं दिख रही थीं। मृणाल का कहना है कि उनके लिए अच्छी बातचीत करना सेक्सी है। उन्होंने आगे कहा कि वो न्यूट्रल रहना चाहती हैं, ताकि डायरेक्टर उन्हें रोल के हिसाब से ढाल सकें। वो टाइपकास्ट का शिकार नहीं होना चाहती हैं।

### लोग वेट कम करने की सलाह देते थे

मृणाल ने उस वक्त को भी याद किया, जब उन्होंने पहला सॉन्ग शूट किया था। उस वक्त लोग उनसे कहते थे- नहीं, ये मत करो, तुम्हें अपना वेट कम करना होगा। इसके जवाब में मृणाल ने कहा था- सुनो, मेरा पैर मोटा है। अगर इस चीज से मैं असहज नहीं हो रही हूं, तो आप क्यों ऐसा महसूस कर रहे हैं। एक पुराने इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि जब वो जिम जाती थीं, तो किसी ने कहा था- इससे (मोटापा) आपको परेशान होगी। इस पर मृणाल ने कहा था- नहीं, ये मेरी ताकत है। लोग ऐसा दिखने के लिए मेहनत करते हैं।



# शादी के बाद जिंदगी में काफी बदलाव आए


ईशा देओल और भरत तख्तानी एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। ईशा देओल ने अपनी लिखी हुई किताब में शादी के बाद जिंदगी में आए बदलाव के बारे में लिखा था। उन्होंने बताया कि शादी के बाद वे शॉर्ट्स पहनकर नहीं घूम सकती थीं। यहां तक कि ईशा को खाना बनाना भी नहीं आता था। ईशा देओल और भरत तख्तानी ने शादी के 12 साल बाद जॉइन्ट स्टेटमेंट के जरिए अपना डिवोर्स कंफर्म किया। ईशा देओल की किताब अम्मा मिया साल 2020 में पब्लिश हुई थी। इस किताब में उन्होंने लिखा- 2012 में जब हमारी शादी हुई, तो कई चीजें बदल गईं। शादी के बाद मैं ज्यादा मैच्योर और जिम्मेदार हो गई। मुझे अपनी जिंदगी के कुछ पहलुओं को बदलना पड़ा। जब मैंने भरत के परिवार के साथ रहना शुरू किया तो मैं शॉर्ट्स और गंजी में नहीं घूम सकती थी, जैसा कि मैं शादी से पहले अपने घर में घूमा करती थी। हालांकि भरत का परिवार बहुत सपोर्टिंग था।

### तख्तानी घर के रीति रिवाज अलग थे

तख्तानी घर की सभी महिलाएं अपने हसबैंड के लिए खाने का डब्बा पैक किया करती थीं। भरत से मिलने से पहले मैंने कभी कुछ नहीं बनाया था। हां, मैं अपनी सास की आभारी जरूर हूं जिन्होंने कभी भी इस बात पर जोर नहीं दिया कि मैं रसोई में जाऊं। उन्होंने कभी मुझे किसी रूढ़िवादी काम के लिए फोर्स नहीं किया जो एक बहू के रूप में उनसे कराया जाता था।

### ईशा की सास उन्हें एक बेटे की तरह समझती थीं

ईशा ने आगे कहा- वास्तव में, मेरी सास हमेशा मुझसे कहती थीं कि मैं उनके तीसरे बेटे की तरह हूं। चूंकि मैं घर की पहली बहू थी, इसलिए मुझे बहुत लाड़-प्यार दिया जाता था। कोई न कोई मुझे हमेशा चॉकलेट ब्राउनी, फल और क्रीम भेजता था। शादी के 12 साल बाद ईशा-भरत अलग हुए दिल्ली टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईशा और भरत ने एक जॉइन्ट स्टेटमेंट जारी किया था। स्टेटमेंट में लिखा था- हम दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। हालांकि अब हम साथ नहीं हैं, लेकिन हमारे लिए हमारे दोनों बच्चों का भविष्य सबसे अहम है और हमेशा रहेगा। उम्मीद करते हैं कि आप लोग हमारी प्राइवसी की रिस्पेक्ट करेंगे।



# एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया पर भड़के अरबाज

अरबाज खान ने बीते महीने अपने जीवन की नई शुरुआत की है। अभिनेता ने दिसंबर 2023 में अपनी गर्लफ्रेंड और मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ निकाह किया। शूरा से गुपचुप शादी रचाने वाले अरबाज ने अब अपनी एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी को लेकर काफी दिनों के बाद चुप्पी तोड़ी है और सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते का खुलासा करने पर नाराजगी भी जताई है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। अभिनेता अरबाज खान एक खुशहाल शादीशुदा इंसान हैं। उन्होंने पिछले साल 24 दिसंबर को अपनी बहन अर्पिता खान शर्मा के घर पर शूरा खान से शादी की थी। अब हाल ही में, एक साक्षात्कार में, अभिनेता ने बताया कि जब उनकी शादी हो रही थी तो उनकी पूर्व प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी का उनके रिश्ते के बारे में बोलना अनुचित था। अरबाज ने बताया कि शूरा से मिलने से पहले ही उनका और जॉर्जिया का दो साल पहले ब्रेकअप हो चुका था। अरबाज की शादी से कुछ दिन पहले जॉर्जिया ने एक इंटरव्यू में कहा था,हमें यह फैसला लेने में काफी समय लगा, लेकिन आखिरकार हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। हालांकि, अरबाज का मानना है कि उन्हें अपने रिश्ते के बारे में बात करने की जरूरत नहीं थी और यह काफी अनुचित था। अरबाज ने कहा, मैं जानता हूं कि हाल के कुछ साक्षात्कारों से यह एहसास होता है कि मेरे और जॉर्जिया के बीच अंत तक चीजें सही थीं, जो सच नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे यहां बैठना पड़ा और इस तरह का स्पष्टीकरण देना पड़ा, लेकिन मेरा पिछला रिश्ता शूरा से मिलने से लगभग डेढ़ साल पहले ही खत्म हो गया था। अरबाज ने आगे बताया, उनके साथ मेरी एक साल की डेटिंग थी।

# जॉन के लुक को मिल रही प्रतिक्रिया से खुश हैं निखिल आडवाणी

जॉन अब्राहम अपनी आगामी फिल्म वेदा को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस फिल्म अभिनेता के साथ शरवरी वाघ और तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। फैंस को जॉन की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में बीते दिन मेकर्स ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट की खुलासा किया है। वेदा 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में जॉन का पहला लुक सामने आया, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। निर्देशक निखिल आडवाणी ने हाल ही में इसे लेकर प्रतिक्रिया दी है। निर्देशक निखिल आडवाणी ने हाल रही में एक बातचीत में कहा, फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से मैं बहुत खुश हूं। इसके बाद ही निर्देशक ने बताया कि उन्हें और उनके लेखक असीम अरोड़ा को दो घटनाओं पर आधारित स्क्रिप्ट लिखने में कितना समय लगा था। उन्होंने कहा, दो भयानक घटनाओं पर आधारित एक स्क्रिप्ट पर काम करने में मुझे और असीम अरोड़ा को छह साल लग गए थे। यह एक ऐसी स्क्रिप्ट है, जिसका वही प्रभाव होगा जो जॉन अब्राहम के साथ मेरे पिछले सहयोग फिल्म बाटला हाउस पर था। वेदा के बारे में बात करते हुए निखिल ने कहा, वेदा एक लड़की और उनके सनकी गुरु की कहानी है, जो हमारे देश में सत्ता की सर्वोच्च आवाजों से न्याय मांग रहे हैं। हालांकि यह उन सच्ची कहानियों से प्रेरित विषयों पर खरी उतरती है, जिनकी ओर मैं आकर्षित होता हूं।






## संक्षिप्त समाचार

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने अपने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को भोपाल में विस्तारित किया

**भोपाल, एजेंसी।** एचएमएसआई सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सड़कों पर ज़िम्मेदाराना व्यवहार को सुनिश्चित करने तथा अधिक कर्तव्यनिष्ठ एवं सुरक्षा-उन्मुख समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करने के लिए कंपनी नियमित रूप से देश के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियानों का संचालन करती है। एचएमएसआई का मानना है कि इस तरह के अभियान लोगों को वाहन चलाने की सुरक्षित प्रथाएं अपनाने और सड़क पर ऐहतियात बरतने के लिए प्रेरित करते हैं। इसी तरह के एक अभियान का आयोजन हाल ही में भोपाल शहर में किया गया, जिसने प्रतिभागियों पर उल्लेखनीय छाप छोड़ी। आर्मी पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित इस अभियान में 2700 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने हिस्सा लिया। एचएमएसआई का मानना है कि सड़क सुरक्षा जागरुकता कम उम्र में ही दी जानी चाहिए और इसीलिए कंपनी स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर सड़क सुरक्षा शैक्षणिक पाठ्यक्रम के समावेशन को बढ़ावा देती है। कम उम्र में युवा चीज़ों को जल्दी सीखते हैं, इसी दृष्टिकोण के साथ कंपनी का उद्देश्य नई पीढ़ी को सड़क के ज़िम्मेदाराना इस्तेमाल के लिए ज़रूरी ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना है।

### हेल्दी डेज़र्ट ग्लूटेन- फ्री बादाम केक रेसिपी का आनंद लें

**मुंबई, एजेंसी।** चीनी आपके स्वास्थ्य के लिए समस्याएँ पैदा कर सकती है, जिसका आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए चीनी के सेवन पर नियंत्रण रखना जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए, आपके स्वास्थ्य पर कम से कम प्रभाव डालकर आपकी मीठे खाने की इच्छा को पूरा करने का, एक तरीका है ग्लूटेन- फ्री बादाम केक। बादाम खाने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं जिनके बारे में हर कोई जानता है। बादाम में विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक सहित 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। बादाम में मौजूद प्रोटीन की प्रचुर मात्रा मांसपेशियों की वृद्धि और रखरखाव में मदद करती है और विटामिन बी2, विटामिन ई, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जो भोजन से ऊर्जा निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, अपने आहार में मुट्ठी भर बादाम शामिल करने से भोजन के बीच तृप्ति की भावना को बढ़ाकर वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, बादाम में कुल और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने की क्षमता होती है, जो हृदय स्वास्थ्य में योगदान देता है और सूजन को कम करता है। बादाम के ऊर्जा बढ़ाने वाले गुण उन्हें एक पौष्टिक स्नैक विकल्प बनाते हैं।

### श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा का वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 186 प्रतिशत बढ़ा


**मुंबई, एजेंसी।** श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड कर्नाटक राज्य में सीमेंट के निर्माण और सोलर पावर जनरेशन तथा वितरण में लगी हुई ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड के चेयरमैन, श्री वेंकटेश कटवा ने कहा, मानसून सीजन के निष्कर्ष का अनुकरण करते हुए हम आम तौर पर अनुकूल अवधि का अनुभव करते हैं, जैसा कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही का हमारा सुधारित प्रदर्शन जिसका प्रमाण है. जिससे दोनों ऑपरेटिंग और शुद्ध स्तरों पर लाभप्रदता में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दिया है।

# अब पान पसंद टॉफी भी बेचेंगे मुकेश अंबानी! 82 साल पुरानी कंपनी को रिलायंस ने खरीदा

**रावलगांव शुगर का कनफेक्नरी बिजनस रिलायंस के हवाले**

## मुकेश अंबानी की कंपनी ने इसे 27 करोड़ रुपये में खरीदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की झोली में एक और कंपनी आ गई है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स ने रावलगांव शुगर फार्म के कनफेक्शनरी बिजनस को खरीद लिया है। यह डील 27 करोड़ रुपये में हुई है। डील के मुताबिक इस कंपनी के ट्रेडमार्क्स, रेसिपीज और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स अब रिलायंस के पास आ गए हैं। रावलगांव ने शुक्रवार को एक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी। कारोबारी वालचंद हीराचंद ने 1933 में महाराष्ट्र में नासिक जिले के रावलगांव गांव में एक



शुगर मिल की स्थापना की थी। 1942 में इस कंपनी ने रावलगांव ब्रांड से टॉफी बनाने का काम शुरू किया था। इस कंपनी के पास पान पसंद, मैंगो मूड और कॉफी ब्रेक जैसे नौ ब्रांड्स हैं।

रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स अधिग्रहण और पार्टनरशिप के जरिए तेजी से अपना विस्तार कर रही है। रावलगांव के अधिग्रहण से उसके एफएमसीजी पोर्टफोलियो का विस्तार होगा। कंपनी के पास पहले से ही कैंपा, टॉफीमैन और ऋह्रह्यद्बद्ब जैसे ब्रांड्स शामिल हैं। एफएमसीजी कंपनियों में कंज्यूमर मार्केट में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा कब्जाने की होड़ मची है। ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए वे दूसरी कंपनियों का अधिग्रहण कर रही हैं। हालांकि रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स ने इस डील के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। जानकारों का कहना है कि संगठित और असंगठित इंडस्ट्री प्लेयर्स की तरफ से कंप्टीशन बढ़ने के कारण रावलगांव का मार्केट शेयर घटता जा रहा था। यही वजह है कि कंपनी ने अपने कनफेक्शनरी बिजनस को बेचने का फैसला किया।

## चुनावी साल में ईपीएफओ ने दिया छह करोड़ मेंबर्स को तोहफा, बढ़ गया पीएफ पर ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईपीएफओ के छह करोड़ से अधिक मेंबर्स के लिए गुड न्यूज है। पीएफ खाताधारकों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 8.25 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। ईपीएफओ ने शनिवार को यह फैसला किया। 2022-23 में यह 8.15 फीसदी और 2021-22 में 8.10 फीसदी था। इससे ईपीएफओ के 6.5 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स को फायदा होगा। शनिवार को हुई ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद इसे नोटिफाई किया जाएगा और उसके बाद इसे सब्सक्राइबर्स के अकाउंट में डाल दिया जाएगा। नोटिफाई होने के बाद यह वॉलंटरी प्रॉविडेंट फंड डिपॉजिट्स पर भी लागू होगा। एग्जेम्प्टेड ट्रस्ट्स को भी अपनी कर्मचारियों को इतनी ही ब्याज देना होगा।

प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों की बेसिक सैलरी पर 12 फीसदी की कटौती ईपीएफ खाते के लिए की जाती है। साथ ही कंपनी भी इतना ही पैसा कर्मचारी के पीएफ खाते में जमा करती है। एम्प्लॉयर की तरफ से जमा किए जाने वाले पैसों में से 8.33 फीसदी हिस्सा ईपीएस (कर्मचारी पेंशन योजना) में जाता है, जबकि बचा हुआ 3.67 फीसदी हिस्सा ईपीएफ में जाता है। अगर आपके अकाउंट में एक लाख रुपये जमा हैं तो इस पर आपको 8,250 रुपये ब्याज मिलेगा। यानी पिछली बार की तुलना में प्रति लाख आपको 100 रुपये ज्यादा ब्याज मिलेगा।

## गोल्ड में निवेश करने का शानदार मौका, ऑनलाइन खरीदने पर इतना मिलेगा डिस्काउंट


**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने में निवेश का शानदार मौका है। सरकार सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की चौथी किश्त लाने जा रही है। सब्सक्रिप्शन के लिए यह इश्यू 12 फरवरी से 16 फरवरी 2024 तक खुला रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) सोमवार से पांच दिनों के लिए खुलेगा। गोल्ड बॉन्ड की इस किस्त का इश्यू प्राइस 6,263 रुपए प्रति ग्राम तय किया गया है। आरबीआई के अनुसार, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 सीरीज-चार इस महीने की 12 तारीख से 16 तारीख तक खुली रहेगी। बॉन्ड का मूल्य 6,263 रुपए प्रति ग्राम सोना है। सरकार ने ऑनलाइन आवेदन और डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को अंकित मूल्य से 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए गोल्ड बॉन्ड का इश्यू प्राइस 6,213 रुपए होगा। स्वर्ण को अनुसूचित वाणिज्यिक



बैंकों (छोटे वित्त बैंकों, भुगतान बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर), स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल), भारतीय निपटान निगम लिमिटेड (सीसीआईएल), नामित डाकघरों, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के माध्यम से बेचा जाएगा। केंद्रीय बैंक भारत सरकार की तरफ से गोल्ड बॉन्ड जारी करता है। ये निवासी व्यक्तियों, अविभाजित हिंदू परिवार (एचयूएफ), ट्रस्टों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को ही बेचे जा सकते हैं।

# कभी 300 में पलता था परिवार, आज देहाती मैडम से पढ़ने को दुनिया दीवानी, यूट्यूब से छाप रहीं नोट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया ने सुदूर ग्रामीण इलाकों तक भी अपनी पहुंच बना ली है। इससे शहरों और गांवों में अंतर कम हो गया है। इंटरनेट कनेक्टिविटी ने गांवों में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद की है। सिर्फ यही नहीं, उन्हें आगे बढ़ने का एक मंच भी दिया है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाके से आने वाली यशोदा लोधी इस बदलाव का उदाहरण हैं। अपनी स्किल्स का लाभ उठाकर उन्होंने गरीबी की बेड़ियों को तोड़ दिया है। कई के मामले में वह अब कई सरकारी कर्मचारियों को पछाड़ रही हैं। चलिए, आज हम आपको यशोदा लोधी से मिलाते हैं। यशोदा लोधी को सोशल मीडिया पर लोग प्यार से देहाती मैडम बुलाते हैं। वह यूट्यूब पर अंग्रेजी पढ़ाती हैं।




यशोदा कौशांबी के सिराथू की रहने वाली हैं। अपने यूट्यूब चैनल के जरिये उन्होंने लाखों को अंग्रेजी के गुर सिखाए हैं। पहली नजर में यशोदा लोधी कोई ठेठ गांव वाली महिला दिखती हैं। साड़ी में लिपटी। माथे पर बिंदी लगाए हुए। हालांकि, अंग्रेजी बोलने और सिखाने का उनका देहाती अंदाज सोशल मीडिया पर हिट है।

**साधारण थी परवरिश**

यशोदा की परवरिश साधारण थी। उनका पालन-पोषण उनके मामा के घर में हुआ। यहां उन्होंने 12वीं कक्षा तक की शिक्षा हिंदी में पूरी की। हिंदी-माध्यम स्कूल से ग्रेजुएट होने के बाद उन्होंने बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। इसी दौरान उनकी मुलाकात अपने जीवनसाथी से हुई। हालांकि, उनके रिश्ते को उनके परिवार के विरोध का सामना करना पड़ा। संपत्ति विवादों से पारिवारिक कलह के कारण यशोदा को अपने माता-पिता के घर वापस लौटना पड़ा। फिर भी अपने रिश्ते की पारिवारिक स्वीकृति न मिलने के चलते उन्हें वहां कोई सांत्वना नहीं मिली। दुर्व्यवहार का सामना करते हुए उन्होंने शादी का विकल्प चुनकर मामले को अपने हाथों में ले लिया। पारिवारिक आपत्तियों के बावजूद यशोदा और उनके पति ने स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ने का फैसला किया।

## होम लोन की ईएमआई होगी कम! इस साल इंटरेस्ट में कमी संभव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनिटिरी पॉलिसी में इस बार भी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे होम लोन, कार लोन समेत तमाम तरह के लोन लेने वाले लोगों को निराशा हाथ लगी है। हालांकि, आरबीआई ने कहा है कि महंगाई कम हो रही है। इससे संकेत मिले हैं कि आने वाली मौद्रिक पॉलिसी में ब्याज दरों में कमी होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले महीनों में आरबीआई रेपो दर में 50-75 आधार अंकों की कटौती करेगा, जिससे 18 महीनों के भीतर दरें 5.75 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएंगी। इससे होम लोन की ईएमआई का बोझ कम होगा। एक अनुमान के मुताबिक, इस साल होम लोन की ईएमआई 3.5 प्रतिशत गिर सकती है। अगर आपने 50 लाख रुपए का होम लोन 20 साल के लिया है और उस पर ब्याज की दर 9 फीसदी से घटकर 8.5 फीसदी हो जाती है, तो आपके होम लोन की ब्याज दर में 0.5 फीसदी की गिरावट से आप 3.83 लाख रुपए की बचत होगी।

## टाटा एआईए ने वेंकटचलम एच को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे तेज़ी से बढ़ती जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ने वेंकटचलम एच को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आईआरडीएआई से नियामक अनुमोदन के अधीन है। वेंकटचलम एच वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, नवीन ताहिलयानी का स्थान लेंगे, जो टाटा समूह में एक दूसरा पद संभालेंगे और उन्हें टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया है। वेंकटचलम एच को सभी प्यार से वेंकी कहते हैं।

## स्काई ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के जोरदार वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** स्काई इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टेक्निकल टैक्सटाइल्स, विशेष रूप से हूक और लूप फास्टनर्स के निर्माण में लगी हुई, ने अपने वित्त वर्ष 24 के 9 महीने और तीसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. स्काई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीएफओ, श्री माइकल रावरानी ने कहा, हम हमारे वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के परिणाम घोषित कर हर्षित है, जिसमें हमारा फोकस लागत कार्य कुशलता और व्यूहात्मक पहल पर रहा जिसके चलते हमारे लाभप्रदता रेशियो में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि हुई. मौजूद चुनौतियों के बावजूद, हमने चपलता और दृढ़ संकल्प प्रदर्शित किया जिससे उद्योग में हमारे टिके रहने की फिर से पुष्टि हुई.

## तीसरी तिमाही में एयरटेल पेमेंट्स बैंक का राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 469 करोड़ रु. तक पहुँचा

**शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 120 प्रतिशतकी वृद्धि हुई, जबकि मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता बढ़कर 5.9 करोड़ हुए**

**मुंबई, एजेंसी।** बैंकिंग लाइसेंस के साथ विशाल स्तर पर काम करने वाले भारत के एकमात्र लाभदायक मल्टी-सेगमेंट फिनटेक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त हुई तीसरी तिमाही के लिए अपने कॉन्सोलिडेटेड परिणाम जारी किए।

साल-दर-साल 47 प्रतिशत ज्यादा, 469 करोड़ रु. के राजस्व, एवं साल-दर-साल 120.0 प्रतिशत ज़्यादा, 11 करोड़ रु. के शुद्ध लाभ के साथ बैंक मज़बूत वृद्धि करता रहा। बैंक के मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता बढ़कर 5.9 करोड़ हो गए, जिससे ग्राहक जमा राशि को बढ़ावा मिला, जो 50 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ इस तिमाही में 2,339 करोड़ रु. रहा। बैंक का वार्षिक सकल मर्चैंडाइज़ मूल्य (जीएमवी) 2,628 अरब रुपये से अधिक रहा। डेबिट कार्ड और बचत बैंक खाते सहित नए लॉन्च किए गए उत्पादों की मदद से बैंक की मुफ्त आय में भी वृद्धि हुई।

इन परिणामों के बारे में एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ, अनुब्रत बिस्वास ने कहा, बचत बैंक खाते, डेबिट कार्ड और फ़ास्टैग जैसी अन्य पेशकशों के साथ हमारे सुरक्षित डिजिटल उत्पादों की ग्राहकों के बीच बढ़ती मांग ह्यद्द हमने एक और तिमाही



में लगातार और प्रतिस्पर्धी विकास किया है। हम एक बैंक के रूप में अपने हर काम को अनुपालन पर आधारित रखते हैं, और हमें विश्वास है कि इससे हमें भारत के एकमात्र लाभदायक फिनटेक बनने की ओर बढ़ते रहने में मदद मिलेगी।

आज की डिजिटल दुनिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता है, इसलिए ग्राहकों को हमारे बैंक का सबसे सुरक्षित डिजिटल खाता भरोसेमंद महसूस हुआ, और ज्यादा संख्या में ग्राहक इसे दैनिक और मासिक भुगतान के लिए अपने द्वितीयक खाते के रूप में उपयोग कर रहे हैं। एयरटेल पेमेंट्स बैंक की डिजिटल पेशकशों और अनुकूलित खाता योजनाओं के लिए अच्छी मांग दर्ज हो रही है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के ग्राहकों को तीन स्पष्ट सेगमेंट्स - शहरी डिजिटल, ग्रामीण अल्पबैंक सुविधा, और उद्योग एवं व्यवसाय में सेवाएं प्रदान करता है। यह डिजिटल वित्तीय सेवाओं - बीमा, ऋष्ठ और निवेश समाधानों के साथ संपूर्ण एंड-टू-एंड डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है।

# एक्सकवर7 लॉन्च किया; मिलिट्री-ग्रेड की ड्यूरेबिलिटी, काम करने की निरंतरता और उत्पादकता का बेजोड़ संगम

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने पहले एंटरप्राइज केंद्रित स्मार्टफोन - गैलेक्सी एक्सकवर7 को लॉन्च किया। यह एक जबरदस्त और मजबूत डिवाइस है, जो असाधारण इस्तेमाल योग्य क्षमता से लैस है। बेहद प्रतिकूल स्थितियों में काम करने के लिहाज से इंजीनियर किए गए गैलेक्सी एक्सकवर7 का उद्देश्य पेशेवरों के जीवन को आसान बनाना, तेज कनेक्टिविटी, व काम करने की निरंतरता देना और बाहरी कारकों की वजह से पैदा होने वाली रुकावटों के जोखिम को कम करना है, ताकि वे तेज गति और स्मार्ट तरीके से काम कर सकें।

गैलेक्सी एक्सकवर7 5जी कनेक्टिविटी, अपग्रेडेड मोबाइल प्रोसेसर परफॉर्मेंस और बढ़ी हुई मेमोरी के साथ मजबूत मोबिलिटी प्रदान करेगा। साथ ही गैलेक्सी एक्सकवर7 सिंगल और मल्टीपल बारकोड/क्यूआर कोड स्कैनिंग और विस्तारित डिस्प्ले आकार और रिजॉल्यूशन के लिए ऑप्टिमाइज्ड नए शक्तिशाली रियर कैमरे के साथ आता है, जो यूजर्स को विभिन्न सेटिंग्स में काम करने की क्षमता प्रदान करता है। किसी भी सेटिंग में सुविधाजनक रिचार्जिंग के लिए आसान पीओजीओ चार्जिंग पिन, और दस्ताने पहनकर इस्तेमाल किए जाने की क्षमता से युक्त टच सेंसेटिविटी गैलेक्सी एक्सकवर7 को एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान डिवाइस



बनाती है। अपनी ड्यूरैबिलिटी और अत्याधुनिक विशेषताओं के लिए मशहूर, गैलेक्सी एक्सकवर7 निरंतरता और बढ़ी हुई उत्पादकता सुनिश्चित करता है जो यूजर्स को दुनिया में कहीं से भी काम करने की सुविधा देता है। यह स्मार्टफोन सीरीज इमर्सिव, वाइड-स्क्रीन डिस्प्ले के साथ आती है, जो विजुअल क्लैरिटी को बढ़ाती है, जिसमें यूजर्स मैदानी इलाकों में भी अधिक कुशलता से काम कर सकते हैं। गैलेक्सी एक्सकवर7 में नॉक्स वॉल्ट इन उपकरणों पर लॉक स्क्रीन जानकारी जैसे पिन कोड, पासवर्ड और पैटर्न समेत सर्वाधिक महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने में मदद करता है।

सैमसंग इंडिया, उद्यम व्यवसाय, के वाइस प्रेसिडेंट आकाश सक्सेना ने कहा, सैमसंग में हमारा उद्देश्य अपने प्रॉडक्ट्स की पेशकश के माध्यम से यूजर्स को सुविधा और ड्यूरैबिलिटी प्रदान करना है। हमने गैलेक्सी एक्सकवर7 सीरीज को दो वैरिएंट्स, गैलेक्सी एक्सकवर 7 एंटरप्राइज एडिशन और स्टैंडर्ड एडिशन में पेश किया है। दोनों डिवाइसेज को अत्याधुनिक तकनीकी के साथ तैयार किया गया है जो उन्हें बेहद शक्तिशाली और कठिन मौसम में काम करने वाला बनाता है। नॉक्स संचालित, हम अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए भारत में निर्मित इन क्रांतिकारी उत्पादों को लाने के लिए उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि यह कर्मचारी उत्पादकता को बढ़ाएंगा और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। मजबूत केस और फोर्टिफाइड ग्लास डिस्प्ले के साथ, गैलेक्सी एक्सकवर7 सैन्य-ग्रेड की मजबूती मानकों का पालन करता है। यह अत्यधिक तापमान और बारिश सहित गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करने में भी पूरी तरह से सक्षम है।

आईपी68-रेटेड1 स्मार्टफोन न केवल पानी और धूल-प्रतिरोधी है, बल्कि 1.5 मीटर3 तक की बूंदों का सामना करने के लिए भी बनाया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसी भी तरह की हैंडलिंग या दुर्घटना से संचालन प्रभावित न हो।

## बिरला कॉर्पोरेशन ने फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए दूसरा टैंक वैगन रैक शामिल किया

**कोलकाता, एजेंसी।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में अपने परिचालन में फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए दूसरा बीटीएपी (एल्यूमिना पाउडर के लिए बोगी टैंक वैगन) रैक शामिल किया है। यह कंपनी के संचालन की दक्षता में सुधार करते हुए कंपनी की सस्टेनेबिलिटी पहल से जुड़ा है, जो कि सभी हितधारकों के लिए सस्टेनेबल संचालन के लिए एक निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बिरला कॉर्पोरेशन देश का एकमात्र आर्गेनाइजेशन है जिसके पास फ्लाई ऐश परिवहन के लिए बीटीएपी अनलोडिंग सुविधा है।

प्रत्येक बीटीएपी रैक में लगभग 3,000 टन फ्लाई ऐश परिवहन करने की क्षमता होती है जो प्रति माह 600 से अधिक रोड़ बल्कर गतिविधियों को अंजाम देती है, जिससे न केवल प्रदूषण कम होता है बल्कि ईंधन-कुशल तरीके से फ्लाई ऐश का परिवहन भी होता है।

फ्लाई ऐश को एक पर्यावरणीय खतरा माना जाता है, लेकिन जब पोर्टलैंड सीमेंट के साथ मिक्स के तौर पर एक पूरक सीमेंट सामग्री के रूप में उपयोग किया जाता है, तो यह हाइड्रोलिक या पॉजोलानिक एक्टिविटी या दोनों के माध्यम से कठोर कंक्रीट की क्वालिटीज में योगदान देता है। इस तरह यह कंक्रीट के कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सकता है, जबकि इसकी ताकत और कार्यकुशलता को बढ़ा सकता है।

आमतौर पर सीमेंट फैक्ट्रियों में फ्लाई ऐश को खुली जगह पर फेंक दिया जाता है। पर्यावरणीय खतरों को कम करने के लिए मध्य




प्रदेश में कंपनी के मैहर यूनिट में एक समर्पित अनलोडिंग सुविधा स्थापित की गई है, जो भारत में अपनी तरह की पहली है। यह कंपनी के एसडीजी लक्ष्यों के साथ-साथ दिल और ताकत के उसके वर्ककल्चर को ध्यान में रखते हुए है।

बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी है। 1919 में बिरला जूट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के रूप में शामिल, इसे श्री एमपी बिरला द्वारा आकार दिया गया था। कंपनी के हित सीमेंट और जूट उत्पादों में हैं। इसकी बिरला जूट मिल किसी भारतीय उद्यमी द्वारा शुरू की गई पहली जूट मिल है। कंपनी और उसकी सहायक कंपनी आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के देश भर में आठ स्थानों पर 11 सीमेंट प्लांट हैं, जिनकी वार्षिक स्थापित क्षमता 20 मिलियन टन है। कंपनी एमपी बिरला सीमेंट ब्रांड के तहत सीमेंट उत्पादों की एक सीरीज का उत्पादन करती है, जो विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के साथ-साथ उपभोक्ता क्षेत्रों के अनुकूल है। कंपनी कंस्ट्रक्शन कैमिकल और वॉल पुट्टी भी बेचती है।

# इंग्लैंड से आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम-इंडिया का ऐलान

## कोहली और श्रेयस बाहर, जडेजा-राहुल की वापसी; बुमराह भी खेलेंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान हुआ। 17 सदस्यीय टीम से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बाहर हो गए हैं। वहीं रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी हुई है।उधर, जसप्रीत बुमराह सीरीज के बाकी 3 मैच भी खेलेंगे। पहले कहा जा रहा था कि वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते उन्हें 2 टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। आखिरी 3 टेस्ट राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे।

**कोहली ने बीसीसीआई से ब्रेक बढ़ाने की मांग की थी** – मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग शुक्रवार शाम को हुई थी। इस मीटिंग के पहले ही कोहली ने बीसीसीआई को अपनी अवेलेबिलिटी के बारे में बता दिया था। कोहली ने आखिरी मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ 17 जनवरी 2024 का खेला था। वह निजी कारणों से सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबले नहीं खेल सके, वह अब आखिरी 3 मैच भी नहीं खेलेंगे। विराट अपने करियर में





पहली बार किसी होम टेस्ट सीरीज का कोई भी मुकाबला नहीं खेलेंगे।

**जडेजा और राहुल ने की वापसी** – दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और बैटर केएल राहुल की टीम में वापसी हुई। दोनों पहले टेस्ट में इंजर्ड होने के बाद दूसरा मुकाबला नहीं खेल सके। हालांकि, बीसीसीआई ने यह भी कहा कि अगर दोनों फिट रहते हैं तभी उन्हें प्लेइंग-11 में शामिल किया जाएगा।

**श्रेयस भी सीरीज से बाहर** – श्रेयस अय्यर को पीठ की दर्द की वजह से टीम से बाहर रखा गया है। उन्होंने दूसरे टेस्ट के बाद पीठ में दर्द की शिकायत की थी। श्रेयस शुरुआती 2 टेस्ट में भी कुछ खास नहीं कर सके थे। वह 4 पारियों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके।

**बुमराह पूरी सीरीज खेलेंगे, सिराज की भी वापसी** –शुरुआती 2 टेस्ट में 15 विकेट ले चुके तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी सीरीज खेलेंगे। वह पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के बाद से लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं। टूर्नामेंट से पहले वह 18 महीने तक इंजरी के कारण बाहर रहे थे। ऐसे में फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिए जाने की रिपोर्ट्स आ रही थीं। उधर, दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके मोहम्मद सिराज की टीम में वापसी हुई। पेसर्स में आकाश दीप को भी स्क्वॉड में शामिल किया गया, जबकि मध्य प्रदेश के आवेश खान को रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए रिलीज कर दिया गया है।

**पाटीदार और सरफराज टीम में बरकरार** – दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार भी टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे। उनके साथ सरफराज खान भी स्क्वॉड में शामिल हैं। श्रेयस और कोहली के बाहर होने से अब तीसरे टेस्ट में इन दोनों में से किसी एक को फिर मौका मिल सकता है। अगर टीम इंडिया ने 2 में से एक पेसर को बैठाने का फैसला किया तो रजत और सरफराज दोनों ही तीसरा टेस्ट खेल सकते हैं।

### आखिरी 3 टेस्ट के लिए भारत का स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल*, रजत पाटीदार, सरफराज खान, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा*, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप। राहुल और जडेजा फिट घोषित किए जाने के बाद ही मुकाबले खेल सकेंगे।

### टेस्ट सीरीज में 1-1 की बराबरी पर है टीम

5 मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला मुकाबला 28 रन से जीता था। जबकि विशाखापट्?टनम में दूसरा मुकाबला भारत ने 106 रन से जीता। 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची और 7 मार्च से 5वां टेस्ट धर्मशाला में होगा।

# पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में शतक जमाया

## राजस्थान के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए 110 रन की पारी खेली, मुंबई के लिए शॉ की भी वापसी




**जयपुर (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में अपना दूसरा शतक जमाया। पुजारा ने 110 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके लगाए। ग्रुप ए के मैच में शुक्रवार को जयपुर के मैदान पर सौराष्ट्र की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन 4 विकेट पर 242 रन बनाए। शेल्डन जैक्सन 78 रन बना कर क्रीज पर है। वे दूसरे दिन अर्पित वसवड़ा के साथ खेल को आगे बढ़ाएंगे। वहीं, दूसरे रणजी मुकाबले में पृथ्वी शॉ ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 159 रन की पारी खेली। उन्होंने 13 अगस्त को इंग्लैंड के डोमेस्टिक टूर्नामेंट में आखिरी मैच खेला था, जिसके बाद उन्हें घुटने में चोट आ गई थी।

**पुजारा-जैक्सन ने की 168 रन की साझेदारी की** –पहले बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम 32वें ओवर में 3 विकेट पर 74 रन पर सिमटने के बाद मुश्किल में फंस गई थी। यहां से पुजारा और जैक्सन ने पारी संभाली और साथ 168 रन की साझेदारी की। ओपनिंग करने उतरे केविन जिवरजानी 0 रन और हार्विक देसाई 21 रन बना कर पवेलियन लौटे। वहीं, विश्वराज जडेजा 22 रन ही बना सके।

**हरियाणा ने 338 रन बनाए** – हरियाणा ने जमशेदपुर में झारखंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन 89 ओवर में 6 विकेट पर 338 रन बनाए। अंकित कुमार ने 109 रन की पारी खेली। वहीं, राहुल तेवतिया 51 रन पर नाबाद है।बॉलिंग में अनुकूल रॉय और उत्कर्ष सिंह को 2-2 विकेट मिले। ववहीं्स, शाहबाज नदीम और सौरभ शेखर को 1-1 सफलता हासिल हुई।

**सचिन बेबी के शतक से केरल मजबूत** – केरेला ने बंगाल के खिलाफ टॉस जीतकर तिरुवनंतपुरम नें बल्लेबाजी चुनी। पहले दिन केरल ने 4 विकेट पर 265 रन बनाए। सचिन बेबी 110 रन बनाकर नाबाद है। कप्तान सैमसन 8 रन बना कर आउट हुए। सुरज सिंह, आकाश दीप, अंकित मिश्रा और शाहबाज अहमद को 1-1 विकेट मिला।

**पृथ्वी शॉ की वापसी, 159 रन की पारी खेली** –मुंबई के लिए पृथ्वी शॉ की वापसी हो गई है। शुक्रवार को मुंबई ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ रायपुर के मैदान पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। ओपनींग करने उतरे शॉ ने 18 चौके और 3 सिक्स लगा कर 159 रन की पारी खेली। वहीं, उनके साथ भुपेन ललवानी ने 102 रन बनाए। कप्तान रहाणे 1 रन बना कर आउट हुए। मुंबई ने पहले दिन 4 विकेट पर 310 रन बनाए। बॉलिंग में आशीष चौहान को 3 विकेट और विश्वास मलिक को 1 सफलता मिली।

**पडिकल के शतक से कर्नाटक मजबूत** – कर्नाटक ने चेन्नई के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु के खिलाफ 5 विकेट पर 288 रन बनाए। कर्नाटक के देवदत्त पडिकल 151 रन बनाकर नाबाद है। रविकुमार समर्थ ने भी 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। बॉलिंग में साई किशोर को 3 विकेट मिले। वहीं अजीत राम को 2 विकेट हासिल हुए।

एमसीसी ने कहा

# सीरीज में 3 टेस्ट जरूरी

- मेजबान देश का बोर्ड उठाए मेहमान टीम का खर्चा, 2028 से होंगे बदलाव



**मैरीलेबोन (एजेंसी)।** एमसीसी की वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी ने सलाह दी है कि, टेस्ट खेलने वाले देश कम से कम 3 टेस्ट मैचों की सीरीज रखे। साथ ही मेहमान टीम के ट्रेवल और स्टे का खर्चा भी मेजबान ही उठाए। खेल के नियम बनाने वाली मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी (डब्ल्यूसीसी) की पिछले सप्ताह एसए 20 के मौके पर केप टाउन में बैठक हुई थी। डब्ल्यूसीसी ने कहा -हाल ही में देखे गए क्लोज टेस्ट मैचों को नजर में रखते हुए हमे इस फॉर्मेट के महत्व को देखते हुए, डब्ल्यूसीसी सिफारिश करता है कि मेंस क्रिकेट में 2028 की साइकिल से कम से कम 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाए। यह 2028 से लागू होगा।

**लगातार 2 टेस्ट सीरीज ड्रॉ हुई** –कमेटी ने गाबा में मेहमानों की शानदार जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच ड्रॉ हुई सीरीज का निर्णय न आने पर अफसोस जताया। वहीं, भारत और साउथ अफ्रीका के बीच भी दिसंबर में दो मैचों की कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली सीरीज ड्रॉ रही थी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दिसंबर 2023- जनवरी 2024 में दो टेस्ट मैचों की सीरीज हुई थी। जिसमें से दोनों ने 1-1 मैच जीता।

**क्रिकेट के डेवलपमेंट के लिए भारत का शुक्रिया किया** – डब्ल्यूसीसी मेंबर्स ने क्रिकेट के डेवलपमेंट और स्पोर्ट के लिए वेल्थ बढ़ाने और इसकी दुनिया में पहचान बनाने के लिए भारत का शुक्रिया किया।

# निसांका वनडे में डबल सेंचुरी जमाने वाले पहले श्रीलंकाई बैटर

## अफगानिस्तान को 42 रन से हराया, नबी–ओमरजई के बीच 242 रन की साझेदारी से रोमांच बढ़ा

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** श्रीलंका ने अफगानिस्तान को तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 46 रन से हरा दिया पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को अफगानिस्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका ने बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 3 विकेट पर 381 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में अफगानिस्तान 50 ओवर में 6 विकेट पर 339 रन ही बना सका। श्रीलंकाई बल्लेबाज पथुम निसांका ने नाबाद 210 रन की पारी खेली। वे वनडे क्रिकेट में श्रीलंका के हाईएस्ट स्कोरर बन गए। निसांका ने दिग्गज बल्लेबाज सनथ जयसूर्या (189 रन) का रिकार्ड तोड़ा। वहीं, दूसरी पारी में मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच हुई 242 रन की साझेदारी ने मैच में रोमांच पैदा कर दिया। हालांकि, अफगानिस्तान मैच जीत नहीं सका।




**निसांका की पारी में 20 चौके और 8 छक्के** – श्रीलंकाई टीम से ओपन करने उतरे पथुम निसांका ने अपनी पारी के दौरान 139 बॉल का सामना किया। उनके बैट से 20 चौके और 8 छक्के निकले। उन्होंने 151.07 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

**अफगानिस्तान का टॉप ऑर्डर फेल** – पहाड़ जैसे लक्ष्या का सामना करने उतरी अफगान टीम का टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया। ओपनिंग करने उतरे गुरबाज 1 रन, इब्राहिम जादरान 4 रन, रहमत शाह 7 रन, और कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी 7 रन बना कर आउट हो गए। एक समह श्रीलंका का स्कोर 27/4 हो गया था।

**नबी और ओमरजई ने दी उम्मीद** – 27 रन पर 4 विकेट होने के बाद मोहम्मद नबी आए और सेट होना शुरू किया। उनके साथ बल्लेबाजी कर रहे गुलबदीन नईब भी 16 रन बना कर पवेलियन लौट गए। स्कोर 55/5 हो चुका था। .यहां से लगा की अफगानिस्तान मैच बुरी तरह हारेगा, लेकिन नबी का साथ अजमतुल्लाह ओमरजई देने आए। दोनों लंबे समय तक टिके रहे और यहां से मैच रोमांचक हो गया। दोनों ने साथ 242 रन जोड़े। इस दौरान दोनों ने शतक भी लगाए। जल्द ही 297 के स्कोर पर नबी का विकेट गिर गया। वे 136 रन बना कर आउट हो गए। एक छोर पर ओमरजई पर प्रेशर बढ़ा और टीम 50 ओवर रहते चेज करने में नाकाम रही। ओमरजई 149 रन और इकरम अलिखिल 10 रन बना कर नाबाद रहें।

# मोहम्मद शमी अयोध्या मुद्दे पर बोले- जय श्री राम कहने में क्या दिक्कत है




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अगर मंदिर बना है तो 'जय श्री राम' का नारा लगाने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर वो चाहें तो खुशी से 'अल्लाहु अकबर' भी कह सकते हैं। हाल ही में अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन समारोह हुआ था जिस दौरान पूरे देश में दीपमाला की गई थी। शमी से कार्यक्रम के दौरान भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने को लेकर सवाल किया गया था।

सवाल का जवाब देते हुए शमी ने कहा कि हर धर्म में 5 से 10 लोग ऐसे मिल जाएंगे, जो सामने वाले को पसंद नहीं करते हैं। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। जैसे सजदा वाला बात आई थी। जैसे कि आज आपका मंदिर बन रहा है तो जय श्री राम कहने में क्या दिक्कत है? 1000 बार बोले ना। अगर मैं अल्लाहु अकबर कहना चाहता हूं तो मैं इसे 1,000 बार कहूंगा... इसमें क्या फर्क पड़ता है? इसमें किसी का कुछ जाता नहीं है। इसमें किसी का कुछ आता नहीं है। लेकिन जो गेम खेल सकता है वो खेल सकता है।

# शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान की दोहा में निराशाजनक शुरूआत

**दोहा (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने कमर्शियल बैंक कतर मास्टर्स के पहले दौर में दो ओवर 74 का कार्ड खेलकर निराशाजनक शुरूआत की जिससे वह संयुक्त रूप से 90वें स्थान पर बने हुए हैं। शुभंकर ने 10वें होल में बर्डी से



शुरूआत की लेकिन फिर लगातार 3 बोगी और एक डबल बोगी कर बैठे। फिर वह 2 बर्डी के बावजूद इससे नहीं उबर सके। अन्य भारतीयों में ओम प्रकाश चौहान का डीपी वर्ल्ड टूर के पहले सत्र में जूझना जारी रहा और उन्होंने पहले दौर में तीन बोगी, एक डबल बोगी और एक ट्रिपल बोगी से 8 ओवर 80 का कार्ड बनाया। वह एक भी बर्डी नहीं लगा सके।

# लीडर के तौर पर प्लेयर्स का भरोसा जीतना जरूरी

## धोनी बोले– जब आप प्लेयर्स के वफादार बनेंगे, तब टीम की परफॉर्मेंस बेहतर होगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान एमएस धोनी का कहना है कि लीडर के तौर पर आपको प्लेयर्स की रिस्पेक्ट करना जरूरी है, जब तक आप उन्हें नहीं समझेंगे, तब तक उनका भरोसा जीतना मुश्किल है। सिंगल आईडी कंपनी के एक प्रोग्राम में धोनी ने कहा, प्लेयर्स की रिस्पेक्ट आपकी पोजीशन से नहीं, बल्कि एक्शन से आती है। सम्मान पाने की कोशिश न करें बल्कि इसे अर्जित करें, क्योंकि यह बहुत स्वाभाविक है। एक बार आपमें वह निष्ठा आ गई तो टीम का प्रदर्शन भी वैसा ही होगा।

### कई बार आप खुद पर विश्वास नहीं करते

धोनी ने कहा- मुझे हमेशा लगता था कि लीडर के तौर पर सम्मान अर्जित करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह कुर्सी या पद के साथ नहीं आता है। यह आपके एक्शन के साथ आता है। कभी-कभी, भले ही टीम आप पर विश्वास करती हो, आप वास्तव में पहले व्यक्ति हैं जो खुद पर भरोसा नहीं करेंगे।



**90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी-20 खेले** – धोनी ने भारत के लिए 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी-20 खेले हैं। इनमें उन्होंने 4,876 टेस्ट, 10,773 वनडे और 1,617 टी-20 रन बनाए हैं। धोनी ने आईपीएल में अब तक 190 मैच में 4,432 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में सीएसके ने पांच बार आईपीएल का खिताब जीता है। उन्हीं की कप्तानी में टीम ने 2023 में भी आईपीएल जीता।

### प्लेयर्स की स्ट्रैंथ और वीकनेस जानना जरूरी

धोनी ने कहा - पहला कदम ड्रेसिंग रूम में प्रत्येक खिलाड़ी की ताकत और कमजोरी को समझना है। कुछ लोगों को दबाव पसंद होता है और कुछ लोगों को दबाव पसंद नहीं होता। एक बार जब आप ऐसा कर लेते हैं, तो आप किसी खिलाड़ी की कमजोरी पर काम करना शुरू कर देंगे, बिना उसे बताए कि यह उसकी कमजोरी है।

यह एक खिलाड़ी को कॉन्फिडेंट रखता है और खिलाड़ी को खुद पर संदेह करने से रोकता है। वे यह देखना पसंद करते हैं कि यह कैसे काम करता है। कप्तान या कोच का काम यह पता लगाना है कि किसके लिए क्या काम कर रहा है।

# पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी पर फ्रेंचाइजी लीग ऑर्गनाइजर्स का विरोध



- बोले– 2025 में टूर्नामेंट के साथ टी–20 लीग कराना मुश्किल, शेड्यूल चेंज करे आईसीसी

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान में 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी कराने पर अब फ्रेंचाइजी लीग के ऑर्गनाइजर्स ने भी विरोध करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि फरवरी-मार्च में टी-20 लीग भी होती हैं। अगर आईसीसी टूर्नामेंट हुआ तो खिलाड़ी उनकी लीग में नहीं खेलेंगे, इसलिए आईसीसी को अपने शेड्यूल में बदलाव करने चाहिए।

चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी और मार्च के दौरान होगी, इस दौरान 4 देशों की टी-20 लीग भी चलती हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने भी पाकिस्तान में अपनी टीम भेजने का विरोध किया था। बोर्ड ने कहा है कि टीम इंडिया पाकिस्तान में किसी भी तरह के क्रिकेट मैच खेलने नहीं जाएगी।

**फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू हो सकता है टूर्नामेंट** – मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी के पहले सप्ताह में ही शुरू होनी है। 8 टीमों के बीच 15 मुकाबलों का टूर्नामेंट मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगा। टूर्नामेंट शुरू होने के दौरान यूएई की आईएलटी 20, बांग्लादेश की बीपीएल और साउथ अफ्रीका की ҭ20 लीग भी चलेंगी।

वहीं फरवरी के आखिर में ही पाकिस्तान की अपनी ही फ्रेंचाइजी लीग पाकिस्तान सुपर लीग भी खेली जाती है। ऐसे में इन 4 लीग के ऑर्गनाइजर्स को चैंपियंस ट्रॉफी के शेड्यूल से सबसे ज्यादा दिक्कतें हैं।

**आईएलटी 20 ऑर्गनाइजर्स की आईसीसी से मांग** – यूएई का आईएलटी 20 टूर्नामेंट इस सीजन 19 जनवरी से शुरू होकर 17 फरवरी तक चलेगा। 2025 में भी टूर्नामेंट साल के शुरुआती 2 महीनों में ही होगा। ऐसे में आईएलटी 20 ऑफिशियल्स ने बताया, 'हमें लिमिटेड विंडो में काम करना होगा।' अब तक बाकी 2 सीजन का शेड्यूल घोषित नहीं हुआ है लेकिन ऑफिशियल्स ने कहा कि अगर आईसीसी ने शेड्यूल चेंज नहीं किया तो उन्हें जनवरी में ही टूर्नामेंट खत्म करना होगा।

### आईपीएल से क्लैश कर सकता है पीएसएल

पाकिस्तान में पीएसएल इस बार 17 फरवरी से शुरू हो कर 18 मार्च तक चलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी में आमतौर पर 20 दिन तक मुकाबले होते हैं। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पीएसएल शुरू करने के लिए मार्च का ही समय मिलेगा। अगर टूर्नामेंट इस दौरान शुरू हुआ तो यह भारत के आईपीएल से क्लैश करेगा, क्योंकि आईपीएल मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू हो जाता है।

# नोएडा एयरपोर्ट के लिए 2053 जमीन का होगा अधिग्रहण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेवर एयरपोर्ट परियोजना के तीसरे-चौथे चरण की अधिग्रहीत की जाने वाली 2053 हेक्टेयर जमीन के लिए किए गए सोशल इंपैक्ट असेसमेंट की रिपोर्ट को मंजूरी मिल गई। इस चरण में छह गांवों के करीब 8600 परिवार विस्थापित होंगे। अब यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। शासन की मुहर के बाद अगली कार्रवाई शुरू की जाएगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर परियोजना के तीसरे-चौथे चरण के लिए 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। इसमें करीब 1888 हेक्टेयर जमीन किसानों की है और 165 हेक्टेयर जमीन सरकारी है। अधिग्रहण में करीब 6300 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अधिग्रहण इसके लिए सोशल इंपैक्ट असेसमेंट (एसआईए) किया गया। यह काम गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने किया।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार मिश्रा की अगुवाई में यह रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट को लेकर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ समूह की बैठक चेयरपरसन डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्वत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रिपोर्ट के सभी



बिंदुओं पर चर्चा की गई। अब यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। शासन की मुहर लगने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

तीसरे-चौथे चरण में 14 गांवों की जमीन खरीदी जानी है। इसमें करीब 12 हजार परिवार प्रभावित होंगे। जबकि 8600 परिवारों को विस्थापित होना पड़ेगा। ये विस्थापन थोरा, रामनेर, नीमका शाहजहांपुर, ख्वाजपुर, किशोरपुर व बनवारीवास में होना है। इन गांवों में 6258 निर्माण हैं, जो हटाने पड़ेंगे। इसमें 5524 स्थायी निर्माण है। 407 उप स्थायी निर्माण, 198 अस्थाई निर्माण और 129 अन्य निर्माण हैं। इन सबको भी हटाना पड़ेगा।

एसआईए के नोडल अफसर डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट परियोजना के तीसरे-चौथे चरण की अधिग्रहीत की जाने वाली 2053 हेक्टेयर जमीन के लिए सोशल इंपैक्ट असेसमेंट पूरा हो गया।

## जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा और मुंबई रेलमार्ग से जोड़ने का काम तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अन्य शहरों की मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को लेकर शुक्रवार को एयरपोर्ट साइट पर मंथन किया गया। उत्तर मध्य रेलवे ने बताया कि जेवर को दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से जोड़ने की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार हो गई है। इसकी डीपीआर पर काम चल रहा है।

एयरपोर्ट की मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को लेकर शुक्रवार को एयरपोर्ट साइट पर बैठक हुई। प्रदेश के सिविल एविएशन के निदेशक कुमार हर्ष और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया की अगुवाई में हुई बैठक में सभी एजेंसियों ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। नोएडा एयरपोर्ट को रेलमार्ग से जोड़ा जाना है ताकि एयर कार्गो को फायदा मिल सके। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारिओं ने चोला (दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग) से जेवर एयरपोर्ट और जेवर एयरपोर्ट से रुंधी रेलवे स्टेशन (दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर) को जोड़ने के संबंध रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिकारियों ने बताया कि इसकी डीपीआर बन रही है। एलाइनमेंट का काम लगभग पूरा हो गया है। जेवर में रेलवे स्टेशन भी बन सकता है। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन के रूट को लेकर एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने अपनी प्रगति बताई। इसके लिए एनसीआरटीसी डीपीआर बना रहा है। बैठक में एनएचएआई के अधिकारिओं ने एयरपोर्ट के लिए बनाए जा रहे इंटरचेंज को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह इंटरचेंज यमुना एक्सप्रेसवे के 32वें किलोमीटर के पास बनाया जा रहा है। इसके अलावा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति से अवगत कराया। उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने बसों से विभिन्न स्थानों को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए अपनी योजना से अवगत कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े अब नई मुसीबत में फंसे

**मुंबई एजेंसी।** मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े अब नई मुसीबत में फंस गए हैं। ईडी ने आज उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। ईडी ने समीर वानखेड़े के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच शुरू कर दी है और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के तीन अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। पिछले साल, सीबीआई ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को ड्रग्स-ऑन-क्राइम मामले में फंसाने के लिए कथित तौर पर 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के लिए वानखेड़े पर मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने कहा कि यह सौदा 18 करोड़ रुपये में पूरा हुआ, साथ ही यह भी कहा कि वानखड़े की संपत्ति उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से ज्यादा थीं। समीर वानखेड़े और अन्य एनसीबी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के अन्य आरोप भी प्रक्रिया में थे। एफआईआर कॉपी में कहा गया है कि वह अपनी विदेश यात्रा के दौरान किए गए खर्चों को उचित नहीं ठहरा पाए। दूसरी ओर वानखेड़े ने आरोप लगाया है कि उन्हें देशभक्त होने की सजा दी जा रही है। वानखेड़े ने कॉर्डेलिया क्रूज पर छापा मारा और कथित ड्रग मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया।

### चंदा कोचर के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वीडियोकॉन ऋण धोखाधड़ी मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रमुख चंदा कोचर को बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ को कोचर दंपती की ओर से पेश वकील ने अवगत कराया कि सीबीआई द्वारा दायर अपील निरर्थक हो गई है, क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को 2023 के अंतरिम जमानत आदेश की पुष्टि की है। एजेंसी ने कोर्ट से एक सप्ताह का मांगा समय कोचर के वकील ने कहा कि जिस अंतरिम आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, उसकी बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुष्टि कर दी है। जवाब में केंद्रीय जांच एजेंसी ने हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के सत्यापन के लिए एक सप्ताह की अवधि मांगी। छह फरवरी को सुनाए गए फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई और नितिन आर बोरकर की खंडपीठ ने पिछले साल जनवरी में पारित अंतरिम जमानत आदेश की पुष्टि की।


### बंगाल में महिला कैदियों के गर्भवती होने पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए सहमति व्यक्त करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं।

### तीन स्वर्णिम चतुर्भुज मार्गों पर हो रहा व्यवहार्यता अध्ययन, रेल मंत्री वैष्णव ने बोले- डीपीआर तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के विकास के लिए तीन स्वर्णिम चतुर्भुज मार्गों, दिल्ली-कोलकाता, दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-चेन्नई पर व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है। रेलवे ने दिल्ली-वाराणसी, दिल्ली-अहमदाबाद, दिल्ली-चंडीगढ़-अमृतसर समेत सात मार्गों पर हाई स्पीड रेल (एचएसआर) कॉरिडोर बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने द्रमुक सांसद पी. विल्सन के सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन में बताया कि किसी भी एचएसआर कारिडोर अथवा परियोजना को मंजूरी देने का निर्णय डीपीआर के नतीजों, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता और वित्तपोषण जैसे घटकों पर निर्भर है।

# दिल्ली में तेजी से बढ़ रहा तापमान, लेकिन बारिश बढ़ाएगी टेंशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अभी सुबह और शाम की ठंड बनी रहेगी। जबकि, दिन भर खिली रहने वाली तेज धूप के चलते तापमान में इजाफा होगा। शुक्रवार को भी दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे रिकार्ड किया गया। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्का कोहरा देखने को मिला। लेकिन, दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा साफ हो गया। सुबह आठ बजे के बाद खिली हुई धूप निकल आई। दिन के समय भी तेज धूप निकली रही। इसके चलते दिन के अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ। सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो कि सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है।

जबकि, न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से तीन डिग्री कम है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 84 से 29 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन भर खिली धूप के चलते अगले तीन दिनों में दिन के तापमान में इजाफा होगा। जबकि, आसमान साफ रहने के चलते न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान आमतौर पर दस डिग्री से नीचे ही रहने का अनुमान है। इसके चलते सुबह-शाम की ठंड बनी रहेगी।

मौसम विभाग के लोधी रोड और जफरपुर केन्द्र शुक्रवार की सुबह सबसे ज्यादा ठंडे रहे। लोधी रोड का न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस और जफरपुर का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली के मौसम पर देखने को मिल सकता है। इसके चलते खासतौर पर 14 तारीख को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके चलते भी अभी तापमान में बहुत तेजी से इजाफा नहीं होगा। वहीं, बीते दो दिन चली तेज हवाओं और तेज धूप के चलते दिल्ली की हवा साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 145 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है।

# गोकुलपुरी मेट्रो हादसे से सबक, पिंक लाइन स्टेशनों की दीवारों की होगी जांच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार को हुए हादसे के बाद पिंक लाइन पर बनी पूरी दीवार (चारदीवारी) का निरीक्षण किया जाएगा। अगर कहीं भी दीवार कमजोर मिली तो उसकी मरम्मत की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर नई दीवार बनाई जाएगी। यह निर्णय प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में लिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के मुख्य प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार, गोकुलपुरी हादसे को लेकर प्रबंध निदेशक ने विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की है। इसमें यह तय किया गया है कि पिंक मेट्रो लाइन के एलिवेटिड हिस्से का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो। प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए हैं कि आवश्यकता पड़ने पर मरम्मत कार्य किया जाए। इस दौरान यह भी ध्यान रखा जाएगा कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा के सभी उपाय करने के निर्देश दिए हैं। डीएमआरसी द्वारा अपने स्तर पर मामले की छानबीन की जा रही है। प्रबंध निदेशक गुरुवार शाम घटनास्थल पर पहुंचे और वहां का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस हादसे को लेकर जानकारी हासिल की। मजलिस पार्क से शिव विहार के बीच बनी पिंक लाइन मेट्रो की कुल लंबाई लगभग 59 किलोमीटर है। इस पर कुल 38 स्टेशन हैं, जिनमें से 26 एलिवेटिड और 12 भूमिगत हैं।

डीएमआरसी सूत्रों ने बताया कि मेट्रो में सफर के दौरान किसी प्रकार का हादसा न हो, इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें निर्माण के अलावा ट्रैक, सिग्नल, रॉलिंग स्टॉक आदि विभाग भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि समय-समय पर उनके द्वारा पूर्व में भी निरीक्षण होते रहे हैं, लेकिन इस हादसे के बाद उन्हें बारीकी से सभी लाइनों पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त जनक गर्ग ने शुक्रवार से जांच शुरू कर दी है। उन्होंने जनता से अपील की है कि अगर किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी या साक्ष्य हो तो वह शनिवार सुबह 11 बजे के बाद बाराखंभा रोड स्थित मेट्रो भवन के सम्मेलन कक्ष में दे सकता है। सूत्रों ने बताया कि डीएमआरसी द्वारा अभी तक मेट्रो के तीन फेज में निर्माण कार्य किया गया है। इसमें पहले और दूसरे फेज में मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान अतिरिक्त मजबूती दी गई थी। तीसरे फेज के निर्माण कार्य में भी पूरी मजबूती रखी गई है, लेकिन पहले और दूसरे फेज से अगर मुकाबला किया जाए तो मेट्रो का तीसरा फेज उनसे हल्का है।

# अमेरिका में भारतीय शख्स की मौत, सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात; पुलिस ने जनता से मांगी मदद

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका से एक और हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल, वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण एक हमला कर दिया गया, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है। जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा।

बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे।

### अब तक चार भारतीयों की मौत

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है। एमपीडी ने उस व्यक्ति को इनाम देने का भी दावा किया है, जो आरोपी की जानकारी देगा। बता दें कि इस साल अमेरिका में चार अन्य भारतीय मूल के छात्रों की मौत की खबर है।

# अमेरिका की पहल पर इजरायल से समझौता करेंगे मुस्लिम देश ! सऊदी ने बुला ली 4 अरब देशों की मीटिंग

**न्यूयार्क , एजेंसी।** अमेरिका की पहल पर इजरायल से समझौता करने को लेकर मुस्लिम देश तैयार होते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के दौरे के बाद सऊदी अरब ने गाजा पर बातचीत के लिए अरब राजनयिकों की मेजबानी की। रिपोर्ट के अनुसार, इस चर्चा के दौरान मध्य-पूर्वी 4 शीर्ष राजनयिकों ने फिलिस्तीन की मान्यता को बनाए रखने के लिए कदम उठाने की बात दोहराई। यह बैठक गुरुवार को आयोजित की गई जो कि ब्लिंकन के मिडिल ईस्ट के दौरे के बाद हुई। गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद यह मध्य-पूर्व का उनका 5वां दौरा था। मीटिंग में मिस्र, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। साथ ही एक सीनियर फिलिस्तीनी अधिकारी भी मौजूद रहे। मुस्लिम देशों की बैठक में मंत्रियों ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने, तुरंत सीजफायर लगाने, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मानवीय सहायता में बाधा डालने वाले



प्रतिबंधों को हटाने पर जोर दिया। मालूम हो कि गाजा संकट पर चर्चा के लिए जो बाइडन अगले सप्ताह जॉर्डन के राजा की मेजबानी करने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति गाजा पर इजरायली बमबारी का हल निकालने के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन में जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से मिलेंगे। दोनों नेता गाजा में मौजूदा स्थिति और संकट के स्थायी समाधान के प्रयासों पर चर्चा करेंगे। इस बीच, गाजा पट्टी के राफा में इजरायली हवाई हमलों में 13 लोग मारे गए। राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने कहा कि वह युद्ध में संघर्ष विराम के लिए इजराइल और हमास पर लगातार दबाव डालने का काम कर रहा है। गाजा पट्टी की आधी से अधिक आबादी राफा में आ गई है जो मिस्र से लगता एक शहर है। इसकी ज्यादातर सीमा प्रतिबंधित है और मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए मुख्य प्रवेश बिंदु है। मिस्र ने चेतावनी दी कि यहां कोई भी जमीनी कार्रवाई या सीमा पार बड़े पैमाने पर विस्थापन की घटना इजरायल के साथ उसकी 40 साल पुरानी शांति संधि को कमजोर कर देगी। इजराइल के 4 महीने से जारी हवाई और जमीनी हमलों में 27,000 से अधिक फलस्तीनी लोग मारे गए। इजराइल के हमलों ने अधिकांश लोगों को उनके घरों को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। एक चौथाई आबादी को भुखमरी की ओर धकेल दिया है।

# प्याज को लेकर बवाल ! बुजुर्ग ने किया गर्लफ्रेंड का मर्डर; रच डाली अनोखी कहानी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** प्याज काटने के तरीके को लेकर हुए बवाल में एक महिला की जान चली गई है। यह घटना अमेरिका के इंडियाना राज्य की बताई जा रही है। जहां एक बुजुर्ग शख्स पर अपनी गर्लफ्रेंड को मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर बुजुर्ग गलत तरीके से प्याज काट रहा था, यह देख उसका प्रेमी हाथ में चाकू लेकर बुजुर्ग की ओर दौड़ा। बुजुर्ग शख्स ने दावा किया कि इस झगड़े के दौरान आत्मरक्षा में जो कदम उठाया उसमें महिला की जान चली गई। हत्या के आरोप में बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद बुजुर्ग ने झूठी कहानी रची। मृतक का नाम मार्सिया लिंक्सी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, चार्ल्स ने खुद ही पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। चार्ल्स ने दावा किया कि वह शनिवार को रसोई में प्याज काट रहा था तभी यह झगड़ा हुआ। चार्ल्स को गलत तरीके से प्याज काटते देख मार्सिया क्रोधित हो गई। वह हाथ में चाकू लेकर चार्ल्स की ओर बढ़ी। चार्ल्स ने कहा कि उसने खुद को बचाने के लिए मार्सिया के हाथ से चाकू छीन लिया। लेकिन चार्ल्स को याद नहीं कि उसके बाद क्या हुआ। उसने पुलिस से दावा किया कि उसने आत्मरक्षा में मार्सिया को चाकू मारा। चार्ल्स का फोन आने के बाद पुलिस तुरंत



मौके पर पहुंची। पुलिस को मार्सिया का शव रसोई में पीठ के बल पड़ा हुआ मिला। पुलिस को किचन की तलाशी लेने पर कटे हुए प्याज का कोई हिस्सा नहीं मिला। उन्होंने दावा किया कि रसोई में सिर्फ प्याज के छिलके थे। खून से सना चाकू भी शव के बगल में इस तरह रखा गया था कि ऐसा लग रहा था जैसे इसे बाद में व्यवस्थित किया गया हो। पुलिस को मार्सिया के सिर और गर्दन पर चोटें नजर आईं। पुलिस को संदेह है कि मार्सिया की मौत के पीछे चार्ल्स का हाथ है। सजा से बचने के लिए वह पुलिस से झूठ बोल रहा है। पुलिस अभी महिला की मौत के कारणों की जांच कर रही है।

## हिजबुल्ला का समर्थन जारी रखेगा ईरान, विदेश मंत्री हसन नसरल्लाह से करेंगे मुलाकात

**बेरुत, एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमीर अब्दुल्लाहैन ने शुक्रवार को बेरुत पहुंचने के बाद आतंकी समूह हिजबुल्ला को समर्थन जारी रखने पर जोर दिया। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि लेबनान की सुरक्षा से ईरान और पड़ोसी क्षेत्र प्रभावित होता है। ईरान के विदेश मंत्री लेबनान के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और हिजबुल्ला के अगुआ सैयद हसन नसरल्लाह के साथ वार्ता करेंगे। हुसैन का लेबनान के हिजबुल्ला के साथ ही आतंकी समूह हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जेहाद के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। आतंकी समूहों के मुख्य समर्थक ईरान ने अमेरिका से इजरायल पर गाजा पट्टी में अपना आक्रमण रोकने का दबाव डालने का आह्वान किया है। 17 वर्ष तक अपेक्षाकृत शांति बरतने के बाद आठ अक्टूबर को हिजबुल्ला ने इजरायल के साथ ही लेबनान सीमा पर हमले शुरू कर दिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129